आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 145, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला 14
टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना 13

बनी कान्हा की दुल्हनिया...

‹‹ हल्द्वानी के उदय लालपुर इलाके के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-1 में गुरुवार को हर्षिका ने प्रभु श्रीकृष्ण से विवाह रचाया। विवाह समारोह के करीब 250 लोग साक्षी बने। मंत्रोच्चारण के बीच हर्षिका ने श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात फेरे लिए और उन्हें वरमाला पहनाकर अपनी मांग में श्रीकृष्ण के नाम का सिंदूर भरा। इस अनोखे विवाह कार्यक्रम की सूचना जिसे भी मिली वह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच गया। लोगों ने हर्षिका को उपहार देकर नवदांपत्य जीवन की बधाई दी।

बाढ़ से बेघर लोगों को मिलेगा सरकारी योजना में मकान

जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार बाढ़ की चपेट में आकर बेघर हुए परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से स्पष्ट कहा है कि, इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जिनके भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएं।

बाढ़ में फंसे लोगों की सटीक सूचना देकर जान बचाने वाली रेखा देवी को प्रशस्ति-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में 7 जुलाई को बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाकर सुरक्षित निकालने वाले पीएसी के पांच जवानों समेत सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सही समय पर सटीक सूचना देने वाली रेखा देवी और फ्लड पीएसी के जवान के लिए गाइड की भूमिका निभाने वाले राम उजागर समेत पीएसी के पांच जवान सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार यादव और मनोज कुमार ने साहस दिखाया था। इन सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे।

योगी ने अलग-अलग जिलों में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा है कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, वज्रपात समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है।

लापरवाह 10 अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना समय उपलब्ध न कराने एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए पांचों जिलों के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ को दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

पढ़ते रहिये
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

एक नजर

इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में दो महिला नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर कुल 16 लाख रुपये का इनाम है। ये दोनों सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ में शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया आत्मसमर्पण करने वाली दोनों नक्सलियों की पहचान प्रमिला सुखराम बोगा ऊर्फ मंजुबाई (36) तथा अखिला शंकर पुडो ऊर्फ रत्नमाला (34) के तौर पर की गई है।

जवान को थप्पड़ मारने वाली महिला गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच में तैनात सीआईएसएफ के एक जवान को थप्पड़ मारने के आरोप में एक विमानन कंपनी के चालक दल में शामिल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह जयपुर हवाई अड्डे पर हुई।

अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में मिलेगा 10 प्रतिशत आरक्षण

सीआईएसएफ-बीएसएफ की भर्तियों के लिए सरकार का फैसला

भर्तियों में आयु सीमा के साथ शारीरिक परीक्षा में भी मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष की अग्निवीर योजना को रद्द किए जाने की मांग के बीच सरकार ने कहा है कि सेवा निवृत्त अग्निवीरों के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे, साथ ही उन्हें शारीरिक जांच और उम्र में भी छूट दी जाएगी।

सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि बल ने सेवानिवृत्त अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अग्निवीरों के लिए बल में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षण और आयु में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच के अग्निवीरों को पांच वर्ष की और इसके बाद के बैच को उम्र में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों बल यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृत्त अग्निवीरों को भर्ती में इन छूट का अधिक से अधिक लाभ मिले। अधिकारियों ने कहा कि सेनाओं में प्रशिक्षित अग्निवीर मिलने से दोनों बलों की क्षमता और दक्षता बढ़ेगी।

सीआईएसएफ और बीएसएफ के प्रमुखों ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना, नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है।

सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा कि भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व

- आयु सीमा में पहले साल पांच वर्ष, उसके बाद तीन वर्ष की दी जाएगी छूट

अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि शारीरिक परीक्षा में भी उन्हें छूट दी जाएगी।

इसके अलावा आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच वर्ष की होगी और उसके बाद के वर्ष में आयु में छूट तीन वर्ष की होगी। सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे और सीआईएसएफ यह सुनिश्चित करेगा। यह सीआईएसएफ के लिए भी लाभकारी होगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे।

सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत जून, 2022 में की थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।

पेट में छिपाकर ला रही थी 7 करोड़ रुपये की कोकीन

नई दिल्ली। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लाई थी। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के मुताबिक महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि एक महिला यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से 8 अंडाकार कैप्सूल मिले। उसने बताया कि पेट में मादक पदार्थ छिपाया है। यात्री को चिकित्सा प्रक्रिया से मादक पदार्थ निकालने के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। जहां महिला के पेट से मादक पदार्थ से भरे 34 कैप्सूल निकाले गए। जिसमें कुल 515 ग्राम कोकीन छिपाई गई थी जिसकी कीमत 7.04 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और कोकीन जब्त कर ली गयी है। एक अन्य मामले में एक भारतीय को 1.2 करोड़ रुपये के चरस की तस्करी के आरोप में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है।

- दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ी गई अंगोला की महिला

सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी पर सुनवाई 18 तक टली

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा रद्द कर नए सिरे से कराने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद्द कर नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को कहा कि कुछ याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। जिसके चलते अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे।

एक और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई शुरू होने के बाद से फरार एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

शिक्षा मंत्री ने की नीट-यूजी प्रतिभागियों से मुलाकात

नई दिल्ली। चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को अपने आवास पर कुछ अभ्यर्थियों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, छात्रों ने मई में आयोजित परीक्षा के भविष्य पर व्याप्त अनिश्चितता, काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी और अंततः शैक्षणिक कैलेंडर जैसे मुद्दे उठाए।

केरल हाईकोर्ट का फैसला : लिव इन में पति की क्रूरता का अपराध लागू नहीं होता

कोच्चि, एजेंसी

- सहजीवन में युगल की शादी नहीं होती तो पुरुष पति शब्द के दायरे में नहीं आता

केरल हाईकोर्ट ने एक हालिया फैसले में कहा कि सहजीवन (लिव इन) संबंधों के मामले में किसी महिला के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता का दंडात्मक प्रावधान लागू नहीं होता। हाईकोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी महिला के साथ क्रूरता किए जाने पर सजा का प्रावधान करती है और चूंकि सहजीवन में रहने वाले युगल की शादी नहीं होती, इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा।

न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने 8 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि इस प्रकार विवाह वह घटक है जो महिला के साथी को उसके पति की स्थिति तक ले जाता है। कानून की नजर में शादी का मतलब शादी है। इस प्रकार, कानूनी विवाह के बिना, यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है, तो वह भादंसं की धारा 498ए के प्रयोजन के लिए 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा।

यह आदेश एक व्यक्ति की उस याचिका पर आया जिसमें भादंसं की धारा 498ए के तहत उसके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को रद्द करने का आग्रह किया गया था। अपने खिलाफ मामले को रद्द करने का आग्रह करते हुए व्यक्ति ने दलील दी कि वह शिकायतकर्ता महिला के साथ सहजीवन संबंध में था और उनके बीच कोई कानूनी विवाह नहीं हुआ तथा इसलिए भादंसं की धारा 498ए के तहत अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता से सहमति जताते हुए कहा कि चूंकि उसका महिला से विवाह नहीं हुआ है, इसलिए वह भादंसं की धारा 498ए में दी गई 'पति' की परिभाषा के दायरे में नहीं आएगा।

आरोपी के पास नहीं था पासपोर्ट कोर्ट ने दिया जमा करने का आदेश

मुंबई। गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को जमानत देते हुए शर्त लगाई कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए, लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के आदेश पर बंबई हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की जमानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने एक अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

- बंबई हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर जताई हैरानी

राज्य के सात जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार: मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने शुक्रवार को राज्य के सात जिलों में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और पांच जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और चम्पावत जिलों में शुक्रवार को बहुत भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। साथ ही अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी है। गुरुवार को राज्य में देवीधूरा में 7.5 मिमी, चमोली में सात मिमी, खानपुर में चार मिमी और जखोली में 4.5 मिमी बारिश हुई। देहरादून में अधिकतम 33.6 और हल्द्वानी में 35.1 डिग्री रहा है।

नौ महीने बाद मिला हिमस्खलन की चपेट में आए हवलदार का शव

ब्यूरो, देहरादून

- एचएडब्ल्यूएस गुलमर्ग की टीम ने माउंट कुन के बर्फीले पहाड़ों से बरामद किया

अमृत विचार : फर्स्ट गोरखा राइफल्स के हवलदार ठाकुर बहादुर आले मगर का शव नौ महीने की साहसिक खोज के बाद बरामद हुआ है। एचएडब्ल्यूएस गुलमर्ग की टीम ने उनका शव माउंट कुन के बर्फीले पहाड़ों से बरामद किया है। हवलदार के पार्थिव शरीर को देहरादून स्थित उनकी यूनिट में लाया गया, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

हवलदार ठाकुर बहादुर आले मगर 8 अक्टूबर, 2023 को माउंट कुन के लिए एक पर्वतारोहण अभियान के दौरान चार-सदस्यीय रूट ओपनिंग पार्टी का हिस्सा थे। अभियान के दौरान वह एक हिमस्खलन की चपेट में आ गए। आखिरकार, हाई एल्टिट्यूड वारफेयर स्कूल गुलमर्ग (एचएडब्ल्यूएस) की टीम ने हवलदार ठाकुर बहादुर आले मगर और अन्य सैनिकों के पार्थिव शरीर को बरामद कर लिया गया।

हवलदार ठाकुर बहादुर आले के पार्थिव शरीर को देहरादून लाया गया। जहां उनकी यूनिट द्वारा पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। हवलदार ठाकुर बहादुर आले मगर बेहतरीन पर्वतारोही थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया था, जिसमें उन्होंने 02 स्वर्ण पदक, 01 रजत पदक और 02 कांस्य पदक जीते थे।

कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों के घर ईडी ने की छापेमारी

मैसूर, एजेंसी

- वाल्मीकि कॉर्पोरेशन स्कैम मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम से जुड़े कथित अवैध धन हस्तांतरण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व आदिवासी कल्याण एवं खेल मंत्री बी. नागेंद्र और रायचूर ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक बी. दद्दाल के परिसरों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के करीब 20 स्थानों पर छापे मारे। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा कि ईडी की छापों की जरूरत नहीं है क्योंकि एसआईटी पहले ही छापेमारी कर चुकी है और कुछ पैसा बरामद कर चुकी है। शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने खुद जांच एसआईटी को सौंप दी है। निगम से संबंधित अवैध धन हस्तांतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब इसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि सरकारी निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया।

पुराने कानूनों के तहत दाखिल हो सकते हैं नए मामले

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि नए मामले पुराने कानूनों के तहत दाखिल किए जा सकते हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा कि नए मामले/आवेदन उच्च न्यायालय में नए बने कानूनों के तहत भी या निरस्त किए पुराने कानूनों (भारतीय दंड संहिता, कानून प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट) के तहत भी दाखिल किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 एक जुलाई से लागू हो चुके हैं।

अभियान-दर-अभियान, हादसों में गंवाते नाबालिग जान

बढ़ता जा रहा मौतों का ग्राफ : बीते वर्ष बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते 5,758 लोगों की गई जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : आमजन को लगातार पढ़ाया जाता यातायात नियमों का पाठ, जागरूकता कार्यक्रमों की होड़, आए दिन चलाए जाते अभियान और व्यय होती सड़क सुरक्षा की धनराशि के बाद भी आंकड़ों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है।

प्रदेश के बीते कैलेंडर वर्ष 2023 का जो आंकड़ा आया है वह चौंकाने वाला है। यूपी में हादसों के दौरान बीते वर्ष 23,652 लोगों की जान गई। इनमें दस से 15 साल की उम्र के लोग ज्यादा हैं। दस साल तक की उम्र के जहां 4,328 लोग तो 15 साल की उम्र वाले 3,648 लोग असमय हादसों में काल कवलित हुए। गौर करने की बात यह है कि इनमें बिना हेलमेट लगाए 5,758 लोगों की मौत हुई। वाहनों से हुई दुर्घटनाओं पर नजर डाली जाए तो सबसे ज्यादा मौत टू-व्हीलर दौड़ाने वालों की हुई है। साल 2023 में हादसों के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा 23,652 था। इनमें सर्वाधिक 7,397 मौतें दोपहिया वाहनों से हुई हैं। करीब 6,292 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हादसे रोकने को सड़क सुरक्षा में जुटे विभाग

सड़क हादसों को रोकने के लिए साल 2015 में रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की गई थी। इनमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया। मंशा रही कि सभी विभाग जब एक साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे तो दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आएगी।

- बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों की संख्या भी कम नहीं
- सड़क हादसों के दौरान बिना हेलमेट लगाए हुई 5,758 मौतें
- बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया चलाने वालों की 3,476 मौतें
- ओवरस्पीडिंग से होने वाली मौत सबसे ज्यादा
- फर्राटा भरने वाले बीते साल गई लोगों की जान- 8,726
- नंबर दो पर रांग साइड गाड़ी चलाने वालों मृत्यु- 2,920
- ड्रंकन ड्राइविंग में हादसों के दौरान हुई मौत-1,822

‘ बीते साल के आंकड़े चिंता को बढ़ाने वाले हैं। हादसों के सभी कारणों पर उच्चाधिकारी मंथन कर ठोस पहल कर रहे हैं। इसमें डीएल, वाहन की फिटनेस, ब्लैक स्पॉट्स, खराब सड़क समेत सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। नाबालिगों के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। जुर्माने की राशि दर्ज की है। अभिभावकों और स्कूलों को भी जवाबदेह बनाया जा रहा है। पैरेंट्स को भी सोचना होगा कि वह नाबालिग के हाथ वाहन न दें।
-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त

सार-संक्षेप

जंगलियागांव मोटर मार्ग पर गिरा मलबा। ● अमृत विचार

जंगलियागांव मोटर मार्ग पर गिरा मलबा

भीमताल : जंगलिया गांव मोटर मार्ग पर पिछले दो दिनों से लगातार मलबा गिरने का सिलसिला जारी है जिससे लोगों के आवागमन में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। इस संबंध में ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने लोक निर्माण विभाग को सूचना दी। उनकी ओर से इस मोटर मार्ग की सुरक्षा और मरम्मत के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि आगामी 20 जुलाई को क्षेत्र पंचायत की बैठक में मामला जोर शोर से उठाया जाएगा। अस्थाई तौर पर मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया गया है, लेकिन जान का खतरा बरकरार है। ग्राम प्रधान ने ग्राम वासियों से मार्ग से गुजरते समय सावधानी बरतने की अपील की।

हरेला मेला समिति करेगी पौधरोपण

भीमताल : भीमताल में नवगठित हरेला मेला वृक्षारोपण समिति इस बार हरेले मेले में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी। मामले की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष दिनेश सांगुड़ी ने बताया कि इस बार सात सौ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। वहीं बताया कि इस बार रोपित पौधों की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। वहीं अवगत कराया कि कार्यक्रम को और व्यापक रूप देने के लिए विभिन्न महिला समूहों को भी पौधरोपण कार्यक्रम में जोड़ा जा रहा है।

गधेरे में डूबे फौजी की खोज में उतारा ड्रोन

भीमताल : धारी ब्लॉक के पदमपुरी मार्ग पर स्थित बमेटा गांव के पुल से लगे गधेरे में मंगलवार की शाम नहाते समय डूबे फौजी हिमांशु दफौटिया (25) का गुरुवार को भी पता नहीं चल सका। उपजिलाधिकारी धारी केएन गोस्वामी ने बताया कि खोज में ड्रोन की मदद भी ली गई। उन स्थानों में उड़ाया गया जहां बहाव बहुत तेज था, लेकिन उसमें भी कुछ दिखाई नहीं दिया। सर्च अभियान जारी है। शुक्रवार को भी खोज जारी रहेगी। फौजी की लगातार खोज जारी है।

घोड़ा स्टैंड पर गंदगी पाए जाने पर किया चालान

नैनीताल : नगर में गंदगी करने वालों पर एक फिर से पालिका का डंडा चलने लगा है, जिसके तहत पालिका की टीम हर रोज गंदगी व अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। वहीं ईओ पूजा चंद्रा के निर्देश पर गुरुवार को पालिका की टीम ने नगर के घोड़ा स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में गंदगी करते हुए पाए जाने पर दुकानदारों व अन्य लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर 10 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया। इस दौरान कमल कटियार, शनि, रवि कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

नैनीताल में पौधरोपण करतीं ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की सदस्य। ● अमृत विचार

पौधे रोपित कर लिया संरक्षण का प्रण

नैनीताल : गुरुवार को ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की ओर से वन विभाग की टीम के साथ नलिनी शांतिवन गांव में शांति मेहरा के सौजन्य से पीपल, जामुन, आंवला, तुन आदि के पौधे रोपित किए तथा उनके संरक्षण का प्रण लिया। इस दौरान गीता पांडे, तारा राणा, सरस्वती खेतवाल, मीनू बुधलाकोटी, नंदिनी पंत, रेखा पंत तारा बोरा, जानकी बिष्ट, मोहनी देवी व वन विभाग से रंजीत थापा, दया किशन तिवारी, अतुल भगत, आनंद सिंह, दीपा जानकी, शलाका प्रेम, रेखा, रेनू, दीपा फुलारा, पूरन अधिकारी, महेंद्र अधिकारी आदि मौजूद रहे।

कर्मचारियों को छतरी वितरित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी व अन्य।

पालिका कर्मचारियों को बरसाती और छतरियां दीं

नैनीताल : मानसून में पालिका के सफाई कर्मचारियों को भीगने से बचने के लिए मां नयना देवी व्यापार मंडल कर्मचारियों की मदद के लिए आगे आया है। व्यापार मंडल ने गुरुवार को 100 बरसाती व 50 छतरियां वितरित की। व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि बारिश के मद्देनजर सफाई कर्मी और अन्य कर्मी अपना कार्य करते रहें इस उद्देश्य से व्यापार मंडल ने बारिश से बचने के लिए उनको छाताओं का वितरण किया। इस दौरान ईओ पूजा चंद्रा, विकास जयसवाल, तरुण कांडपाल, शिव शंकर मजूमदार, अमरप्रीत सिंह, सुमित खन्ना, कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी, टीएसी सुनील खोलिया, टीआई हिमांशु चंद्रा आदि मौजूद रहे।

नाव चालकों को छाता वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

नाव चालकों को छतरी, टैक्सी बाइक वालों को दिए हेलमेट

नैनीताल : रोटरी क्लब की ओर से मल्लीताल बोट हाउस क्लब में कार्यक्रम के दौरान दोपहिया टैक्सी चालकों को हेलमेट वितरित कर नाव चालकों को छाता बांटी। बृहस्पतिवार को हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव अग्रवाल और सचिव सोनल अग्रवाल रहे। यहां पहुंचने पर क्लब के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने रोटरी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। नीरव अग्रवाल ने कहा कि क्लब की ओर से शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किए जा रहें हैं। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में रोटरी क्लब सहयोग कर रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज लांबा, शिवांगी साह, जेके शर्मा, अरुण शर्मा, नरेंद्र लांबा, शैलेंद्र साह, जितेंद्र साह आदि मौजूद रहे।

मोहर्रम को लेकर कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक

नैनीताल : मल्लीताल कोतवाली में मोहर्रम को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस ने शांति पूर्वक समय का ध्यान रखते हुए ताजिया जुलूस निकालने की अपील की। बैठक के दौरान मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख़्स ने पुलिस से सहयोग की अपील की। साथ ही नगर पालिका से सफाई व्यवस्था बनाने की मांग की। कहा कि मल्लीताल बाजार व सड़क के किनारे पार्क बाइक के कारण ताजिया निकालने के दौरान दिक्कतें होती हैं। उन्होंने पुलिस व व्यापार मंडल व अन्य विभागों से सहयोग की अपील की। कोतवाल हरपाल सिंह ने मोहर्रम के दौरान पूर्व के बने नियमों के अनुसार ही नियत स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

सूखाताल झील बनेगी पर्यटन हब कुमाऊं आयुक्त ने लिया जायजा

सीवर लाइन छोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, 29 करोड़ से किया जाएगा झील का सौंदर्यीकरण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीझील का कैचमेंट माने जाने वाले सूखाताल को अब जल्द ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर दोबारा कवायद शुरू कर दी है। झील को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 29 करोड़ से झील का पुनर्जीवन व सुंदरीकरण कार्य किया जाना है, जिसको लेकर गुरुवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने झील का निरीक्षण कर जानकारी एकत्र की तथा झील के किनारे पौधरोपण किया।

झील के बारे में जानकारी लेते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

प्रबंधक निदेशक केएमवीएन डॉ.संदीप तिवारी ने बताया कि उनकी ओर से सूखाताल के सौंदर्यीकरण के विकास कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि इस ताल को पांच नाले रिचार्ज करते हैं। उनके द्वारा ताल के सौंदर्यीकरण कार्यों में ताल का समतलीकरण, साफ-सफाई, सिटिंग अरेंजमेंट, लाइटिंग, पाथ-वे, बुडिंग कार्य और इसके निकट बनी बहुमंजिला पार्किंग बिल्डिंग के नीचे 9 दुकानों व लिफ्ट का कार्य भी किया जाना है, इसके अतिरिक्त सूखाताल में पर्यटकों के लिए बोटिंग, कैस्केड जैसी गतिविधियां भी प्रदान की जाएंगी। आयुक्त ने कहा कि सूखाताल के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र कर लिया जाए और सौंदर्यीकरण का कार्य उच्च गुणवत्ता युक्त हो।

इस दौरान मामला सामने आया कि एक नाले में प्राकृतिक स्रोत के जल के साथ सीवर का जल भी ताल में आ रहा है, जिसकी यथाशीघ्र उचित व्यवस्था करने के लिए कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा ताल का पानी स्वच्छ और साफ होना चाहिए, इसमें बरती गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से काम करें।

लैंड फ्रॉड समन्वय कमेटी पर 16 तक स्थिति साफ हो

विधि संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : हाईकोर्ट ने राज्य में भूमि की धोखाधड़ी व अवैध खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से वर्ष 2014 में गठित लैंड फ्रॉड समवन्य कमेटी की कार्यशैली और प्राप्त शिकायतों पर अगले मंगलवार तक स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी सचिन शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2014 में प्रदेश में लैंडफ्रॉड व जमीन से जुड़े मामलों में होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए लैंड फ्रॉड समन्वय समिति का गठन किया था। इसमें कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के आयुक्त सहित डीआईजी, आईजी, अपर आयुक्त, संबंधित वन संरक्षक एवं जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के मुखिया, संबंधित नगर आयुक्त व एसआईटी के अधिकारी शामिल थे। इनका काम राज्य में हो रहे लैंड फ्रॉड व धोखाधड़ी के मामलो की जांच, जरूरत पर एसआईटी से जांच कर मुकदमा दर्ज करना था। इधर, अब लैंड फ्रॉड व धोखाधड़ी के जितनी भी शिकायतें पुलिस को मिल रही है पुलिस खुद ही इन मामलों में अपराध दर्ज कर रही है जबकि शासनादेश के अनुसार ऐसे मामलों को लैंड फ्रॉड समन्वय समिति के पास जांच के लिए भेजा जाना था। याचिका में यह भी कहा गया कि पुलिस को न तो जमीन से जुड़े मामलों के नियम पता है न ही ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज करने की शक्ति है। शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख है कि जब ऐसा मामला पुलिस के पास आता है तो लैंड फ्रॉड समन्वय समिति को भेजा जाए। समिति ही जांच के बाद पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश देगी। वर्तमान में कमेटी का काम थाने से हो रहा है इस पर रोक लगाई जाए।

सौर ऊर्जा से जगमग हो रहे हैं छात्रावास

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशानुसार जिला योजना मद से समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित डा. अम्बेडकर बालक छात्रावास पाइन्स एवं शहीद सैनिक छात्रावास नैनीताल (दो छात्रावास) में उरेड़ा द्वारा पांच-पांच सोलर लाइटों के लगने से छात्रावास अब जगमगाने लगे हैं।

जिला समाज कल्याण अधकारी नैनीताल ने अवगत कराया कि उरेड़ा विभाग द्वारा दोनों छात्रावास में कुल 10 लाइटें लगाई जा चुकी हैं। छात्रावास में स्ट्रीट लाइट न होने से रात्रि के समय जंगली जानवरों का भय बना रहता है। वर्ष 2024-25 जिला

योजना मद से डा. अम्बेडकर बालक छात्रावास पाइन्स एवं शहीद सैनिक छात्रावास नैनीताल में छात्रावास का डाइनिंग हॉल को मॉडन स्वरूप दिया जा रहा है। जिसे मॉर्डन कैफे की तरह सजावट किया जायेगा। इसके लिए बजट की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बजट प्राप्त होने पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। प्रत्येक छात्र को बढ़ी दरों 150 रुपये प्रतिदिन की दर से खाने की व्यवस्था भी की गई है।

पर्यटक से मारपीट पर काटा चालान

नैनीताल : शहर के सूखाताल क्षेत्र में पार्किंग के समीप स्थानीय युवकों का पर्यटक से विवाद हो गया।

इस दौरान युवकों ने पर्यटक की पिटाई कर दी। सड़क पर मारपीट करने पर मल्लीताल निवासी पंकज मेहता, किशन जोशी, कमल पांडे के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई की गई है। बुधवार देर शाम संभल यूपी निवासी विवेक वर्मा सूखाताल पार्किंग के समीप वाहन पार्क कर रहे थे। यह देख वहां खड़े युवक उनसे वाहन आगे बढ़ाने की बात करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो युवकों ने उनको पीट दिया। राहगीरों ने किसी तरह मामला शांत किया तो विवेक शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए। शिकायत के बाद पुलिस तीनों युवकों को पकड़ कोतवाली लाई।

बोट हाउस क्लब का चुनाव आज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल के प्रसिद्ध बोट हाउस क्लब में नई कार्यकारिणी गठन के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। क्लब के 3 हजार 785 मतदाता नौ सदस्यों को चुनने के लिए मतदान करेंगे, जो कार्यकारिणी के लिए सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव चुनेंगे। बोट हाउस क्लब की कार्यकारिणी में कमिश्नर पदेन अध्यक्ष व जिलाधिकारी उपाध्यक्ष होते हैं।

बोट हाउस की नई कार्यकारिणी गठन के लिए 12 सदस्यों ने नामांकन कराया है। बोट हाउस क्लब के प्रशासनिक अधिकारी जीबी जोशी ने बताया कि नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 9 जुलाई से 11 जुलाई तक ई-वोटिंग कराई गई। अब शुक्रवार 12 जुलाई को क्लब के सदस्यों के लिए आम बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें वार्षिक कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा। जिसके बाद ऑफ लाइन वोटिंग होगी और 13 जुलाई को वोटों की गिनती और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

नैनीताल स्थित बोट हाउस क्लब।

नई कार्यकारिणी के लिए इन लोगों ने पेश की दावेदारी

अखिल कुमार साह, अनिल कुमार अग्रवाल, चौधरी धिर सिंह, डीके शर्मा, जेएस शर्मा, मुकुंद प्रसाद, नसीम ए खान, पंकज जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह चौहान, शोएब अहमद, सुमित जैठी, विजय चन्द्र शाह।

मुकाबले के लिए बीएसएनएल टावरों को 4जी से जोड़ा जाए

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : दूर संचार सलाहकार समिति व्यापार क्षेत्र नैनीताल की कुमाऊं स्तरीय बैठक प्रधान महाप्रबंधक संजय प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नैनीताल क्षेत्र से समिति के सदस्य उमेश पलडिया ने क्षेत्र में और दूरसंचार के टावर लगाने की मांग की।

अवगत कराया कि वर्तमान में 33 टावर लगाए जा रहे हैं वहीं बताया कि नए लगाए जा रहे टावरों को 4जी सुविधा से जोड़ा जाए ताकि अन्य प्राइवेट कंपनियों से मुकाबला किया जा सके। वहीं समिति को बताया कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी और भीमताल को भारत नेट के तहत 4जी से जोड़ा जाए ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यालयों, कार्यालयों और अन्य क्षेत्रों में अच्छी नेट की सुविधा मिल सके। वहीं उन्होंने नये बनाए जा रहे टावरों के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान समिति के सदस्य ने पिनरौ में पस्तोला, अमद्यौं, पनियामेहता में लगाए जा रहे टावर की भांति टावर निर्माण की मांग की। अवगत कराया कि क्षेत्र का छोटा कैलाश क्षेत्र पहचान बना रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में टावर की नितांत आवश्यकता है।

दूरसंचार सलाहकार समिति व्यापार क्षेत्र नैनीताल की बैठक में मौजूद लोग।

बैठक

▸▸ दूर संचार सलाहकार समिति की बैठक में भीमताल विधान सभा क्षेत्र की संचार से संबंधित परेशानियों को उठाया

युवकों ने युवतियों की कार के शीशे फोड़े

नैनीताल: नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में रात तीन बजे मैगी खाने पहुंची युवतियों का वहां खड़े तीन युवकों से विवाद हो गया। गुस्साए युवकों ने युवतियों की कार के शीशे फोड़ दिए।

मल्लीताल माल रोड क्षेत्र में चार युवतियां कार लेकर मैगी खाने पहुंची थी। इस दौरान मैगी की दुकान के पास खड़े तीन युवकों से किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्षों में गाली गलौच शुरू हो गई। गुस्साए युवकों ने कार के शीशे तोड़ दिए, जिसके बाद युवक मौके से फरार हो गए। शिकायत लेकर युवतियां मल्लीताल कोतवाली पहुंच गई। शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालकर युवकों को खोज लिया। एसआई प्रियंका मौर्या ने बताया कि युवक व युवतियों में तोड़ी गई कार की मरम्मत कराने को लेकर समझौता हो गया। साथ ही रात को खुलने वाली दुकान को बंद कर दिया गया।

झील के ऊपर छाया कोहरा। ● अमृत विचार

रिमझिम बारिश के बाद हल्की धूप खिली

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मानसून के पहले दौर की बारिश पर लगभग विराम लग चुका है, वहीं गुरुवार को सुबह से गुनगुनी धूप खिली रही।

दोपहर बाद अचानक आधे घंटे तक हुई रिमझिम बारिश के बाद आसमान में हल्के बादल और कोहरा छाने लगा था। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार गुरुवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो वही न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बारिश पर विराम, धूप के बाद भूस्खलन का बढ़ने लगा खतरा

: सोमवार दोहपर बाद बारिश थम जाने के बाद जहां लोगों ने राहत की सांस ली है वहीं अब धूप खिल जाने से पहाड़ी क्षेत्रों में खतरा बढ़ने लगा है क्योंकि अक्सर बारिश का पानी पहाड़ियों के अंदर तक घुस जाता है और फिर अचानक धूप पड़ने से पहाड़ियों का दरकना शुरू हो जाता है। ऐसे में भूस्खलन व पहाड़ियों से पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है।

भूस्खलन से कक्षों पर खतरा खुले आसमान के नीचे पढ़ाया

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : भुजान-रिची मोटर मार्ग पर स्थित जीआईसी मंडलकोट में भूस्खलन से खतरे की जद में आए कक्षा कक्षों में आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। कक्षा कक्षों में संचालित होने वाली कक्षाएं खुले आसमान के नीचे व कम्प्यूटर कक्ष में संचालित की गई। प्रधानाचार्य ललित सिंह अधिकारी के अनुसार पंचायत भवन में कक्षाएं संचालित किए जाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को पत्राचार किया गया। खतरे वाले कक्षा कक्षों में आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

मानसूनी बारिश ने पहाड़ से तराई तक आफत खड़ी कर दी है। सड़कों पर पत्थरों के गिरने से आवाजाही दुश्वार हो चुकी है तो वहीं जगह जगह भूस्खलन से दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है। बीते शनिवार को जीआइसी मंडलकोट की सुरक्षा दीवार के धराशाई होने से विद्यालय के दो कक्षा कक्षों पर भी खतरा मंडरा गया। गनीमत रही की प्रशासन के निर्देश पर विद्यालय में अवकाश था। गनीमत रही की बड़ा हादसा टल गया। विद्यालय खुलने के साथ ही भूस्खलन से खतरे की जद में आ चुके दोनों कक्षा कक्षों पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। 11वीं, 12वीं व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर कक्ष व खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण करवाई गई।

कार्यक्रम | बीडी पांडे अस्पताल में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीसरे चरण का शुभारंभ

शिक्षा का स्तर बढ़ने से जनसंख्या वृद्धि रुकेगी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान विषय को लेकर बीडी पांडे अस्पताल में गुरुवार को जनसंख्या स्थिरिकारण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी ने कहा कि द्वारा जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रण में रखने के लिए, लोगों की शिक्षा तक पहुंच होनी चाहिए और उन्हें अधिक जनसंख्या के खतरों के बारे में जागरूक होना चाहिए। लोगों को जन्म नियंत्रण और परिवार नियोजन की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करना चाहिए। जिसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगातार जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने कहा कि जिला चिकित्सालय पर परिवार कल्याण के तहत 11 जुलाई से 24 जुलाई तक प्रति दिन निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी व परिवार नियोजन समाग्री उपलब्ध रहेगी।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करते डॉक्टर व अन्य। ● अमृत विचार

जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा ने बताया कि तीन चरणों में आयोजित अभियान में प्रथम चरण में 1 जून से 26 जून तक, दूसरा चरण 27 जून से 10 जुलाई तक, तीसरा चरण 11 से 24 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान परिवार नियोजन सामग्री व साधनों विषयक प्रचार प्रसार भी किया जायेगा।

इस अवसर पर आशा कार्यकार्तियों को नई पहल किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश पांडे, फार्मासिस्टकी ओर से किया गया। इस दौरान डॉ स्वेता भंडारी, डॉ तरुण टम्टा, डॉ गर्बयाल, डॉ खार्कवाल, शशि कला, मदन मेहरा, डॉ दिनेश पांडे, दीप्ति धामी, दीपक कांडपाल, पंकज तिवारी, दीवान बिष्ट, बच्चन कालाकोटी, देवेंद्र बिष्ट, सरयू नंदन जोशी, हरेन्द्र कठायत, जितेश कुमार, हेम जलाल आदि मौजूद रहे।

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

30.0°	25.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.21	सूर्यास्त 07.14

एक नजर

पर्वतीय उत्थान मंच में हरेला पर्व आज से

हल्द्वानी : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में शुक्रवार से पांच दिवसीय हरेला पर्व शुरू हो जायेगा। मेले का शुभारंभ सुबह 11 बजे गोल्ज्यू पूजन के साथ होगा। दोपहर 3 बजे मेले का उद्घाटन किया जायेगा। गुरुवार को मंच पदाधिकारियों की बैठक में पर्व को सफल बनाने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं सांय 4 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

जहर खाने से युवक की मौत

हल्द्वानी : एक युवक की जहर खाने से मौत हो गई। लालकुआं पुलिस के मुताबिक राजीव नगर बिंदुखत्ता निवासी जीवन टम्टा (24 वर्ष) ने बुधवार रात संदिग्ध हालात में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

दुर्गा सिटी सेंटर से बाइक चोरी

हल्द्वानी : काम से दुर्गा सिटी सेंटर गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी तहरीर में कुसुमखेड़ा निवासी मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि बीती 9 जुलाई को वह दुर्गा सिटी सेंटर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक आईडीबीआई बैंक के बाहर खड़ी की थी। रात करीब 9 बजे वह वापस लौटे तो बाइक गायब थी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोर और बाइक की तलाश शुरू कर दी गई है।

बनभूलपुरा की किशोरी मुखानी से लापता

हल्द्वानी : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी मुखानी थाना क्षेत्र से लापता हो गई। किदवई नगर वार्ड 22 निवासी बबीता देवी पत्नी अशोक ने बनभूलपुरा पुलिस को बताया कि वह मुखानी में ब्लॉक स्थित हिल व्यू निवासी रमन कुमार के यहां काम करती है। कुछ दिनों से वह अपनी पुत्री के साथ हिल व्यू में रह रही थी। बीती 5 जुलाई की रात 9 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री विमला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 में इस अनोखे विवाह के साक्षी बने 250 लोग, बैंड-बाजे के साथ झूमते हुए पहुंचे बाराती, उपहार देकर और गले लगाकर दिया आशीर्वाद

पाने को प्रेम कहे जग की रीत...प्रेम का अर्थ समझायेगी हर्षिका-कान्हा की प्रीत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भगवान श्रीकृष्ण भक्तों से कहते हैं कि प्रेम का मतलब पाना नहीं होता, बल्कि उसमें खोना होता है। इस बात को चरितार्थ किया है हर्षिका ने। गुरुवार को 250 लोग इस बात के गवाह भी बने। शहर के उदय लालपुर इलाके के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 में सुबह साढ़े दस बजे बैंड-बाजे के साथ बाराती झूमते हुए पूरन चंद्र पंत के आवास पर पहुंचे, जहां कान्हा का स्वागत हुआ और फिर शुरू हुई शादी की रस्में।

हर्षिका ने प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात फेरे लिए, उन्हें वरमाला पहनाई और अपनी मांग में सिंदूर भरा। विवाह संपन्न कराने वाले पंडितों के मंत्रोच्चारण से वहां मौजूद हर व्यक्ति का हृदय एक अजीब सी खुशी से सरोबार रहा। शाम पांच बजे सारी रस्मों के साथ विवाह संपन्न हुआ। हर्षिका के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। अपने कान्हा की मूरत को गोद में लेकर निहारती उसकी आंखें मानों मूर्ति के सजीव होने का प्रमाण दे रही थीं। नाते-रिश्तेदार, आस पड़ोस के लोगों ने शादी को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां युवा डीजे पर थिरक रहे थे, वहीं महिलाओं की टोली मंगल गीत गा रही थीं। इस अनोखी शादी के बारे में जिसने भी सुना वह पता पूछते हुए समारोह स्थल तक पहुंच गया। किसी ने गुप्त दान दिया तो कोई हर्षिका के लिए उपहार लेकर आया था। कई लोग ऐसे भी थे जो आए तो हर्षिका को उसके नए दांपत्य जीवन की बधाई देने थे पर वर के रूप में प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा देख हर्षिका के चरण तक स्पर्श किए और उसे गले लगाकर आशीर्वाद दिया। फिलहाल हर्षिका को जिंदगी का हमसफर मिल गया है, उसने ऐसा जीवन साथी चुना है जो उसकी शारीरिक लाचारी के बारे में उसे कभी सोचने नहीं देगा और जिंदगी में नया रंग तो भरेगा ही बल्कि अनंत प्रेम की गहराई तक लेकर जाएगा।

जयमाला के बाद हर्षिका को आशीर्वाद देते पारिवारिक जन।

अब खुलकर करुंगी कान्हा से बात...

जब हर्षिका से पूछा गया कि अब तो वृंदावन जाना पड़ेगा मायका छोड़कर तो वह मुस्कुरा कर बोली हां जाऊंगी पर अब तो मेरे कान्हा मेरे साथ रहेंगे। कहीं भी जाऊं वो साथ ही रहेंगे। बोली- अब तो दिन-रात खुलकर कान्हा जी से बात कर पाऊंगी बिना किसी संकोच के।

शादी में अमृत विचार की प्रति लेकर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार अखबार लेकर शादी में पहुंचे बुजुर्ग

धनपुरी पंचायत घर निवासी चंदन बंसल, नंदू मौर्या और हल्दूपोखरा निवासी हरीश चंद्र गुप्ता भी हर्षिका के विवाह समारोह में शामिल हुए। वह अमृत विचार समाचार पत्र की प्रति हाथ में पकड़कर जयमाला स्थल पर पहुंचे और लोगों से पूछने लगे कि क्या वह सही जगह पहुंचे हैं जो इस अखबार में छपा है। लोगों ने बताया कि हां वे लोग सही जगह पहुंचे हैं। इस पर चंदन बंसल ने अपनी जेब से एक लिफाफा निकाला और दहेज लिख रहे बुजुर्ग के हाथ में थमाया। उन्होंने रजिस्टर में नाम न लिखने की बात कहते हुए कहा कि गुप्त दान है नाम रहने दीजिए।

महिलाएं बोलीं देवताओं ने दिया आशीर्वाद

जैसे ही जयमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ और फेरों की तैयारी होने लगी ठीक उसी दौरान बारिश हो गई। करीब 20 मिनट तक हुई बारिश से माहौल खुशनुमा हो गया। इस बीच कुछ महिलाएं ये कहते सुनाई दी कि ये तो शगुन है देवताओं का। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए हर्षिका को आशीर्वाद दिया है। प्रीतिभोज शुरू होते ही बारिश बंद हो गई और लोगों ने तसल्ली से भोजन किया।

छात्रसंघ अध्यक्ष पर मुकदमे से भड़के छात्र

पहले कोतवाली में किया जमकर हंगामा फिर सीओ कार्यालय पहुंचकर की नारेबाजी-प्रदर्शन, आरोपों को बताया गलत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चिकित्सक से मारपीट के मामले में छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला और उसके साथियों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज होने से छात्रों का आक्रोश भड़क उठा। गुरुवार को आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज से लेकर कोतवाली तक जमकर हंगामा किया। कॉलेज में तालाबंदी और हंगामा करते हुए प्रवेश का पहला दिन बाधित कर दिया। बाद में छात्र नेताओं के एक गुट ने कोतवाली पहुंच कर हंगामा किया फिर सीओ कार्यालय में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

मुखानी में केवीएम स्कूल के सामने रेडिएंट अस्पताल में बीती 5 जुलाई को डॉ. पुनीत कुमार गोयल के साथ जमकर मारपीट की गई थी। इस मामले में चिकित्सक की तहरीर पर मुखानी थाना पुलिस ने छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, विशाल सैनी, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर, मोहित खोलिया व अन्य अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 333, 309(4), 115(2), 352, 351(2), 351(3) व 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। तब से छात्रसंघ अध्यक्ष व अन्य आरोपी फरार हैं।

पुलिस की इस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए छात्र नेता गुरुवार को बड़ी संख्या में मोतीराम बाबूराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंच गए। कॉलेज में छात्रों के प्रवेश का पहला दिन था। छात्र नेताओं ने हंगामा करते हुए प्रवेश प्रक्रिया बाधित कर दी और कॉलेज गेट में ताला डाल दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन छात्र नेताओं ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं होने दी। इसके बाद छात्र नेता कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने आधे घंटे तक नारेबाजी और हंगामा किया। बाद में सीओ सिटी के कार्यालय पहुंचे और सीओ नितिन लोहनी का घेराव कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि अस्पताल में साथी के डिस्चार्ज होने पर उन्होंने चिकित्सक से बिल कम करने के लिए कहा था। इसी बात पर डॉ. गोयल ने उनसे बदसलूकी की और फिर हाथापाई शुरू हो गई। छात्रों ने चिकित्सक की दराज से रुपये निकालने के आरोप को भी गलत बताया।

उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे चेक कराने की मांग की। प्रदर्शन और घेराव करने वालों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रवींद्र रावत, गौरव मठपाल, पूर्व उपाध्यक्ष गौरव संभल, कौशल बिरखानी, निखिल सोनकर, निश्चय, यतिन पांडे, नितिन पांडे, सौरभ बिष्ट, अमन बिष्ट, भूमिका लटवाल, अंजली उप्रेती, निकिता गोरिया, बरखा, अशोक बोहरा, मुकुल प्रताप, पवनबिष्ट, कमल बोरा, रक्षित बिष्ट समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कोतवाली परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते छात्र नेता। ● अमृत विचार

गुस्सा

- एमबीपीजी में रोकी प्रवेश प्रक्रिया, गेट पर लगाया ताला
- चिकित्सक पर लगाया बदसलूकी करने का आरोप

"छात्र नेताओं और छात्रों की बात को ध्यान से सुना गया है। चिकित्सक की तहरीर पर मुकदमा हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। छात्र नेताओं को भरोसा दिया है कि किसी पर भी गलत कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि जांच में कोई भी धारा अतिरिक्त पाई जाती है तो उसे हटाया जाएगा। छात्रों ने कॉलेज से जुड़े कुछ और मुद्दे भी उठाए हैं, जिनके समाधान का भरोसा दिया गया है। - **नितिन लोहनी**, सीओ सिटी हल्द्वानी

22 हजार अभ्यर्थी देंगे पीसीएस-प्री की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

तैयारी

- जिले में बनाए गए हैं 54 परीक्षा केंद्र, प्रत्येक केंद्र पर तैनात रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

अमृत विचार : जिला प्रशासन 14 जुलाई को प्रस्तावित प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक (पीसीएस-प्री) परीक्षा की तैयारियों में जुट गया है। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। परिवहन, सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं के लिए रामनगर, हल्द्वानी के उपजिलाधिकारियों व नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को अन्य विभागों से समन्वय बनाकर योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित कार्यालय में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि पीसीएस-प्री की परीक्षा 14 जुलाई को दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए 22 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 48 हल्द्वानी और 6 रामनगर में हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलविहीन कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसके अलावा परीक्षा वाले दिन परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा-144 लागू रहेगी।

चौहान ने कहा कुमाऊं के सभी जिलों से 22 हजार अभ्यर्थी अभिभावकों के संग आएंगे, इसलिए आवागमन के लिए परिवहन निगम के अधिकारी पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर लें। इसके अलावा इंद्रा एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल हल्दूचौड़ में लोक निर्माण विभाग की निर्माण खंड शाखा के सहायक अभियंता सुनील कुमार को तैनात किया गया था। अब उन्हें हटाकर उनके स्थान पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सहायक अभियंता हेमचंद्र उपाध्याय को तैनात किया गया है। खोलिया कंपाउंड स्थित दून पब्लिक स्कूल में निर्माण खंड शाखा के सहायक अभियंता ललित तिवारी को हटाकर अधिशासी अभियंता अनिल कन्नौजिया को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

पोर्टल की खामियों से करदाता हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि में अब सिर्फ 19 दिन ही बाकी हैं, लेकिन पोर्टल की तकनीकी खामियों से रिटर्न जमा नहीं हो रहा है। वहीं, आधार पोर्टल के भी धड़ाम होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार आयकर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। करदाताओं ने रिटर्न दाखिल करना शुरू कर दिया है, लेकिन पोर्टल की तकनीकी गड़बड़ियों से करदाता निराश हो रहे हैं।

दरअसल, आयकर पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। जिससे कर दाता रिर्टन जमा नहीं कर पा रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्या आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल में हो रही है, जिससे करदाता टैक्स फाइलिंग और अपडेट पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। इस मुद्दे ने करदाताओं और पेशेवरों के बीच निराशा पैदा कर दी है, जो रिटर्न जमा करने की समय सीमा तक पहुंचने को लेकर चिंतित हैं।

दिक्कत

- आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि है 31 जुलाई
- आधार पोर्टल में भी दिक्कत से बढ़ी मुश्किलें

"जैसे-जैसे रिटर्न जमा करने की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे आयकर पोर्टल में तकनीकी खामियां हो रही हैं। रिटर्न से जुड़ीं कई रिपोर्ट डाउनलोड नहीं हो पा रही है ऐसे में करदाता का रिटर्न भरने में परेशानी हो रही है। -**संजय पांडे**, अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन हल्द्वानी

"आयकर विभाग ने अपनी कमियों को स्वीकार किया है और उन्हें सुधारने का प्रयास कर रहा है, लेकिन समाधान की समयसीमा अनिश्चित है। इस बीच, आधार पोर्टल भी समस्याओं का सामना कर रहा है, उपयोगकर्ता अपडेट में देरी और अनुरोधों को अस्वीकार किए जाने का दावा कर रहे हैं। -**सुमित गुप्ता**, आयकर एवं वाणिज्य कर अधिवक्ता

"अब रिटर्न जमा करने में सिर्फ दो तीन हफ्ते शेष हैं और आयकर विभाग का पोर्टल बहुत स्लो काम कर रहा है। ट्रांजेक्शन वगैरह जांचने के लिए जो फाइलें देखनी हैं उन्हें डाउनलोड होने में काफी समय लग रहा है। करदाता समय से रिटर्न भरना चाहते हैं उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में समय से रिटर्न भरना मुश्किल हो जाएगा। -**मजहर अली**, आयकर एवं वाणिज्यकर अधिवक्ता

सड़क दुर्घटनाओं में घायल युवकों की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। सुरेश चंद्र (38 वर्ष) पुत्र श्याम चंद्र निवासी बनबसा 4 जुलाई को अपने घर जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप घायल हो गया। पहले उसे खटीमा स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। बुधवार देर रात उसकी मौत हो गई। वहीं धर्मपुर रुद्रपुर निवासी राकेश (32 वर्ष) पुत्र चांद बहादुर बुधवार को घर के बाहर सड़क पर खड़ा था। तभी वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। उन्हें उसे रुद्रपुर जिला अस्पताल और फिर डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सरकार, पुलिस व प्रशासन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सूचना का अधिकार कार्यकर्ता भुवन पोखरिया निवासी चोरगलिया ने राज्य सरकार, पुलिस और प्रशासन पर मिलीभगत कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

पोखरिया ने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि वर्ष 2020 में नैनीताल जिले के तत्कालीन डीएम सविन बंसल ने एनजीटी और हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कृषि बाहुल्य क्षेत्र में खनन और भंडारण की अनुमति दी। जब उन्होंने सूचना के अधिकार में इसकी जानकारी मांगी तो डीएम के निर्देश पर चोरगलिया थाने में उनके खिलाफ शांति भंग का मुकदमा किया गया। बाद में इसी को आधार बनाकर जिला प्रशासन ने उनका शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। उनकी पत्नी जो क्षेत्र पंचायत सदस्य भी हैं उन्होंने नियम विरूद्ध खनन और भंडारण के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो पुलिस व प्रशासन ने मिलकर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई की। इस उत्पीड़न के खिलाफ उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और प्रमुख सचिव से शिकायत करते हुए तत्कालीन डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में प्रमुख सचिव ने मंडलायुक्त को जांच अधिकारी बनाया है। आरोप लगाया कि जिला और पुलिस प्रशासन उनका और उनके परिवार के उत्पीड़न पर उतारू है।

जिले में भारी बारिश का अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने नैनीताल जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि शनिवार से बारिश फिर से हल्की हो जाएगी। इस माह आठ जुलाई तक नैनीताल जिले में मूसलाधार बारिश हुई। साथ ही हल्द्वानी में बीते सोमवार को एक ही दिन में करीब 200 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज हुई थी।

बारिश की वजह से पहाड़ों में आए मलबे से कई मार्ग बंद हो गए थे और कई जगह जलभराव भी हो गया था। अब मौसम विज्ञान केंद्र ने फिर से शुक्रवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने कहा कि अब मानसून फिर से मजबूत हो रहा है। अनुमान है नैनीताल जिले में कुछ जगहों पर 115 मिमी से भी ज्यादा बारिश हो सकती है। इधर, गुरुवार को हल्द्वानी में दोपहर के समय हल्की बारिश हुई। अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मलबा आने से 14 ग्रामीण मार्ग अब भी बंद

हल्द्वानी : नैनीताल जिले में भूस्खलन और मलबा आने से 14 ग्रामीण मार्ग अभी भी बंद हैं। वहीं चकलुवा में पुलिया के ध्वस्त होने से हल्द्वानी-देहरादून राज्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि पुलिया की मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिसमें अभी समय लगेगा। पुलिया से हल्के वाहनों को एक-एक कर भेजा जा रहा है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सके। गुरुवार की शाम तक जिले में 14 ग्रामीण मार्ग बंद थे, जिसमें ल्वाडडोबा-गौनियारो, ढोलीगांव-कोटपांडे, अमजड़-मिडार, देवीपुरा-सौड, खनस्य-रिखाकोट, बजून-अक्सू आदि ग्रामीण मार्ग बंद हैं। छह जुलाई को बंद हुआ हरीशताल मार्ग अभी तक नहीं खुल पाया है। इस मार्ग को प्रशासन ने 9 जुलाई को खोलने का दावा किया था, लेकिन अभी तक नहीं खुल पाया है। वहीं हैड़ाखान मार्ग पर कीचड़ होने से आवाजाही में ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है।

बनभूलपुरा हिंसा | **कोर्ट में सभी 107 आरोपियों को सुनाए गए आरोप, अब हल्द्वानी कोर्ट में चलेगा मुकदमे का ट्रायल**

पांच माह बाद आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा के पांच माह बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक समेत सभी 107 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। अब्दुल मलिक को पुलिस ने पूरी घटना का मास्टर माइंड बताया है। इधर, कोर्ट में सभी आरोपियों को पेश किया गया, जहां आरोपियों को आरोप पढ़कर सुनाए गए।

8 फरवरी 2024 को हुई बनभूलपुरा हिंसा के मामले में तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। पहला मुकदमा बनभूलपुरा थाना, दूसरा मुखानी थाना और तीसरा मुकदमा नगर निगम की ओर से दर्ज कराया गया था। सभी मुकदमे बनभूलपुरा थाने में दर्ज हुए थे। बनभूलपुरा में हिंसा तब भड़की थी, जब नगर निगम के साथ पुलिस और प्रशासन की टीम मलिक का बगीचा (कंपनी बाग) स्थित अवैध अतिक्रमण को ढहाने गई थी। हिंसा के दौरान बनभूलपुरा थाना फूंका गया, आगजनी, पथराव और गोलीबारी गई। हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई। कर्फ्यू लगाना पड़ा और कुल 107 लोगों की गिरफ्तारी की गई। हिंसा का मास्टर माइंड पुलिस ने अब्दुल मलिक को बताया। अब लगभग पांच माह बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय हो गए हैं। बुधवार को सभी आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। इस दौरान आरोप तय कर उन्हें सुनाए गए। मुकदमे का ट्रायल अब हल्द्वानी कोर्ट में चलेगा।

अभी थमी नहीं है उपद्रवियों की गिरफ्तारी

हिंसा के 107 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का पूरा ध्यान विवेचना पर है, लेकिन अब आरोप पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। जैसा की एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा पहले ही साफ कर चुके हैं कि अभी और गिरफ्तारियां होनी हैं। उनका कहना है कि तीनों मामलों की विवेचना जारी है। कई उपद्रवी अंडरग्राउंड हो गए हैं। वह यह न सोचें कि बच गए। पुलिस की जांच जारी है और जल्द ही गिरफ्तारियों की सिलसिला फिर शुरू होगा।

"बनभूलपुरा कांड के उपद्रवियों के विरुद्ध प्रारंभिक आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिए गए हैं। इस मामले की जांच अभी जारी है। जैसे-जैसे तथ्य सामने आएंगे। उपद्रवियों पर कार्रवाई व फरार हुए लोगों की धरपकड़ की जाएगी। - **प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी।

पांच माह बाद भी नहीं मिला थाना अध्यक्ष का असलहा

हिंसा में तत्कालीन मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक भी घिर गए थे। थाने की सरकारी गाड़ी मलिक का बगीचा में खड़ी थी, जिसे उपद्रवियों ने फूंक दिया था और मुखानी थानाध्यक्ष का सरकारी असलहा लूट लिया था। ये असलहा आज तक बरामद नहीं हो सका। जबकि आग लगाने से पहले बनभूलपुरा थाने से भी सरकारी कारतूस लूटे गए थे। जिसमें कई कारतूस पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। बनभूलपुरा थाने को ओर से दर्ज मामले की विवेचना सीओ लालकुआं संगीता, मुखानी थानाध्यक्ष की ओर से दर्ज मामले की विवेचना सीओ रामनगर बीएस भंडारी और नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमे की विवेचना सीओ भवाली सुमित पांडे कर रहे हैं।

सर्पदंश से बिंदुखत्ता के युवक की मौत

लालकुआं, अमृत विचार : एक युवक को सांप ने डस लिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बिंदुखत्ता के इंदिरानगर द्वितीय काररोड निवासी मनोज पांडे (32 वर्ष) पुत्र बिशन दत्त पांडे को बुधवार की रात गौशाला में पशुओं को चारा देते समय सांप ने डस लिया। परिजन उसे तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मनोज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मनोज का एक चार वर्षीय पुत्र है। शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

एक नजर

नवनिर्मित शिव मंदिर में की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

लालकुआं : नवनिर्मित शिव मंदिर के विधिवत उद्घाटन के बाद मूर्ति स्थापना व मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत पारायण कर अंत में भंडारा लगाया गया। बिंदुखत्ता के इंद्रानगर-2 में बिंदेश्वर महाराज शिव मंदिर में ग्राम वासियों की ओर से भगवान शिव के भव्य मंदिर में शिव परिवार व नंदी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर विगत चार दिनों से पूजन कार्यक्रम के बाद गुरुवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, मंदिर का भव्य उद्घाटन समाजसेवी दीप जोशी ने किया। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित भगवत जोशी के सानिध्य में संपन्न हुए। इस अवसर पर प. चंद्रशेखर कर्नाटक, मंदिर समिति के अध्यक्ष शेर सिंह दानू, मुख्य यजमान गोकुलनंद उपाध्याय, पुजारी नंदन गोस्वामी, राधा बल्लभ पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी हरेंद्र बोरा, पवन चौहान, हेमवती नंदन दुर्गापाल, कुंदन मेहता, मनोज बसनायत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू, सूर सिंह फर्शवान, जीवन सिंह रावत, खुशाल सिंह कलाकोटी, शिवराज सिंह बिष्ट, रणजीत सिंह मेहरा, विपिन गोस्वामी, भरत सिंह शेखावत, राजेंद्र परिहार, राजू शर्मा, संजय टाकुली, भैरव दत्त नागिला आदि लोग मौजूद रहे।

कठुआ में शहीद पांच वीरों की याद में आंखें नम

पांचों बलिदानियों को कालाढूंगी और रामनगर में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, वीर जवान अमर रहें के नारे गूंजे

कालाढूंगी में कठुआ आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

रामनगर में शहीदों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक कल्याण उत्थान समिति के सदस्य।

संवाददाता, कालाढूंगी/रामनगर

अमृत विचार : जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आंतकी हमले में शहीद हुए प्रदेश के पांच बेटों की शहादत से देवभूमि शोक में है। गुरुवार को कोटाबाग में व्यापार मंडल की ओर से कैंडल मार्च निकाला गया। वहीं पूर्व सैनिकों, क्षेत्रवासियों व व्यापारियों ने सिंचाई डाक बंगले में आतंकवादी घटना में शहीद आनंद रावत नयाब सूबेदार, अनुज नेगी राइफलमैन, आदर्श नेगी राइफलमैन, विनोद सिंह नायब सूबेदार व कमल सिंह हवलदार की याद में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहें के नारे लगाये। इस दौरान कैप्टन सुरेश लाल शाह, कैप्टन मोहनचंद, तारा सिंह अधिकारी, त्रिलोक सिंह बिष्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री विनोद बधानी, जगदीश गोस्वामी, चंदन कपकोटी, राहुल पंत, विनोद ढोंडियाल, विमल सट्टा, गणेश पांडे, मुकेश त्रिपाठी, सुरेश लाल साह, मोहन चंद्र, तारा अधिकारी, सुरेश बिनवाल, कृपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं रामनगर में भी शहीद हुए जवानों की याद में शोक सभा हुई, जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण उत्थान समिति की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सैनिक कल्याण एवं उत्थान समिति के अध्यक्ष सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह रावत, सचिव नायक भुवन सिंह डंगवाल और ब्लॉक प्रतिनिधि हवलदार चंद्र मोहन मनराल के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों और छात्रों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत ने आतंकियों की हरकत को कायराना बताया।

सचिव नायक भुवन सिंह डंगवाल ने कहा कि सेना फिर से मौका दे तो आतंकवाद के खात्मे में वह सैनिकों के साथ खडे.रहेंगे। दो बार सेना मेडल प्राप्त हवलदार भारत सिंह रावत ने कहा कि सेना के मनोबल को तोड़ने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। इस दौरान उपसचिव हवलदार चंडी प्रसाद, संगठन मंत्री भारत बंधु, दामोदर जोशी, भगवत सिंह चौहान, खुशाल सिंह डंगवाल, नंदा बल्लभ जोशी, पूरन सिंह बिष्ट, चंद्र मोहन खाती, भूपाल राम, रविन्द्र सिंह डंगवाल, यासीन, अजमल, सौरभ, यश नेगी, मनोज रावत आदि शामिल रहे।

बीएड वाले भी सहायक अध्यापक बने रहेंगे

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश जारी कर बीएड शिक्षा धारित याचिकाकर्ताओं को सहायक अध्यापक (प्राथमिक) के पद पर बनाए रखने को कहा है। पूर्व में 6 दिसम्बर 2023 को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने बीएड शिक्षा धारित याचिकाकर्ताओं की रिट याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 23 को देवेश शर्मा बनाम भारत सरकार व अन्य की विशेष अनुमति याचिका के आधार पर खारिज कर दी थी।

इस मामले में ज्योत्सना तिरूवा, अर्जुन सिंह कार्की व 30 से अधिक याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट के 6 दिसम्बर 2023 के विरुद्ध पुनर्विचार याचिकाएं दायर की थी। खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान पुनर्विचार याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह तर्क प्रस्तुत किया कि पुनर्विचार याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति तत्कालीन सेवा नियमावली के अनुसार की गई थी जो कि एनसीटीई के नोटिफिकेशन के अनुसार मान्य थी। यह भी तर्क प्रस्तुत किया कि पुनर्विचार याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति तत्समय में विद्यमान उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार मान्य थी और ऐसी अवस्था में तत्कालीन वैध व विधि मान्य नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय के वर्तमान निर्णय जो देवेश शर्मा बनाम भारत सरकार व अन्य में पारित हुआ है, के आधार पर अवैध घोषित नहीं की जा सकती हैं। पुनर्विचार याचिकाकर्ताओं, सरकार व अन्य विपक्षी गण के तर्कों को सुनने के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने अपने आदेश द्वारा बीएड शिक्षा धारित पुर्नविचार याचिकाकर्ताओं को सहायक अध्यापक (प्राथमिक) के पद पर बने रहने के लिए यथा स्थिति बनाए रखने का आदेशपारितकियाहै।

स्वास्थ्य टीम की पैथोलॉजी लैबों पर छापेमारी, एक सील

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में स्थित अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैबों पर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही कई लैब संचालक अपनी-अपनी लैबों को बंद कर मौके से नदारद मिले। स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई के दौरान गूलरघट्टी क्षेत्र में स्थित नोबल डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी लैब में भारी अनियमित्ताओं के चलते इसे सील करने की कार्रवाई की।

नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के आदेश के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल के निर्देश पर रामनगर में पैथोलॉजी लैबों छापामार कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि चार लैबों पर यह कार्रवाई की गई है, जिसमें अनियमितताएं मिलने के चलते दो लैबों का 10-10 हजार तथा एक लैब का 5 हजार रुपये का चालान करने की कार्रवाई की गई है, जबकि नोबल डायग्नोस्टिक लैब में भारी अनियमितताएं के चलते इसे सील किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अग्रवाल पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करने के बाद वहां पर सभी प्रपत्र सही पाए गए। उन्होंने कहा कि विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा वहीं स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद नगर में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

लैब पर जानकारी प्राप्त करते डॉ प्रशांत कौशिक व अन्य चिकित्सक। ● अमृत विचार

पिता, पुत्र और पुत्री पर मुकदमा

रामनगर : युवक पर हमले के आरोप में स्थानीय पुलिस पिता,पुत्र और पुत्री के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। पुलिस के अनुसार खुद को पत्रकार कहने वाले अरबाज खान फौजी कालोनी ने बताया कि पुछड़ी के ग्रामीणों की ओर से सूचना दी थी कि ग्राम फौजी कलोनी पूछड़ी मे प्रताप उर्फ दादी द्वारा शराब का कारोबार किया जाता है।

साथ-साथ उसके पुत्र रिंकु तथा पुत्री अंजली द्वारा भी शराब एवं जुएं का कारोबार किया जाता है। गांव में बाहरी व्यक्ति आकर शराब पीकर आने जाने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एंव अभद्रता करते हैं जिस पर वादी अरबाज द्वारा मौके पर जाकर कवरेज की गई तो प्रताप व उसके पुत्र रिंकु व उसकी पुत्री अंजली द्वारा कवरेज करने का विरोध किया गया तथा अंजली द्वारा अरबाज को जान से मारने की नियत से उसके सिर पर सरिया से वार किया तथा रिंकु द्वारा भी उसके सिर पर पत्थर से वार किया गया।

एथेनॉल प्लांट का निर्माण बंद न होने पर आत्मदाह की चेतावनी

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : चकलुवा सुरपुर गांव में बन रही एथेनॉल प्लांट का निमार्ण बंद न होने पर ग्रामीणों का सब्र टूट गया है। तीन साल से प्लांट का विरोध कर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा प्रशासन अगर मानकों की जांच नहीं करता है तो एक सप्ताह तहसील परिसर में आत्मदाह को बाध्य होंगे।

गुरुवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने तहसील परिसर में पहुंच कर एसडीएम के माध्यम से एथेनॉल प्लांट के विरोध में डीएम को ज्ञापन भेजा। एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन व सरकार से विगत तीन सालों मानकों की जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री का निर्माण मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा एक सप्ताह में अगर एथेनॉल प्लांट के मानकों की जांच नहीं की गयी तो ग्रामीण तहसील में सामूहिक रूप से आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री हरीश मेहरा, कुंदन बसेड़ा, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, विनोद बुढ़लाकोटी, इन्द्र अटवाल, दीवान सिंह बिष्ट, गोविन्द चौहान, जगतार सिंह, परविन्दर सिंह आदि मौजूद थे।

एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

13 और 14 को किए जाएंगे ट्रायल

हल्द्वानी, अमृत विचार: मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत हल्द्वानी विकासखंड में होने वाले चयन ट्रायल के स्थान और तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

योजना के तहत आठ से 14 वर्ष के चयनित उदीयमान खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे, 13 और 14 जुलाई को लाखनमंडी इंटर कॉलेज में लाखनमंडी न्याय पंचायत, पूरन सिंह इंटर कॉलेज कुंवरपुर में कुंवरपुर न्याय पंचायत, राइका फूलचौड़ा में देवलचौड़ न्याय पंचायत, राइका लामाचौड़ में गुनीपुर जीवानंद और राइका हल्दूचौड़ में हरिपुर बच्ची न्याय पंचायत के चयन ट्रायल सुबह आठ बजे से शुरू होंगे। राइका लालकुआं में नगर पंचायत लालकुआं के ट्रायल 13 और 14 जुलाई को होंगे।

काउंसलिंग विज्ञप्ति रद नहीं होने पर करेंगे तालाबंदी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षकों के अनिवार्य वार्षिक स्थानांतरण के अंतर्गत जनपद में 8 एवं 9 जुलाई को हुई काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान भारी खामियों के चलते काउंसलिंग के दौरान जमकर हंगामा एवं बवाल हुआ। मुख्य विकास अधिकारी को काउंसलिंग बीच में छोड़कर ही निकल जाना पड़ा। संघ के प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी ने कहा कि यदि काउंसलिंग विज्ञप्ति निरस्त नहीं हुई तो शिक्षक तालाबंदी या अन्य आंदोलनात्मक कदम उठाने को विवश होंगे।

मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय भीमताल में प्राथमिक शिक्षकों के अनिवार्य वार्षिक एवं अनुरोध स्थानांतरण को लेकर काउंसलिंग प्रक्रिया की गई परंतु बवाल तब हुआ जब प्रक्रिया के लिए विभाग द्वारा रिक्तियों का प्रकाशन किया गया जिसको लेकर काउंसलिंग में मौजूद शिक्षक भड़क उठे। उन्होंने कहा की विभाग द्वारा पूर्व में काउंसलिंग के लिए जो रिक्त स्थानों की सूची पोर्टल पर डाली गई थी उसमें और जिस सूची पर काउंसलिंग कराई जा रही है भारी खामियां थी, काउंसलिंग सूची में अधिकांश विद्यालय गायब कर दिए गए थे, जिसको लेकर शिक्षकों एवं संघ पदाधिकारी द्वारा आपत्ति दर्ज कर कहा गया कि मनचाहे व्यक्तियों को लाभ देने के लिए ऐसा किया गया है, जिसको लेकर विभाग का कहना था कि रिक्तियां आरटीई के तहत बनाई गई हैं।

स्वास्थ्य डेंगू से पीड़ित मरीज भी पहुंच रहे अस्पताल, अब तक नहीं मिला कोई मामला, बेस अस्पताल में डायरिया के छह मरीज भर्ती

अस्पतालों में बढ़ने लगे पीलिया और डायरिया के मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में इन दिनों पीलिया और डायरिया के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं बुखार से पीड़ित मरीज भी प्रतिदिन आ रहे हैं। जिनके ब्लड सैंपल डेंगू जांच के लिए लैब भेजे जा रहे हैं। हालांकि अभी तक डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में प्रतिदिन छह से सात डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। यहां वर्तमान में करीब छह डायरिया के मरीज भर्ती हैं। वहीं पीलिया के मरीज भी रोजाना ओपीडी में आ रहे हैं, लेकिन अभी तक पीलिया के किसी रोगी को भर्ती करने की नौबत नहीं आई है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है। लोगों को दूषित पानी के सेवन से बचना होगा। पानी उबालकर ही पीना चाहिए, जिससे दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव हो सके। इधर, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भी पीलिया से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल की आईपीडी में पीलिया के मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा डायरिया के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। यहां ऐसे भी मरीज आ रहे हैं, जिनमें डेंगू के लक्षण मिल रहे हैं। इन मरीजों के रक्त के नमूने लैब में जांच के लिए भेजे गये हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही डेंगू की पुष्टि हो पायेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डेंगू को लेकर अस्पताल प्रशासन की तैयारी पूरी है। इस बार जुलाई माह की शुरूआत में ही काफी बारिश हो गई है। जिस वजह से जगह-जगह जलभराव हो गया है। यह मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है।

बेस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

एसटीएच में जल्द लगेंगे सोलर पैनल

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में जल्द सोलर पैनल लगाए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि सोलर पैनल लगाने के निर्देश शासन से मिले हैं। शासन की ओर से सर्वे कराया जाएगा कि मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन अस्पतालों में कितने किलोवॉट के सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। कोशिश रहेगी कि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में जितनी बिजली की खपत होती है, उतने किलोवॉट की सौर ऊर्जा पैदा की जा सके।

काठगोदाम, देवलढूंगा और दमुवाढूंगा में पहुंची टीमें

हल्द्वानी : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बढ़ रही बीमारियों को देखते हुए गुरुवार को काठगोदाम, देवलढूंगा और दमुवाढूंगा क्षेत्र का दौरा किया। यहां जलभराव वाले क्षेत्र में ओआरएस, कैल्शियम और बुखार की गोलियां दी गईं। साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को जल जनित और वेक्टर जनित रोगों के बारे में जागरुक किया गया।

राप्रावि खैरना की हालत खस्ताहाल

गरमपानी, अमृत विचार : बरसात में स्कूली भवनों की दुर्दशा से नौनिहालों की जिंदगी पर खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है बावजूद सुध नहीं ली जा रही है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खैरना के भवन की छत जीर्णशीर्ण हालत में पहुंच चुकी है। मजबूरी में नौनिहाल स्कूल के आंगन में प्राथमिक शिक्षा का पाठ ले रहे हैं। ये हालत तब है जब खुद शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत विद्यालय का निरीक्षण कर तीस लाख रुपये से नए भवन के निर्माण की भी घोषणा कर चुके हैं बावजूद हालत जस की तस है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्र के सत्रह नौनिहाल प्राथमिक शिक्षा का पाठ ले रहे हैं। कक्षा कक्षों पर मंडरा रहा खतरा बड़ी अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है बावजूद सुध नहीं ली जा रही।

सार-संक्षेप

पहाड़ी से गिरे बोल्डर से फलदार पेड़ नष्ट

गरमपानी : बारिश थमने के बाद निकली धूप में भी पहाड़ियों के दरकने का सिलसिला जारी रहा। रामगढ़ ब्लॉक के हली ग्राम पंचायत के हलिया तोक के थान देव की पहाड़ी से जोरदार धमाके के साथ विशालकाय बोल्डर गिरने से लोग भी सख्ते में आ गए। इससे बगीचे में आड़ू, पूलम व खुमानी के पेड़ नष्ट हो गए। सड़क भी प्रभावित हो गई। फल उत्पादक किसान नारायण दत्त तिवारी, पितांबर जोशी, दीप चंद्र, हेम चन्द्र, दुर्गा दत्त, दया किसन जोशी, सुरेश जोशी, भुवन चंद्र आदि ने बताया कि आड़ू, पूलम व खुमानी के पेड़ नष्ट हो गए हैं। भाजपा नेता नरेंद्र सिंह बिष्ट ने किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है।

स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू से बचाव का संदेश दिया

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के लोहाली क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने विशेष अभियान चलाकर लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी नौनिहालों को तमाम जानकारियां दी गई। सीएचओ प्रीति पांडे की अगुवाई में चलाए गए अभियान में ग्रामीणों को संक्रामक डेंगू से बचाव की जानकारी दी गई। सीएचओ प्रीति ने बासी भोजन से दूर रहने तथा बच्चों को गंदगी से दूर रखने को कहा। डेंगू के प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दे लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकों से तत्काल संपर्क साधने की अपील की। इस दौरान एएनएम नम्रता जोशी, आशा कार्यकर्ता उमा देवी, ममता भट्ट आदि मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

बाढ़ प्रभावितों के नुकसान का जल्द आंकलन दें अधिकारी

रामनगर : विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम सेमलखलिया, सवाल्दे पूर्वी का निरीक्षण किया। विधायक बिष्ट ने बाढ़ पीड़ित किसानों से कहा की सरकार आपके साथ है और सभी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलवाया जायेगा। किसानों की भूमि कटाव के लिए भी प्रशासन को उन्होंने निर्देशित किया गया, उनकी विधानसभा में जहां जहां बाढ़ से भूमि कटाव या अन्य नुकसान हुआ है उनका आकलन गठित कर शासन को शीघ्र भेजे। जिससे उनको उचित मुआवजा दिलवाया जा सके। निरीक्षण में पूर्व मंडी अध्यक्ष मान सिंह अधिकारी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता कृपाल सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह, क्षेत्र पंचायत किरन रावत, संतोष रावत, पुष्पेंद्र नेगी, ग्रामीण मण्डल मंत्री इन्दर लाल विभाग के एई महेन्द्र मस्यूनी, जेई राजकुमार मौजूद रहे।

रामनगर में पत्रकार जितेन्द्र पपनै की याद में मौन रखकर श्रद्धांजलि देते साथी।

युवा साथी की भरपाई होना मुश्किल है : दुर्रानी

रामनगर : भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के तत्वावधान में वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र पपने के अकास्मिक निधन पर शोक श्रद्धांजलि सभा ग्रीन वैली नगर पालिका में आयोजित की गई, जिसमें भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष समीम दुर्रानी ने कहा कि रामनगर के पत्रकारों ने आपने एक युवा साथी को खो दिया। जिसकी भरपाई होना मुशिकल है। दु :ख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति ईश्वर उनके परिजनों को दे। संचालन जिलाध्यक्ष कलीमुद्दीन चौधरी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल रावत, प्रदेश विधिक सलाहकार ऐडवोकेट राजेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश चौहान, प्रदेश सचिव जाहिद हबीब इदरीसी, प्रदेश सचिव रोहित कार्की, गढ़वाल मंडल प्रभारी फैजान अहमद, नगर अध्यक्ष जलीस अहमद कासमी, नगर उपाध्यक्ष मुकेश रत्नाकर, शमशाद अली आदि मौजूद रहे।

भीमताल में विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद लोग।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएं बताईं

भीमताल : विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष पर क्रिस्टल इन होटल विकास भवन रोड भीमताल में नवाब खान ने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कराया। जिला विधिक एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष लोक अदालत, उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत में भरण पोषण के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, फौजदारी आदि मामलों पर न्याय दिलाने के बारे में बताया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य आदि के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

निस्वार्थ भाव से सेवा करने वालों का सम्मान

पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को दिया प्रशंसा पत्र और टी-शर्ट

कार्यक्रम

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी भी हुए सम्मानित
- कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : निस्वार्थ भाव से पुलिस की मदद करते हुए यातायात सुचारू करने में लगे वॉलिंटियर्स को पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने सम्मानित किया। उन्हें प्रशंसा पत्र सौंपा और सम्मान स्वरूप टी-शर्ट वितरित की। इसके अलावा कुमाऊं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया।

गुरुवार को कोतवाली सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया गया। जिसमें अंकित सुयाल, चेतन फुलारा, परमजीत सिंह, जानकी थापा, भूपेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, वरनजीत सिंह, ललित, मो. खलील, जसप्रीत सिंह, करनैल सिंह, संदीप कुमार, दिलजीत सिंह, चित्रांश सक्सेना और अभिषेक तोमर थे। इसके साथ ही कुमाऊं के अलग-अलग जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान डीआईजी ने कहा कि भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा और गलत कार्य करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

सम्मानित ट्रैफिक वॉलिंटियर्स के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

इन पुलिस कर्मियों किया सम्मानित

ऊधमसिंह नगर से दिनेशपुर थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत, कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी, काशीपुर एसओजी प्रभारी प्रकाश चन्द्र, मंझोला चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल दिनेश चंद्र, कां. कमल किशोर, नैनीताल से एसआई भुवन चंद्र जोशी, एसआई दलीप सिंह, एसआई गौरव जोशी, कांस्टेबल नैनीतारा, कां. चनीराम, कां. राजेश बिष्ट, अल्मोड़ा से कां. कविन्द्र सिंह, हे.कां. सुरेन्द्र सिंह, कां. नीरज बिष्ट, पिथौरागढ़ से कां. प्रदीप गिरी, कां. राजेन्द्र सिंह, कां. प्रकाश नगरकोटी, कां. जगदीश अधिकारी, बागेश्वर से हे.कां. पुष्कर टम्टा, हे. कां. महेन्द्र पालनी, कां. नरेन्द्र गोस्वामी और चम्पावत जिले से हे.कां. धीरेन्द्र सिंह, हेड कां. हरीश सिंह और कां. हेमचन्द्र मेहरा थे।

डीआईजी ने ऊधमसिंह नगर को 60, नैनीताल को 60, अल्मोड़ा को 30, पिथौरागढ़ को 30, बागेश्वर को 30 और चम्पावत को 30 रेन कोट वितरित किए। इस मौके पर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरबंस सिंह, सीओ नितिन लोहनी व अन्य थे।

नगर निगम और गौशाला में लगेंगे जल संचयन टैंक

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम के कार्यालय और हल्दूचौड़ के गंगापुर कबडवाल स्थित निर्माणाधीन स्थायी गौशाला में जल्द वर्षा जल संचयन टैंक लगाए जाएंगे। जिससे पानी की बचत होगी। साथ ही शहर में एक पिंक शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा।

नगर निगम ने दो वर्षा जल संचयन टैंकों, एक पिंक शौचालय के निर्माण के लिए निविदा निकाली थी। जिसकी प्रक्रिया गुरुवार को निगम कार्यालय में पूरी की गई। निविदा में दर्जनों ठेकेदारों ने प्रतिभाग किया। नगर निगम में वर्षा जल संचयन टैंक करीब 12.59 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जायेगा। वहीं गौशाला में जल संचयन टैंक व निराश्रित पशुओं के लिए हौदी निर्माण में लगभग 20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा बेस अस्पताल के करीब पिंक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। पिंक शौचालय के निर्माण के लिए नगर निगम को जिला विकास प्राधिकरण से करीब 23 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। नगर निगम के उप आयुक्त तुषार सैनी ने बताया कि सभी कार्य तीन माह में पूरे किए जाएंगे।

सार-संक्षेप

जमरानी का दौरा करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

विधायक कैड़ा ने अतिवृष्टि से नुकसान का लिया जायजा

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को अमिया, आना, डहरा, अमृतपुर, जमरानी का दौरा किया और अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अमिया, आना सहित कई गांवों में गौला नदी से हो रहे भूकटाव से ग्रामीणों की जमीन व मकानों को खतरा बना हुआ था। भूकटाव की रोकथाम के लिए सिंचाई विभाग से चार करोड़ के सुरक्षात्मक कार्य ब्लॉक व चैकडैम बनवाए थे। उन्होंने कहा कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के कई गांवों नदियों के समीप हैं, नदियों से कटाव से किसानों की जमीन लगातार बह रही है। इस कटाव की रोकथाम के लिए सिंचाई, लोक निर्माण विभाग को दैवीय आपदा से प्रस्ताव बनाने को कहा गया है।

एमबीपीजी के प्रियांशु गुप्ता बने साइंटिस्ट

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान के छात्र प्रियांशु गुप्ता साइंटिस्ट बन गए हैं। उन्हें इंडियन प्लाजमा रिसर्च इंस्टीट्यूट में साइंटिस्ट के पद पर नियुक्ति मिली है। कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी और भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों समेत समस्त कॉलेज परिवार ने प्रियांशु को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। प्रियांशु इससे पूर्व एमएससी के दौरान सीएसआईआर नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) और गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

राज्य आंदोलनकारी रमेश पंत का निधन, शोक

हल्द्वानी : राज्य आंदोलनकारी व घाटी जन विकास संस्था के अध्यक्ष 65 वर्षीय रमेश चंद्र पंत का बुधवार को निधन हो गया। गुरुवार को रानीबाग चित्रशिला घाट में उनकी अंत्येष्टि हुई। स्व. पंत अपने पीछे पत्नी, दो बेटे, नाती पोते को छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, प्रकाश पांडे, कमलेश पांडे, भुवन जोशी, गणेश सिंह बिष्ट, हरेंद्र सिंह बिष्ट, तारा सिंह बिष्ट, पान सिंह सिजवाली, डॉ. सुरेश डालाकोटी ने शोक व्यक्त किया।

शिवाजी कॉलोनी की महिलाओं ने विधायक भगत सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शिवाजी कॉलोनी की महिलाओं ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी की सड़कों के निर्माण और कॉलोनी में जलभराव से संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचाव की मांग की।

गुरुवार को शिवाजी कॉलोनी की दर्जनों महिलाएं विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर पहुंचीं। यहां उन्होंने भगत को ज्ञापन सौंप कर कहा कि शिवाजी कॉलोनी में पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। इस वजह से पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से कॉलोनी की सड़कों में जलभराव हो गया है। ऐसे में जमा पानी में मच्छरों के पनपने से डेंगू, मलेरिया जैसे जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं जलभराव से कॉलोनी की सड़कें बदतर हो गई हैं। भगत ने बताया कि डामरीकरण के लिए बजट आवंटित हो गया है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने दोनों समस्याओं के समाधान की मांग की। इस पर विधायक भगत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से सड़क निर्माण से पूर्व मिट्टी भरान नहीं हो पाएगा। विधायक ने जल्द डामरीकरण शुरू करने को कहा। इस दौरान पप्पू मौर्य, रेखा मौर्य, विकानी लाल, मुकेश सिंह, शोभा, सुनीता मौर्य, अमन मौर्य, अनीता कश्यप आदि मौजूद रहीं।

विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन सौंपती महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रदेश के 136 गांव आदर्श ग्राम घोषित

हल्द्वानी, अमृत विचार : समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगाई ने गुरुवार को सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राज्य के चयनित 385 गांवों में से 136 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित कर दिया गया है।

निदेशक ने जिला समाज कल्याण अधिकारियों को केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित कार्यक्षेत्रों और मानकों के अनुसार चयनित ग्रामों में विकास कार्य पूरे कराते हुए शत-प्रतिशत ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत राज्य के 385 ग्रामों के 83074 परिवारों का हाउस होल्ड सर्वेक्षण पूरा करते हुए पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिये।

तीन इलाकों में नलकूप खराब, लोग हुए परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के राजपुरा, गौलापार और खेड़ा क्षेत्र में नलकूप खराब पड़े हैं। जिस कारण कई क्षेत्रों में पेयजल संकट बना हुआ है। लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। हालांकि जल संस्थान पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति करा रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है।

राजपुरा पुलिस चौकी के समीप बना नलकूप पिछले सात दिन से खराब पड़ा है। जिससे क्षेत्र के 500 से अधिक परिवारों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। वहीं ब्लॉक कार्यालय परिसर में लगा नलकूप पिछले 4 दिन से खराब है। कुछ सप्ताह पूर्व ही नलकूप की मोटर ठीक हुई थी। दोबारा नलकूप खराब होने से मरम्मत कार्य पर सवाल उठ रहे हैं। गौलापार क्षेत्र के खेड़ा में भी नलकूप खराब हो गया है। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि खराब नलकूपों की मरम्मत की जा रही है। जल्द ही आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

टैंकरों के भरोसे लोग

शहर के जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित है वहां जल संस्थान टैंकरों के जरिये आपूर्ति करा रहा है। काठगोदाम, इंदिरानगर, गौलागेट, राजपुरा, नरीमन चौराहा, वारसी कॉलोनी, गौजाजाली, अबंडेकर नगर क्षेत्र में रोजाना टैंकरों से पानी की आपूर्ति हो रही है। टैंकर पहुंचते ही पानी भरने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह। ● अमृत विचार

बैठक में आवंटित बजट खर्च करने पर चर्चा

हल्द्वानी : खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने गुरुवार को जीजीआईसी हल्द्वानी में ब्लॉक के समस्त स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। इस दौरान समग्र शिक्षा के अंतर्गत आवंटित बजट खर्च करने, स्कूलों के निर्माण कार्य, ड्रेस वितरण, परिषदीय परीक्षा 2023 और 2024 के परीक्षाफल का अंतर, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या और आवेदन नहीं करने वाले छात्रों का विवरण आदि की समीक्षा की। साथ ही जीर्ण-शीर्ण विद्यालय और कक्षा कक्षों की स्थिति, मानसून व आपदा से बचाव के संबंध सहित कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में विद्या समीक्षा केंद्र में प्रतिदिन उपस्थिति की समीक्षा भी की गई।

लॉपिंग के चलते गुल रही बिजली, लोग परेशान

हल्द्वानी : शहर के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को बिजली की आंखमिचौली रही। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। रामपुर रोड, समता आश्रम गली, बाजार क्षेत्र, राजपुरा, मुखानी, बनभूलपुरा, नैनी विहार कॉलोनी समेत दर्जनों इलाकों में सुबह से शाम तक बिजली आती-जाती रही। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पेड़ों की लापिंग के चलते कुछ इलाकों में थोड़ी देर के लिए शटडाउन लिया गया था। कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी।

अंग्रेजी, इतिहास, हिन्दीॅ विज्ञान में मिलेगा प्रवेश

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में अब स्नातक प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी, इतिहास, हिन्दी और राजनीति विज्ञान में छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिलेगा। उच्च शिक्षा निदेशालय से बीते वर्ष की तरह छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति मिल गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि अब हिंदी में बीते वर्ष की तरह 1546, अंग्रेजी में 1268, इतिहास में 1558, राजनीति विज्ञान में 2039 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने सभी छात्रों से 15 जुलाई तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर 20 जुलाई तक शुल्क जमा करने कहा है।

बंद पड़ी ग्रामीण सड़कों को खोलने में लापरवाही का आरोप

गरमपानी : लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बाद बंद पड़ी ग्रामीण सड़कों को सही ढंग से न खोले जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। सड़कों से मलबा हटाए जाने व नालियों व कलमठों को न खोलने से नाराज आरटीआई कार्यकर्ता ने शिकायत मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज करा दी है। आरोप लगाया कि महज आवाजाही लायक मलबा हटाकर इतिश्री की जा रही है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग उठाई हैं। लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बाद बेतालघाट ब्लॉक की कई महत्वपूर्ण सड़कों पर जगह-जगह भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई। गांवों के बाशिंदों को आवाजाही में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा। आरटीआई कार्यकर्ता कृपाल सिंह मेहरा ने आरोप लगाया कि शहीद बलवंत सिंह भुजान-बर्धो मोटर मार्ग पर काली पहाड़ी के समीप महज वन वे आवाजाही लायक मलबा हटाकर इतिश्री कर दी गई है जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर नाली व कलमठ न खोले जाने से जलभराव बड़ी समस्या बन चुका है।

किसानों की संख्या बढ़ी दुग्ध उत्पादन में गिरावट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले में दुग्ध संघ से जुड़े पशुपालकों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन दुग्ध उत्पादन में गिरावट आ रही है। दूध की कमी की भरपाई पूर्व में भंडारण किए गए पाउडर से की जा रही है।

दुग्ध संघ जिलेभर के पशुपालकों से दूध एकत्र कर आंचल नाम से दूध व अन्य उत्पाद बेचता है। जून माह में दुग्ध उत्पादन में गिरावट आई है। अप्रैल माह में प्रतिदिन औसतन 1.11 लाख लीटर दूध का उत्पादन हुआ तो मई में यह गिरकर प्रतिदिन करीब 1.06 लाख लीटर रहा गया, जो जून माह में औसतन 99 हजार लीटर प्रतिदिन हो गया। हालांकि, पिछले वर्ष जून माह की तुलना में इस वर्ष दुग्ध उत्पादन में प्रतिदिन औसतन 11 हजार लीटर की बढ़ोतरी हुई है। जून 2023 में दुग्ध उत्पादन औसतन प्रतिदिन 88 लाख लीटर था। इधर, दुग्ध संघ से जुड़े पशुपालकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल में पशुपालकों की संख्या 25,387 थी, जो मई में गिरकर 25,323 हो गई। जून माह में इनकी संख्या बढ़कर 25,679 हो गई। मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि अप्रैल से सितंबर माह तक दुग्ध उत्पादन में कमी आती है। इस दौरान पशुओं की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। आंचल के मार्केटिंग प्रभारी संजय भाकुनी ने बताया कि अतिरिक्त दूध होने पर उसे पाउडर में बदलकर उसका भंडारण किया जाता है, जो एक साल तक खराब नहीं होता है।

काउंसलिंग प्रक्रिया दोबारा कराने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षकों के अनिवार्य वार्षिक स्थानांतरण के अंतर्गत जिले में 8 व 9 जुलाई को हुई काउंसलिंग प्रक्रिया में खामियों के चलते जमकर हंगामा हुआ था। जिस कारण मुख्य विकास अधिकारी को काउंसलिंग बीच में ही छोड़कर निकलना पड़ा था।

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा महानिदेशक और निदेशक को पत्र भेजकर दोबारा काउंसलिंग प्रक्रिया कराने की मांग की है। कहना है कि जब अधिकांश पदों पर स्थानांतरण नहीं किये जाने थे तो खराब मौसम में जान जोखिम में डालकर शिक्षकों को क्यों बुलाया गया। समिति के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि शासन ने अनिवार्य स्थानांतरण की समय सीमा बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है, इसलिए फिर से प्रभावी काउंसलिंग करायी जानी चाहिए।

भवन कर की बढ़ी दरें नहीं होंगी लागू

अच्छी खबर

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिलाधिकारी ने दिया निरस्तीकरण का आदेश
- नगर निगम ने गुपचुप तरीके से की थी अप्रैल माह से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम की ओर से गुपचुप तरीके से बढ़ाए गए भवन कर को शासन ने निरस्त कर दिया है। मानक प्रक्रिया का पालन और विधिवत अनुमोदन न होने के कारण मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीएम ने कर वृद्धि को निरस्त करने का आदेश दिया है।

नगर निगम ने अप्रैल माह से भवन कर में 15 प्रतिशत की वृद्धि कर दी थी, जिसे 31 मार्च 2028 तक लागू किया गया था। प्रत्येक चार वर्ष में भवन कर में वृद्धि की जाती है, लेकिन इसमें मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने से मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीएम ने इसे निरस्त कर दिया है। भविष्य में विधिवत प्रक्रिया का पालन कर भवन कर में बढ़ोतरी की जाएगी। भवन कर बढ़ाने के लिए नगर निगम को समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर लोगों से आपत्तियां मांगनी होती हैं। इसके निस्तारण के बाद ही भवन कर में बढ़ोतरी की जाती है। नगर निगम ने दावा किया था कि उसने अखबारों में भवन कर बढ़ाने का विज्ञापन दिया, लेकिन एक भी आपत्ति नहीं आई, इसलिए पहले की तरह न्यूनतम 15 प्रतिशत भवन कर बढ़ा दिया गया। कई पार्षदों ने इस पर आपत्ति की, जिसके बाद यह मामला सामने आया। नगर निगम के उप आयुक्त तुषार सैनी ने बताया कि शासनादेश के बाद बढ़े हुए भवन कर को फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। इधर, अप्रैल माह से अब तक जिन लोगों ने बढ़ी हुई दर से भवन कर जमा किया है उस पर संशय बना हुआ है।

आयोजन राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं को दी गई विभिन्न जानकारी

पौधरोपण के साथ कॉलेज में हुआ इंडक्शन कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में नए शिक्षा सत्र के पहले दिन नवप्रवेशित छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने नवप्रवेशित छात्राओं को कॉलेज के इतिहास और शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. रेखा जोशी ने एनसीसी और एंटी रैगिंग से संबंधित जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी ने एनएसएस से संबंधित जानकारी दी। कॉलेज की करियर काउंसलिंग समिति की प्रभारी प्रो. रश्मि पंत ने छात्राओं को समिति के क्रियाकलापों और पिछले वर्षों में आयोजित किए गए सत्रों के बारे में बताया। डॉ. विद्या कुमारी ने छात्राओं को रोवर रेंजर के प्रमाण पत्रों की उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान बीकॉम ऑनर्स प्रभारी डॉ. फकीर सिंह, प्लेसमेंट सेल और एनएसएस के अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने समितियों के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से छात्राओं को रूबरू करवाया।

महिला महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करती प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित व अन्य। ● अमृत विचार

पहले दिन एमबीपीजी में हुए 81 प्रवेश

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार को पहले दिन 81 छात्र-छात्राओं के प्रवेश हुए। कॉलेज में हंगामे के बाद कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। इस दौरान बीए प्रथम सेमेस्टर में 38, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 21, बीएससी प्रथम सेमेस्टर पीसीएम में 12 और बीएससी प्रथम सेमेस्टर बॉयोलॉजी में 10 छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन हो पाया। वहीं महिला डिग्री कॉलेज में 468 प्रवेश हुए, जिसमें बीए में 213, बीकॉम में 48, बीकॉम ऑनर्स में 53, बीएससी पीसीएम में 48 और बीएससी बॉयोलॉजी में 106 छात्रों ने प्रवेश लिया।

पौधरोपण के लिए टांडा प्लॉट संख्या 136 में गड्ढे तैयार करती वन विभाग की टीम।

18 प्रजातियों के पौधे लगाने में जुटा वन विभाग

हल्द्वानी, अमृत विचार : वन विभाग हरेला पर्व को देखते हुए टांडा प्लांट संख्या 136 में 18 प्रजातियों के पौधे लगाने में जुटा हुआ है। वन विभाग की ओर से विभिन्न रेंजों में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया गया है। हल्द्वानी रेंज के उत्तरी टांडा प्लांट नंबर 136 निकट बेलबाबा के पास 18 प्रजातियों के पौधे लगाये जायेंगे। इसके लिए वन विभाग ने गड्ढे तैयार कर लिए गए हैं। इसमें कंजी, अमलताल, बैणा, कंजी, जामुन, बेल, हल्दू, बास, कटनार, शीशम, नीम समेत अन्य 18 प्रजातियों के पौधे लगाये जायेंगे। हल्द्वानी रेंज के रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि हरेला पर्व पर राज्य भर में 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सबसे ज्यादा 17 लाख पौधे वन विभाग को लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी क्रम में हल्द्वानी के टांडा रेंज के 136 प्लांट नंबर पर पौधे लगाये जायेंगे। इन पौधों की मॉनिटरिंग वन विभाग के कर्मी समय-समय पर करते रहेंगे।

बकरी पालन योजना का 36 महिलाओं को मिलेगा लाभ

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोगों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार कई अनुदान वाली योजनाएं चला रही है, जिससे पलायन पर रोक लगाई जा सके। इसी क्रम में विधवा, आपदा प्रभावित व निराश्रित महिलाओं के लिए महिला बकरी पालन योजना चलाई जा रही है।

जिले में इस वर्ष 36 महिलाओं को योजना का मिलेगा। जिसके तहत एक महिला को तीन बकरी व एक बकरा खरीदने के लिए 35 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि इन दिनों लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है, उनका चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होता है।

सार-संक्षेप

खटीमा में मगरमच्छ का रेस्क्यू करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

टोल प्लाजा से मगरमच्छ पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

खटीमा : सितारगंज रोड पर स्थित टोल प्लाजा पर मगरमच्छ आ गया जिससे लोग भयभीत हो उठे। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। उपप्रभागीय वनाधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। टीम में वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, उत्तम सिंह राणा, शुभम, गंगा राम, अनुज मिश्रा, नबी अहमद, जय वीर आदि मौजूद थे।

नानकमत्ता में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर समस्या सुनते विधायक। ● अमृत विचार

विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

नानकमत्ता : विधायक गोपाल सिंह राणा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चैतुआखेड़ा और देवीपुर गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। गोपाल सिंह राणा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या का अति शीघ्र समाधान करने की बात कही।

खटीमा के सुनपहर में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त करने में जुटे विद्युतकर्मी।

क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों को दुरुस्त करने में जुटा विभाग

खटीमा : दैवीय आपदा में हल्दी घेरा पावर स्टेशन के दस ट्रांसफार्मर डैमेज हो गए जबकि 80 पोल और तारें क्षतिग्रस्त हो गईं। तीन दिन बाद भी दाह, ढाकी, मजगमी आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। जलभराव के चलते आपूर्ति सुचारू करने में विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उलानी फीडर के लाइनमैन गुरपाल सिंह ने बुधवार देर शाम गहरे पानी में उतरकर सुनपहर, उलानी, मेहरबान नगर आदि की विद्युत आपूर्ति सुचारू की। इसके चलते ग्रामीणों ने लाइनमैन के कार्य की सराहना की। अवर अभियंता विनोद जोशी ने बताया कि दैवीय आपदा से पावर स्टेशन को लगभग 30 लाख नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लाइन पर काम चल रहा है शीघ्र ही पूर्णरूप से आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

नगर आयुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

मुख्य बाजार में पानी भरने से व्यापारियों को नुकसान

काशीपुर : मानसून सीजन में मुख्य बाजार में भरने वाले बरसाती पानी की निकासी को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त विवेक राय को ज्ञापन सौंपा और गूल व नालियों की सफाई व्यवस्था की मांग की। सौंपे ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीते रोज एक घंटे की बारिश से तीन से चार फीट तक पानी भरने के कारण मुख्य बाजार समेत पूरा शहर जलमग्न हो गया। इसके कारण शहर के व्यापारियों को दुकानों में पानी भरने से नुकसान हुआ। साथ ही लोगों के घरों में भी पानी घुस गया जिसके कारण आम जनमानस का भी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की है कि जिन व्यापारियों व शहरवासियों को बरसात के कारण नुकसान हुआ उन्हें दो लाख की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को भी तुरंत पुख्ता किया जाए, जिससे लोगों को आने वाले दिनों में जलभराव की समस्या से निदान मिल सके। ज्ञापन देने वालों में केवल कृष्ण छाबड़ा, योगेश विश्नोई, सनत कुमार पैगिया, अनिल कुमार चावला, नरेश कुमार, राजकुमार सेठी, राजकुमार यादव, सुधांश सिंघवानी, राजू आदि शामिल रहे।

कोरम पूरा नहीं होने पर बीडीसी बैठक स्थगित, हंगामा

केवल 5 बीडीसी सदस्य और 3 ग्राम प्रधान पहुंचे बैठक में, बीडीसी सदस्यों ने जतायी नाराजगी, एक साल से स्थगित हो रही बैठक

बीडीसी बैठक के दौरान खाली पड़ीं कुर्सियां। ● अमृत विचार

कार्यालय में प्रदर्शन करते बीडीसी सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ब्लॉक कार्यालय में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और ग्राम प्रधानों की बोर्ड बैठक कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित हो गयी। इस दौरान 40 बीडीसी सदस्यों में से पांच और 42 ग्राम प्रधानों में से मात्र तीन प्रधान ही बैठक में पहुंचे थे। वहीं बैठक नहीं होने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नाराजगी भी जतायी।

गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय सभागार में बोर्ड बैठक सुबह 11 बजे तक आयोजित होनी थी। लेकिन 12 बजे तक ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा और पांच बीडीसी सदस्य और तीन ग्राम प्रधान ही पहुंचे। इसके अलावा नोडल अधिकारी व मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। साढ़े 12 बजे तक ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों का इंतजार किया, लेकिन कोरम पूरा नहीं हुआ। इस कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया।

वहीं बैठक स्थगित होने पर नारायणपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक मिश्रा, दरऊ के क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम का कहना था पिछले एक साल से इसी तरह बीडीसी बैठक को स्थगित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में रखने के लिए क्षेत्र की समस्याओं का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन बैठक नहीं होने से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। बीडीओ अशीत आनंद ने बताया कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों को घर-घर जाकर एजेंडे का पत्र दिया गया था। उन्होंने बताया कि सिर्फ दो क्षेत्र पंचायत घर नहीं मिले इस कारण बैठक की जानकारी उनके घर पर परिजनों को दी गयी थी। कोरम पूरा होने के लिए 28 सदस्यों की आवश्यकता थी, लेकिन यह संख्या पूरी नहीं थी इस कारण बैठक को स्थगित किया गया।

बीडीसी सदस्यों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ब्लॉक कार्यालय में बीडीसी की बोर्ड बैठक स्थगित होने पर सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में सदस्यों ने सभागार के बाहर प्रदर्शन किया और नाराजगी जतायी। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि जब बैठक ही स्थगित करनी थी तो बुलाई क्यों। इससे उनका काफी समय बर्बाद हुआ है।

गुरुवार को सभागार के बाहर आक्रोशित बखपुर के बीडीसी सदस्य परमजीत सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में वृद्धा, दिव्यांग, किसान पेंशन से संबंधित कई समस्याएं थीं। इसको लेकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से वार्ता करनी थी। इसके अलावा विगत दिनों बारिश के कारण किसानों की धान की फसल को नुकसान हुआ है। इसको लेकर भी कृषि विभाग के अधिकारियों से वार्ता करनी थी, लेकिन बैठक स्थगित होने पर उनकी समस्या का निराकरण नहीं हुआ।

नारायणपुर के बीडीसी सदस्य दीपक मिश्रा ने कहा कि उनके क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़क की समस्या थी, लेकिन बैठक नहीं होने के कारण वे प्रस्ताव नहीं रख सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्य विकास अधिकारी से मिलकर ब्लॉक कार्यालय के सभी फंड की निकासी बंद करने की मांग की जाएगी। दरऊ के बीडीसी सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा पिछले पांच साल से यह नहीं बताया गया है कि एक बीडीसी का कितना बजट है। मनमानी कर प्रस्ताव पास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता सिंह, राखी जोशी, गुरुबाज सिंह, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

38 शिकायतों की सुनवाई, 13 का निस्तारण

कार्रवाई

- अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने की सुनवाई
- अनुपस्थित तीन अधिकारियों को हल्द्वानी में किया तलब

विकास भवन सभागार में सुनवाई करते आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने आयोग को प्राप्त 38 शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान 13 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि तीन प्रकरणों में 9 लाख के राहत चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही एक प्रकरण सीबीसीआईडी को, एक एसआईटी को और एक प्रकरण पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं को हस्तांतरित किया गया। वहीं तीन अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के साथ 18 जुलाई को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में तलब किया गया है।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोग उपाध्यक्ष ने करंट लगने से सराफत अली के पुत्र की मृत्यु प्रकरण की सुनवाई की। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा सराफत अली को आयोग के माध्यम से चार लाख का चेक दिया गया। इसी तरह सड़क दुर्घटना में सादिया के पति व पुत्र के मृत्यु प्रकरण में मुख्यमंत्री राहत कोष से सादिया को 2.50 लाख, दुर्घटना में जख्मी रासिद को 1.25 लाख व जख्मी आसिफ को 1.25 लाख का चेक दिया गया। मसूद हुसैन अंसारी सहायक अध्यापक उर्दू के प्रकरण में आयोग द्वारा आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अपर निदेशक माध्यमिक कुमाऊं को दिए गए थे। उनके अनुपस्थित रहने पर उन्हें आगामी 18 जुलाई को स्पष्टीकरण के साथ कैंप कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये।

इसके अलावा मो. फैजान अल्वी केलाखेड़ा के प्रकरण में आयोग ने जांच समिति गठित कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड कुमाऊं को दिए। उनके अनुपस्थित रहने पर उन्हें भी स्पष्टीकरण के साथ 18 जुलाई को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये। अयूब अंसारी निवासी पहाड़गंज रुद्रपुर के प्रकरण पर उप जिलाधिकारी को भी 18 जुलाई को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये। सुनवाई के दौरान अनीस अहमद ने पुलिस जांच से असंतुष्टता व्यक्त की गयी जिस पर आयोग उपाध्यक्ष ने जांच को सीबीसीआईडी को हस्तांतरित करने के आदेश दिए। इसी तरह तबस्सुम अबरार सिद्दीकी प्रकरण को एसआईटी को प्रेषित किया गया। मो. आसिफ ने अपने प्रकरण में थाना बदलाव की बात रखी जिस पर आयोग ने उप महानिरीक्षक पुलिस को थाना बदलाव के लिए प्रकरण हस्तगत किया गया। इस दौरान उन्होंने आयोग के मामलों व वादों को गंभीरता से लेने व उनका समय पर निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिकायती वादों की सुनवाई में आयोग के सदस्य मो. तसलीम, सचिव जेएस रावत सहित वादकारी व अधिकारी मौजूद थे।

नदी या उसके समीप जाने वालों पर होगी कार्रवाई

रुद्रपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष उदयराज सिंह ने बताया कि विगत 8 जुलाई को नानकमत्ता क्षेत्र में ग्राम पिपलिया पिस्तौर के एक व्यक्ति की डैम के निकट जाने से मृत्यु हो गई है। इसके अलावा भी इस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं। राजस्व विभाग की चेतावनी के बावजूद ऐसे बाढ़ग्रस्त स्थानों पर अनावश्यक रूप से लोगों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने बताया कि मानसून काल में बाढ़ के दृष्टिगत जारी चेतावनी को देखते हुए नदी अथवा उसके समीपवर्ती बाढ़ क्षेत्र में प्रवेश वर्जित होगा। इसके अतिरिक्त बाढ़ ग्रस्त नाले, सिंचाई नहर, जलाशयों और झील एवं अन्य जल निकासी क्षेत्रों में प्रवेश करना भी वर्जित होगा, जो भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा, बिना किसी वैध कारण एवं अनुज्ञा के वर्जित स्थानों पर भ्रमण करता हुआ पाया जायेगा तो आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 के तहत उस पर कार्रवाई होगी।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./कै.ठे.पत्रा./2024-25/187 दिनांक : 11 जुलाई, 2024

निविदा आमन्त्रण सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर) द्वारा दिनांक 01-08-2024 से दिनांक 31-03-2025 तक की अवधि हेतु इच्छुक व्यक्ति / पंजीकृत फर्मों से मण्डी स्थल, बगवाड़ा में निर्मित कैण्टीन को ठेके पर देने हेतु अधिकतम दरों की निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। कैण्टीन ठेके हेतु निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर समिति कार्यालय से दिनांक 23-07-2024 की अपराह्न 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की अन्य शर्तें एवं नियम समिति कार्यालय के सूचना-पटट् पर देखी जा सकती हैं।

(विश्वविजय सिंह देव) सचिव
(मनीष बिष्ट) प्रभारी अधिकारी / उपजिलाधिकारी

हटाने से पहले हो पुनर्वास की व्यवस्था

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कल्याणी और बैगुल नदी किनारे वर्षों से रह रहे लोगों को प्रशासन की ओर से दिए जा रहे नोटिस को लेकर विधायक शिव अरोरा ने लोगों के साथ डीएम से मुलाकात की। इस दौरान विधायक अरोरा ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह के समक्ष समस्या को रखा। डीएम के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद नदी किनारे बसे लोगों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार को विधायक अरोरा के नेतृत्व में कल्याणी और बैगुल नदी किनारे बसे लोग डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि नदी से 20-20 मीटर चिन्हीकरण कर लोगों को अतिक्रमण के नोटिस थमाए गए हैं। इसको लेकर कुछ दिन पहले उन्होंने नदी किनारे स्थलीय निरीक्षण किया था। नदी किनारे रह रहे लोग जिनके घरों से नदी के वेग प्रवाह पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता हो उनके खिलाफ ऐसी कोई भी कार्रवाई न की जाए। जो बिल्कुल नदी के बीच में आ रहे हैं उनको यदि हटाना आवश्यक है तो पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। इस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि जो मकान नदी की जद में आ रहे हैं उनको चिन्हित किया जाएगा और व्यावहारिक पक्ष ध्यान में रखते हुए कम से कम नुकसान के साथ नदी को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। जो अतिक्रमण की जद में आएंगे उनके पुनर्वास प्रकिया को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन केके दास, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर, राधेश शर्मा, निमित्त शर्मा, किरण विर्क, सुनील वाल्मीकि, मयंक कक्कड़, सुरेश गोरी, सुनील यादव, रोबिन विश्वास, अनमोल विर्क, गुन्नू चौधरी, रोबिन मंडल, अम्ल मंडल, शिवकुमार राय आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने ली आपदा राहत कार्यों की जानकारी

रुद्रपुर : कैबिनेट मंत्री और जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को फोन पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह से वार्ता कर जनपद में आपदा राहत कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 हजार परिवारों को 5-5 हजार की त्वरित राहत राशि दी जा रही है। भारी बारिश के कारण खटीमा में 2000 दुकानों में नुकसान होने के कारण उन्हें भी सहायता दी जा रही है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

हालात कॉलोनी वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा, पालिका प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से खफा हैं लोग

बारिश थमने के बाद भी पंचशील कॉलोनी में जलभराव

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार: बारिश थमने के बाद भी पंचशील कॉलोनी में जलभराव हो रहा है। इससे कॉलोनी ने झील का रूप धारण कर लिया है। जलभराव से कॉलोनी वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भारी बारिश से जसपुर के वार्ड नंबर 3 के अंतर्गत आने वाली पंचशील कॉलोनी में जबर्दस्त जलभराव हो गया है। वर्षा के दौरान कॉलोनी वासियों के घरों के सामने सड़कों पर पानी नदी की तरह से बहता रहा। वर्षा रुकने के बाद भी कॉलोनी में भरा पानी अभी तक नहीं निकल पाया है। लोग नगर पालिका प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को कोस रहे हैं।

बारिश के पानी में डूबी जसपुर की वार्ड नंबर 3 की पंचशील कॉलोनी। ● अमृत विचार

खेतों में प्लॉट खरीदकर लोगों ने बनाए हैं मकान

जसपुर : यह नई कॉलोनी है जो जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग पर बसी हुई है। लोगों ने खेतों में प्लॉट खरीद कर अपने मकान बना लिए हैं। कुछ लोगों ने प्लॉट खरीदने के बाद मकान की नींव भरकर छोड़ दी है। कॉलोनी में नाले-नालियों की कोई खास व्यवस्था नहीं है। इसके कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है।

वार्ड नंबर 3 की इस कॉलोनी में इसी बार नहीं बल्कि हर बार बरसात में कॉलोनी में जलभराव होता है। नेता कॉलोनी में आते हैं और स्थिति देख कर चले जाते हैं। काम कुछ नहीं हो पाता, जिससे जल भराव की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। - **भोपाल सिंह** निवासी वार्ड नंबर 3 जसपुर

कॉलोनी में होने वाले जल भराव की समस्या से नगर पालिका प्रशासन अनभिज्ञ नहीं है। जानकारी होते हुए भी नगर पालिका प्रशासन जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। -**सुनीता देवी** निवासी वार्ड नंबर 3, जसपुर।

कॉलोनी में जलभराव होने से कॉलोनी वासियों का आवागमन प्रभावित हो जाता है। छात्र-छात्राओं को भी स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल भराव की समस्या का समाधान किया जाए। - **प्रेरित कुमार**, निवासी वार्ड नंबर 3 जसपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

अवैध प्लाटिंग पर चली प्रशासन की जेसीबी

काशीपुर : काशीपुर में अवैध प्लाटिंग पर गुरुवार को जिला विकास प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय कार्यालय काशीपुर ने जेसीबी चलाई। जिला विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि ईदगाह के पीछे और गंगे बाबा शमशान घाट के पीछे दो अवैध कॉलोनियों को काट कर प्लाटिंग करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। गुरुवार को टीम ने अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। काशीपुर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण न किए जाने की हिदायत पहले दी जा चुकी थी। साथ ही पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था।

सूखी नहर से महिला का शव बरामद

खटीमा : थाना झनकईया पुलिस ने सूखी नहर से एक महिला का सड़ा गला शव बरामद किया है। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव इतना सड़ गया है कि शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि शव महिला का है और बुरी तरह से सड़ गल गया है। यह भी बताया कि शव लगभग 20-25 दिन पुराना है और कपड़े में लिपटा हुआ था। उन्होंने कहा कि सुखी नहर में वहीं शवदाह भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि सांप के काटे को लोग शव को पानी में बहा देते हैं। प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है।

घर के ताले तोड़ जेवर व नकदी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : गृहस्वामी की अनुपस्थिति में चोर एक मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवर, नकदी और स्टील की टोंटी चोरी कर ले गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम-मानुपुर कुन्दन सिंह कॉलोनी निवासी हरी प्रसाद शाह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 23 जून 2024 को वह अपने पैतृक निवास पटोटिया धुमाकोट पौड़ी गढ़वाल गया था। 25 जून 24 को पड़ोसियों ने कॉल कर उसे बताया कि मकान के ताले टूटे हुए हैं। उसी दिन वह अपने मकान पर पहुंचा तो पता चला कि घर में चोरी हुई है। चोर घर में लगी स्टील की 16 टोंटियां निकाल कर ले गये हैं। अलमारी के लॉकर को तोड़कर चोर सोने का हार, सोने की अंगूठी एवं 20 हजार रुपये की नकदी भी ले गए।

घर के बाहर से बाइक चोरी

काशीपुर : शिवनगर कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 16 जून की रात्रि करीब 9 बजे उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे चोर चोरी कर ले गये।

रुद्रपुर में काशीपुर हाईवे स्थित गांव दानपुर के पास अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

महिला को धक्का मारते कोतवाल व नीचे गिरती महिला। ● अमृत विचार

पथराव, बवाल के बीच ध्वस्त किए 46 झुग्गी-झोपड़ियां व मकान

पत्थर लगने से जेसीबी चालक हुआ चोटिल, पुलिस ने किया बल का प्रयोग, तोड़ा गया अतिक्रमण, पुलिस से विधायक की हुई तीखी नोकझोंक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: काशीपुर हाईवे स्थित दानपुर के पास पीडब्ल्यूडी की भूमि पर काबिज लोगों को हटाने के लिए गुरुवार को पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बवाल, पत्थरबाजी के बाद जहां जेसीबी चालक चोटिल हो गया। वहीं पुलिस ने बल का प्रयोग कर अराजकता फैलाने वाले युवकों को नियंत्रित किया। पुलिस की बर्बरता के खिलाफ विधायक शिव अरोरा की तीखी नोकझोंक हुई। आखिरकार जद्दोजहद के बाद प्रशासन ने चिन्हित अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

पिछले कुछ सालों से काशीपुर हाईवे स्थित ग्राम दानपुर हाईवे किनारे भगवानपुर कुलड़िया में पीडब्ल्यूडी की भूमि पर काबिज लोगों और पीडब्ल्यूडी में विवाद चल रहा था। जहां विभाग भूखंड को खाली कराने का प्रयास कर रहा था। वहीं कब्जा धारक न्यायालय की शरण लिए हुए थे। अदालत का फैसला आने के बाद गुरुवार को अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ओम पाल सिंह, विनोद चंद्र सनवाल सहायक अभियंता, पीसी बहुगुणा, हरीश सिंह, तहसीलदार दिनेश कुटोला और एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर की मौजूदगी में भारी संख्या पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

घटनास्थल पर तैनात भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

पत्थरबाजी के बाद युवकों को दबोचती पुलिस। ● अमृत विचार

इस बीच मामूली कहासुनी के बाद चिह्नित 46 झुग्गी-झोपड़ियों व कच्चे मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई, लेकिन अचानक टीम पर पत्थरबाजी होने के कारण माहौल खराब हो गया और जेसीबी चालक अशोक कुमार चोटिल हो गया।

वहीं पुलिस ने मामूली लाठीचार्ज कर अराजकता फैलाने वाले युवकों की धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने धरपकड़ का विरोध किया तो महिलाओं से भी धक्का मुक्की शुरू होने लगी। जिसे देखकर विधायक शिव अरोरा का पारा चढ़ गया और उन्होंने एसएसपी से फोन पर वार्ता कर बर्बरता पर नाराजगी जताई।

कोतवाल ने मारा महिला को धक्का, भड़के विधायक

विवाद

- विधायक की चेतावनी के बाद छोड़े गए युवक
- दोपहर बाद अचानक बिगड़ा माहौल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गुरुवार को उस वक्त अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में हंगामा और बल का प्रयोग हुआ जब कोतवाल ने एक महिला को धक्का मार कर नीचे गिरा दिया। इससे वहां मौजूद विधायक शिव अरोरा का पारा चढ़ गया और उन्होंने पुलिस प्रशासन को जमकर खरीखोटी सुनाई। साथ ही हिरासत में लिए गए चार युवकों को छुड़वाया।

गुरुवार को अतिक्रमण ध्वस्तीकरण को लेकर विधायक शिव अरोरा डीएम से मुलाकात करने के बाद जब गांव दानपुर अतिक्रमण स्थल पहुंचे। तभी अचानक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में लगी जेसीबी पर कुछ युवकों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। चालक के चोटिल होते ही पुलिस पत्थरबाजी के आरोपी युवकों को पकड़ने के लिए दौड़ी। तभी वहां मौजूद एक महिला ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इससे रुद्रपुर कोतवाल आवेश में आ गए और महिला को जोर से धक्का दे दिया।

महिला के नीचे गिरते ही मामला बिगड़ने लगा। पुलिस की बर्बरता शुरू होती देख विधायक अरोरा का पारा चढ़ गया और पुलिस को खरी खोटी सुनाने लगे। उन्होंने कहा कि वर्षों से काबिज लोगों का आशियाना टूटता देख हर कोई परेशान है। यदि पुलिस ने बर्बरता दिखाई तो वह इसका पुरजोर विरोध करेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि पुलिस ने किसी को भी हिरासत में लिया तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। विधायक की चेतावनी के बाद पुलिस ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोक दिया और हिरासत में लिए गए चार युवकों सहित महिला को छोड़ दिया।

एसएसपी से फोन पर नाराजगी जताते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

गिड़गिड़ाते रहे चिह्नित कब्जा धारक

रुद्रपुर : पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ हुई। इस दौरान कब्जा धारक लगातार अधिकारियों से कुछ देर के लिए राहत देने की गुहार लगाते रहे, लेकिन अधिकारियों ने न्यायालय का आदेश का हवाला देते हुए कब्जा धारकों की एक नहीं सुनी। इसके अलावा कुछ लोगों ने जेसीबी के आगे खड़े होकर घर का सामान निकालने तक की गुहार लगाई। कोई सुनवाई नहीं होने के कारण आंखों में आंसू लिए कब्जा धारक अपने आशियाना टूटता हुआ देख भावुक होने लगे।

रणनीति बनाकर प्रशासन ने तोड़ा अतिक्रमण

रुद्रपुर : दानपुर के समीप हाईवे किनारे बसे लोगों को हटाने की रणनीति तीन दिन पहले ही बन चुकी थी। यही कारण है कि गुरुवार को अचानक पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण ध्वस्त कराने पहुंचे। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में रुद्रपुर, गदरपुर, ट्रांजिट कैंप, पंतनगर सहित पीएसी की महिला व पुरुष की एक कंपनी को बुलाया गया था। सुबह 10 बजे ही हाईवे का यातायात वनवे कर दिया। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर यातायात को एकतरफा संचालित किया। इससे यह साफ हो गया था कि प्रशासन ने अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पहले ही बना ली थी।

> पीडब्ल्यूडी की भूमि पर काबिज लोगों का मामला उनके संज्ञान में था। न्यायालय का आदेश सर्वोपरि है। बावजूद प्रशासन को 24 घंटे का समय देना चाहिए था। इसलिए डीएम से मुलाकात की गई। जिस प्रकार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के नाम पर कोतवाल ने एक महिला को धक्का दिया और पुलिस कर्मियों द्वारा दौड़ा-दौड़ाकर युवकों को हिरासत में लिया, यह निंदनीय है। पुलिस की इस कार्य शैली की शिकायत आलाधिकारियों से की जाएगी।
>
> -**शिव अरोरा**, विधायक, रुद्रपुर

शिक्षिका के आरोपों पर भड़के कॉलेज के छात्र

हंगामा

- प्रदर्शन कर प्राचार्य का किया घेराव
- कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र और शिक्षिका विवाद प्रकरण से खफा विद्यार्थियों ने प्रदर्शन कर प्राचार्य का घेराव किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि शिक्षिका पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्कॉलरशिप को लेकर एक कार्यशाला चल रही थी। इसमें छात्र नागेंद्र शर्मा और ललित शर्मा भी पहुंच गए और कुर्सियां नहीं होने के कारण गैलरी में खड़े हो गए। जिसे देखकर वहां मौजूद एक शिक्षिका ने बैठने का इशारा किया, लेकिन कमर में दिक्कत होने के कारण छात्र नागेंद्र ने बैठने से इंकार कर दिया। इसके बाद शिक्षिका का पारा चढ़ गया और छात्र-शिक्षिका के बीच बहस बाजी हो गई।

शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

गुस्साई शिक्षिका ने प्राचार्य के पास जाकर छात्र पर अभद्रता करने का आरोप मढ़ दिया। इसकी भनक लगते ही छात्रों ने शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन कर प्राचार्य डीसी पंत का घेराव कर दिया। उनका कहना था कि छात्र द्वारा कोई अभद्रता नहीं की गई। इसकी पुष्टि वहां मौजूद शिक्षक द्वारा भी की गई है। ऐसे में शिक्षिका द्वारा झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्रों ने शिकायती पत्र देकर शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जसवीर गंगवार, अनुभव पाल, कमल चंद्र जोशी छात्र संघ अध्यक्ष, बॉबी गुप्ता, आदि शुक्ला समेत कई छात्र मौजूद रहे।

जन सेवा केंद्र खुलवाने का झांसा देकर 20 हजार ठगे

जसपुर : एक व्यक्ति से बैंक ऑफ़ बड़ौदा का जन सेवा केंद्र खुलवाने का झांसा देकर 20 हजार रुपये ठग लिए गए। जसपुर की आवास-विकास कॉलोनी निवासी कुलवंत सिंह का गुरुनानक देव ट्रेवल्स का कार्यालय है। उन्होंने कोतवाली में तहसील देकर कहा कि विगत 6 जून को मोहल्ला छड़ैल, हल्द्वानी निवासी कुलदीप सिंह और संतोष सिंह उनके पास आए। उन्होंने बैंक ऑफ़ बड़ौदा का जन सेवा केंद्र का काम दिलाने की बात कहते हुए 25000 रुपये की पॉलिसी खरीदने को कहा। इस पर उन्होंने जीपीएवाईएफ के माध्यम से 25000 रुपये अंकित भट्ट के नाम के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस पर उन्होंने उन्हें 5 हजार रुपये की पॉलिसी दी और बाकी 20000 रुपये की रकम गोल कर दी गई। साथ ही बैंक के सेवा केंद्र का काम भी नहीं दिलाया गया। पुलिस इस मामले की प्रारंभिक जांच कर रही है।

श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी

संवाददाता, सितारगंज/ रुद्रपुर

अमृत विचार: गुरुनानक नगरी गोठा में धार्मिक स्थल में घुसकर एक युवक द्वारा श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने श्री गुरुग्रंथ के स्वरूप को आग के हवाले कर खुद को भी जलाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया और आरोपी युवक को पकड़ लिया।

जानकारी के मुताबिक गुरुनानक नगरी गोठा में गुरुवार को अपराह्न तीन बजे गांव के ही रहने वाले किशन सिंह (20) ने गुरुद्वारा साहिब में जाकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को आग के हवाले कर दिया। साथ ही खुद को भी आग लगाने की कोशिश की। घटना के वक्त आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाल भूपेंद्र बृजवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीणों ने किशन सिंह को पुलिस को सौंप दिया। आग से किशन का शरीर भी झुलसा है। पुलिस ने अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराकर उसे हिरासत में ले लिया।

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के पदाधिकारी, कर्मचारी व सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। आरोपी युवक मानसिक रूप से कमजोर बताया जाता है। पुलिस के मुताबिक घटना से पहले उसने अपने घर में भी आग लगाई। कुछ ही देर में एसडीएम रविंद्र सिंह जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा भी मौके पर पहुंच गई। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह ने गुरु नानक नगरी गोठा में गुरुद्वारा साहिब में अग्निकांड के चलते गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप अग्नि भेंट होने की सूचना पर दुख प्रकट किया। इधर, एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि आरोपी युवक नशेडी है, पहले उसने अपने घर में भी आग लगाई फिर धार्मिक स्थल में पहुंचकर आग लगा दी।

पहल डीएम ने किया इंद्रा चौक स्थित पुराने चिकित्सालय का निरीक्षण, करीब 13 एकड़ जमीन है चिकित्सालय की

पुराने चिकित्सालय में जिला अस्पताल बनाने की कवायद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: इंद्रा चौक स्थित पुराने चिकित्सालय में जिला चिकित्सालय बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसको लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ पुराने चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कहा कि जिला चिकित्सालय के लिए इससे उपयुक्त जगह और कहीं नहीं मिलेगी। कारण पुराना चिकित्सालय शहर के बीचों बीच है। यह बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन के नजदीक है और सभी के लिए सुविधाजनक है।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पुराने चिकित्सालय में 13 एकड़ भूमि है जो जिला चिकित्सालय बनाने के लिए पर्याप्त है। यहां जिला चिकित्सालय के साथ ही जिला आयुर्वेद यूनानी चिकित्सालय बनाया जाएगा, जिसके अलग-अलग ब्लॉक होंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा को निर्देश दिए कि आर्किटेक्ट के माध्यम से चिकित्सालय का डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके बाद जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया व जानकारियां लीं। इस दौरान चिकित्सालय स्टाफ ने जिलाधिकारी को बताया कि बाहरी लोगों द्वारा चिकित्सालय परिसर में अवैध रूप से वाहन पार्किंग की जाती है जिन्हें मना करने पर लड़ाई-झगड़ा करने लगते हैं। कई बार बाइक चोरी भी हुई है जिसकी शिकायत पुलिस थाने में भी की गयी है। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, सीएमएस डॉ. आरके सिन्हा, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

पुराने चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम उदयराज सिंह।

डीएम ने दिए लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट में तेजी लाने के निर्देश

रुद्रपुर : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने ट्रंचिंग ग्राउंड में लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि लिगेसी वेस्ट को ट्रीटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

काशीपुर: छेड़छाड़ का विरोध करने पर तीन लोगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में खड़कपुर देवीपुरा निवासी रविन्द्र सिंह ने कहा कि 08 जुलाई 2024 को उसका पुत्र मोनू अपनी बहनों के साथ बुक सेलर से किताबें लेने वैशाली कॉलोनी जा रहा था। खड़कपुर देवीपुरा में ही मास्टर नाई की दुकान के पास पहले से खड़े अंकुश व अभिषेक व संजीव ने उसकी पुत्रियों पर गंदे कमेन्ट किए। मोटरसाइकिल रोककर उसके पुत्र मोनू ने विरोध किया तो इन तीनों ने गालियां देनी शुरु कर दी। मना करने पर तीनों ने जान से मारने की नीयत से मोनू के सिर पर लोहे के कड़े से वार किया। आरोप है कि अंकुश ने मोनू के सिर में ईंट मारी। जिससे मोनू का सिर फट गया और गंभीर चोटें आईं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।
वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥

कपड़े को जिस रंग में रंगा जाए, उस पर वैसा ही रंग चढ़ जाता है, इसी प्रकार सज्जन के साथ रहने पर सज्जनता, चोर के साथ रहने पर चोरी तथा तपस्वी के साथ रहने पर तपश्चर्या का रंग चढ़ जाता है।

संपादकीय

सफल कूटनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रूस यात्रा सफल कूटनीति के उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारत-रूस के शीर्ष नेताओं की मुलाकात और बातचीत पर अमेरिका समेत नाटो के 32 सदस्य देशों की भी निगाहें टिकी थीं। यात्रा का सबको सही संदेश मिला है। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत-रूस संबंधों पर कहा है कि इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं पड़ेगा। रूस के चीन और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू-राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए झुकाना संभव नहीं है। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मज़बूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। इसके अलावा रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। बहरहाल दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल यह कारोबार 65 अरब डॉलर का है। एक बार फिर से साबित हो गया है कि युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।

यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते हुए। रूस ने भारत को आश्वस्त किया है कि जो प्रौद्योगिकी उसे दी जाएगी, वह अन्य किसी देश के साथ साझा नहीं की जाएगी। अब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को में 17वीं बार मिले हैं। प्रधानमंत्री 10 साल के कार्यकाल में 6 बार रूस गए हैं और पुतिन 4 बार भारत आए हैं। बातचीत से ही शांति, स्थिरता के रास्ते खुलते हैं। बदलते वैश्विक हालातों में रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत की ज़रूरत है और भारत चाहता है कि पुतिन चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने में भारत की मदद करे। अमेरिका और यूरोपीय देशों के (यानी नाटो के) खिलाफ सिर्फ़ चीन-रूस और भारत मिलकर एक बड़ी ताक़त के रूप में सामने आते हैं। यह एक अच्छी रणनीति है।

परिवार नियोजन यात्राः निर्णायक क्षण और चुनौतियां

जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया : भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर,हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30 वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है,भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है,बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों,विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैयाः भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की,साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030

> राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं।

के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं,जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ,यह रणनीति विवाह की आयु,पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं,जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। मिशन परिवार विकास (एमपीवी): परिवार नियोजन में बदलावः भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक,मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था।

यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिए जागरूकता),युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तारः जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप,वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं,जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। कार्रवाई का आह्वानः विश्व जनसंख्या दिवस 2024 का विषय है "मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।" हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल,जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं,के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं,जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है,जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है,साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं,गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं,जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए,सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है। गर्भनिरोधक विधियों की सीमा का विस्तार करके हमारे युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सतत विकास, शहरीकरण और प्रवास की जटिलताओं का समाधान करना चाहिए। इन कारकों को हमारी नीतियों में एकीकृत करना यह सुनिश्चित करता है कि जनसांख्यिकीय वृद्धि समाज के सभी वर्गों के लिए एक स्थायी भविष्य और समावेशी समृद्धि के रूप में सामने आए। विश्व जनसंख्या दिवस पर हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें। आइए हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करें,जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी तरह से साकार हो,जहां प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की सुविधा हो और जहां हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि का आधार हो। हम सब मिलकर इस विजन को हकीकत बना सकते हैं।

प्रसंगवश

शेषन की स्पष्टवादिता

वनों का घटता आकार,हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान और पर्यावरण पर उसके खतरनाक प्रभाव, हर सरकार की चिंताओं में शामिल रहे हैं। इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की अपील 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण का देशव्यापी अभियान चल रहा है। राज्य सरकारें, पर्यावरण से जुड़े संगठनों-संस्थाओं के साथ ही तमाम नागरिक भी इस अभियान में दिलचस्पी ले रहे हैं। लक्ष्य है देश की आबादी के समतुल्य 140 करोड़ पौधरोपण का।

प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी ने भी पौधरोपण की दिशा में कुछ सार्थक करने की सोची थी। टेलीविजन पर प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करेगी। यह अच्छी मंशा से लिया गया एक बड़ा निर्णय था,लेकिन घोषणा के पहले जमीनी सच्चाइयां नहीं परखे जाने की भूल ने इसे अंजाम पर नहीं पहुंचने दिया। इस प्रसंग को एक दूसरे संदर्भ में भी याद किया जाना चाहिए। टीएन शेषन तब वन सचिव थे। वही शेषन जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी यादगार भूमिका के लिए हर चुनाव के मौके पर याद किया जाता है। असलियत में एक आईएएस अधिकारी के तौर पर अपनी हर पोस्टिंग में शेषन ने बड़ी लकीर खींची।

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद राजीव गांधी ने कृषि विभाग से अलग करके एक नए विभाग वन एवं वन्यजीव का गठन किया था। वन क्षेत्रों का लगातार घटता आकार और उसका पर्यावरण और वन्य जीवों पर बढ़ता दुष्प्रभाव सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय था। राजीव गांधी ने इस संकट से उबरने के लिए कई कदम उठाए। अलग विभाग के जरिए वे इससे जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद करते थे। उन्होंने वन विभाग के इंस्पेक्टर जनरल के पद को तरक्की देकर केंद्र के विशेष सचिव का दर्जा दिया। तेज तर्रार आईएएस अधिकारी टीएन शेषन को नए विभाग का सचिव बनाया गया। राजीव गांधी ने इस विभाग को अपने अधीन रखा। प्रधानमंत्री के तौर पर टीवी पर अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था," देश में वन सिकुड़ और नष्ट हो रहे हैं। इससे मौसम में बदलाव और तापमान बढ़ने का खतरा बढ़ रहा है। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाएगी। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में सरकार पौधरोपण कराएगी।" राजीव गांधी की इस महत्वाकांक्षी घोषणा से वन विभाग के सचिव शेषन अनजान थे। शेषन ने हिसाब लगाया। एक हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग दो हजार पौध की आवश्यकता होगी। इनके पनपने और संरक्षण की भी जरूरत रहेगी। खाली भूमि के साथ ही इतनी बड़ी संख्या में पौध की उपलब्धता की भी चुनौती थी,लेकिन प्रधानमंत्री सार्वजनिक घोषणा कर चुके थे। अब उससे पीछे हटने की गुंजाइश नहीं थी,लेकिन यह भी सच था कि घोषणा हवा में थी। उसे अंजाम देने के लिए संबंधित विभाग की न ही कोई तैयारी थी और न ही जरूरी संसाधन।

संसद में योजना के क्रियान्वयन से जुड़े एक सवाल का जवाब देने के पहले अधिकारियों की बैठक में राजीव गांधी ने प्रश्न किया कि मिस्टर शेषन आपका विभाग प्रतिवर्ष पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण के लिए क्या कर रहा है? शेषन के दो टूक जवाब से बैठक में सन्नाटा छा गया," हमें स्कीम के बारे में कुछ नहीं पता। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण की घोषणा आप ने की है।" बगल में बैठे एक अन्य सचिव शेषन की शर्ट खींचकर फुसफुसा कर चुप रहने का संकेत देने लगे।

बेलाग शेषन ने जोर से प्रतिवाद किया,"क्यों चुप रहूं? मैं कोई गलत बात नहीं कह रहा हूं। मैं तथ्य सामने रख रहा हूं। एक हेक्टेयर अर्थात ढाई एकड़। टारगेट हासिल करने के लिए हमें 125 लाख एकड़ निष्प्रयोज्य भूमि की जरूरत होगी। एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौध रोप सकते हैं। पचास लाख हेक्टेयर भूमि के लिए एक हजार करोड़ पौध की प्रति वर्ष आवश्यकता होगी। एक पौध की ढाई रुपए की लागत के हिसाब से 2500 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। इसके अलावा इन्हें पानी देने, लेबर और जुड़े अन्य खर्चों के लिए अतिरिक्त धन की जरूरत होगी। फिलहाल विभाग को इस योजना के लिए कोई धन उपलब्ध नहीं कराया गया है।" धैर्य से शेषन को सुन रहे राजीव गांधी की टिप्पणी थी," आप बहुत स्पष्टवादी हैं।" शेषन ने विनम्रता के साथ दोहराया कि "आपकी योजना को हतोत्साहित नहीं कर रहा हूं,लेकिन बताने का प्रयास कर रहा हूं कि इस बड़े काम का व्यावहारिकता में क्रियान्वयन कितना कठिन है।"

शासन-प्रशासन में सुधार की संभावना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें।

स्वाभाविक है कि अपने चारो ओर अकर्मण्यता, ढिलाई, विचलन, स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार का बोलबाला देखकर मनुष्य अतिशय निराश हो जाता है। सोचता है इतनी व्यापक विकृति में प्रभावी सुधार की कोई गुंजाइश नहीं। वह पीछे मुड़कर देखता है तो अपने जीवनकाल में ही साल दर साल गिरावट महसूस करता है। उसे लगता है, आगे भी विकृति बढ़ती जाएगी। कोई उपाय न देखकर वह भी बहती गंगा में हाथ धोने उतर पड़ता है।

पुराणों में चतुर्युग की अवधारणा निराधार भले हो,मनुष्य के मनोविज्ञान से बहुत मेल खाती है। इस अवधारणा के अनुसार काल की गति हमेशा पतन की ओर उन्मुख होती है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग, कलियुग के अंत में कल्कि अवतार, फिर सीधे सतयुग। कल्पांत में प्रलय के बाद भी शुरुआत सतयुग से ही होनी है। सृष्टि के पूरे दौर में काल को पतनोन्मुख ही रहना है। गलत या सही, अधिकांश लोग ऐसा ही महसूस भी करते हैं। बूढ़ों की याद में उनका बचपन स्वर्ण काल था, फिर लगातार गिरावट। पीढ़ियों का संघर्ष इसी मनोविज्ञान से आता है। अपनी जवानी में एक से एक खुराफात कर चुके बूढ़े भी नई पीढ़ी के जवानों को नैतिक रूप से गिरा हुआ घोषित करते रहते हैं और उनके चाल-चलन को लेकर उपदेश देते सुने जाते हैं।

व्यापक स्तर पर सुधार कठिन तो है किंतु असंभव नहीं। मोटे तौर पर मनुष्यों की तीन श्रेणियां होती हैं,हमेशा रहेंगी। एक, वे जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,कुछ भी हो जाए। दो,वे जो कभी नहीं सुधरेंगे,कुछ भी हो जाए और तीन,वही जो देखादेखी वाले,बहती गंगा में हाथ धोने वाले हैं। बहुसंख्यक वही होते हैं और वे माहौल देखकर इधर से उधर पाला बदलते रहते हैं। वे कानून से डरते हैं, आदतन उसके उल्लंघन की ओर प्रवृत्त नहीं होते। जब देखते हैं कि दूसरा उल्लंघन करके मजे ले रहा है तो उनकी भी ललक जाग उठती है। उनके लिए माहौल बना देना ही पर्याप्त है।

राज्य पहली श्रेणी,जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,का जितना अधिक से अधिक उपयोग सार्वजनिक उत्तरदायित्व के लिए कर सके, उतना ही राज्य का और सबका भला होगा। दूसरी श्रेणी,जो कभी नहीं सुधरेंगे, के लिए कानूनी बंदिशें और सख्त व निश्चित दंड-व्यवस्था के अलावा और कोई उपाय नहीं। वे जितना ही सलाखों के भीतर रहें,समाज के लिए उतना ही बेहतर। समाज को अपनी सुख-शांति के लिए उन्हें बैठाकर खिलाने के अलावा और कोई चारा नहीं सलाखों के भीतर रहकर वे कुछ कर दें तो उनकी इनायत। तीसरी श्रेणी, बहती गंगा में हाथ धोने वाले बहुसंख्यक? राज्य की सफलता का सारा दारोमदार इस पर है कि वह इस श्रेणी के लोगों को विचलन से कितना बचा पाता है। ऊपर से नीचे तक माहौल बनाकर उनके विचलन को कम किया जा सकता है। राज्य को और सब भूलकर अपनी सारी ऊर्जा इसी पर लगानी है। विचारधारा कोई भी लाइए, उसके अमल में मानव स्वभाव पर आधारित यह मूल समस्या बनी ही रहनी है,लेकिन यह जितना आसान दिखता है उतना है नहीं। समस्या यह कि जब विकृति इतनी व्यापक हो तो सुधार की धारा ऊपर से नीचे की ओर ही प्रवाहित हो सकती है। निर्भर इस पर करेगा कि ऊपर के लोग पहली श्रेणी के हैं या दूसरी के या तीसरी के।

बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें। हथौड़ी की चोट पर चोट जारी रहे तो ताले को किसी न किसी दिन खुल ही जाना है।

सोशल फोरम

मानवता के विरुद्ध

जिस दिन बाजार ने पानी को, चिकित्सा को और शिक्षा को मुनाफे की संस्कृति के हवाले कर दिया उस दिन सभ्यता पर बाजार की निर्णायक जीत हुई थी। सभ्यता आगे बढ़ने की चीज है और जो सभ्यता मानवता के साथ जितना कदमताल करते आगे बढ़ती है वह उतनी प्रगतिशील मानी जाती है। बाजार और मानवता एक दूसरे के विरुद्ध हैं,क्योंकि मुनाफे की संस्कृति में सबसे अधिक उपेक्षित अगर कोई चीज होती है तो वह मानवता ही है। इन अर्थों में देखें तो हमारी सभ्यता नवउदारवाद के चंगुल में फंसने के बाद प्रतिगामी हुई है।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

तकनीक के अद्भुत अविश्वसनीय विकास ने जो उपलब्धियां हासिल की,बाजार ने उन पर भी कब्जा कर लिया। बाजार के बड़े खिलाड़ी तकनीक के प्रभु बन गए। नतीजा,दुनिया की बड़ी निर्धन आबादी तकनीक के लाभार्थियों में सबसे निचले पायदान पर है। भारत इस मामले में अग्रणी है कि यहां दुनिया की सबसे अधिक आर्थिक और सामाजिक विषमता व्याप्त है। सामाजिक विषमता से तो लड़ाइयां चलती रहती हैं,लेकिन आर्थिक विषमता के विरुद्ध कोई दमदार आंदोलन कहीं नजर नहीं आता। बढ़ती आर्थिक विषमता एक बड़े वर्ग को तकनीकी और आर्थिक विकास की मुख्यधारा से हाशिए पर रखती है। हाशिए पर की आबादी अच्छी चिकित्सा और अच्छी शिक्षा से महरूम है तो यही तो सभ्यता की विफलता है।

विगत ढाई-तीन दशकों से पानी के प्रदूषण को लेकर इतनी चिंता व्यक्त की गई और "मिनरल वाटर" का इतना महिमा मंडन किया गया कि अब प्लास्टिक में बंद पानी की बीस रुपए वाली बोतल हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। किसी ढाबे में खाने बैठो,बिना पूछे वेटर पानी की एक बोतल लाकर रख देगा। बिल में पानी की कीमत भी जोड़ ली जाएगी। पानी का बाजार निर्मित करने के लिए न जाने कितने जतन किए हैं बाजार के खिलाड़ियों ने। अब वे सारे जतन रंग दिखा रहे हैं। हमने अपनी सभ्यता की विकास यात्रा में यही मुकाम हासिल किया। -फेसबुक वॉल से

उन्नाव बस दुर्घटना से सबक लेने का समय

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है।

बुधवार को सुबह तड़के 5:15 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर घटित सड़क हादसे से समय रहते सबक लेने की जरूरत है, अन्यथा सड़के रक्तरंजित होती रहेंगी। इस दुर्घटना का दृश्य इस कदर वीभत्स व हृदयविदारक था कि सहायता कार्य में लगा सिपाही सड़क पर बिखरी लाशों को देख नहीं सका और बेहोश हो गया। अंततः उसे चिकित्सालय भेजना पड़ा। उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में 18 लोग हताहत हुए हैं। बस शिवहर (बिहार) से दिल्ली जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी में दुर्घटना की वजह तेज रफ्तार (ओवर स्पीड) है।

डबल डेकर बस ने आगे चल रहे दूध के टैंकर को ओवर टेक करने के प्रयास में टक्कर मारी है। चिंताजनक बात यह है कि हादसा उस एक्सप्रेस वे पर हुआ है,जहां तेज रफ्तार को मापने के लिए इलेक्ट्रॉनिक यंत्र लगे हैं और जुर्माना के रूप में दंड की व्यवस्था है। फिर भी चालक बेखौफ हैं। वैसे सड़कों पर दुर्घटना किसी भी गाड़ी से कभी भी घटित हो सकती है और होती भी है, लेकिन डबल डेकर बसें लड़ने और पलटने में कहीं आगे दिख रही हैं। इसी वर्ष मई माह में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पुलिया से टकराकर पलटी थी। चौगड्डा (फतेहपुर) से सूरत (गुजरात) जा रही इस बस के पलटने से कम से कम 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

अप्रैल माह में बरेली से जयपुर जा रही डबल डेकर बस बदायूं जिले में ट्रक से भिड़ गई थी। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मृत्यु व 27 घायल हुए थे। इधर अयोध्या जिले की सीमा में डबल डेकर बस पलट चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एक तकनीकी अधिकारी के अनुसार डबल डेकर बसों के पलटने का मुख्य कारण गुरुत्व केंद्र (सेंटर ऑफ ग्रेविटी) का संतुलन प्रभावित होना है। इन बसों की छत पर बड़ी मात्रा में सामानों को लादकर ढुलाई करने से समस्या आती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत ही वाहन हैं। इस तरह सड़क हादसों में जान से हाथ धोने वाले एक चौथाई भारत से हैं। सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार,नशे में गाड़ी चलाना, लगातार ड्राइविंग,नींद आना,यातायात नियमों का उल्लंघन, खस्ताहाल सड़क,अतिक्रमण और गाड़ियों की खराब हालत है।

हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है। बस के पंजीकरण में नियमों की अनदेखी और फिटनेस को लेकर भी उंगलियां उठ रही हैं। इसके लिए परिवहन विभाग अपनी (गैर) जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस हादसे में दुर्घटना के लगभग सभी महत्वपूर्ण कारण दिख रहे हैं। दिल्ली से सुदूर कई प्रांतों के रिमोट एरिया तक निजी बसों के संचालन का एक मजबूत ढांचा बन चुका है,लेकिन परिवहन नियमों व सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन कराने के नाम पर कोई तंत्र सक्रिय दिख नहीं रहा है। कम से कम उन्नाव की दुर्घटना शासन प्रशासन सबकी आंख खोलने के लिए पर्याप्त है।

तीन कानूनों में परिवर्तन के मायने

नए भारतीय आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा हे कि उनके लागू होने से मानवाधिकार सुरक्षित होंगे और अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऑनलाइन ही चोरी हुए सामान की रिपोर्ट लिखाई जा सकेगी। महिला मायके या ससुराल में हुए उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करा सकेगी। नए कानूनों में महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस को तत्परता से चार्जशीट या एफआर लगानी होगी। पुलिस जो भी कारवाई करेगी,उसकी सूचना वादी या उसके रिश्तेदार को देनी होगी,जिससे जल्दी सजा का आधार तैयार हो सकेगा। सरकार का मानना है इनके लागू होने से समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कुछ मामलों में पुलिस के अधिकार कम हो जाएंगे। धारा 35 (7) के अनुसार ऐसे अपराध जिनमें 3 साल या उससे कम की सजा का प्रावधान है,उनमें आरोपी की गिरफ्तारी के पहले डीएसपी की अनुमति लेनी होगी। वहीं यदि आरोपी की उम्र 60 साल या उससे अधिक है तो भी गिरफ्तारी के लिए यह नियम लागू होगा। वहीं दूसरी तरफ प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के अपने संदेह भी है, जिनका मानना है कि प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की बिना राय लिए बनाए गए यह कानून विवाद पैदा करेंगे,जिनको दूर किया जाना जरूरी है।

दूसरी तरफ सभी ट्रेड यूनियंस ने इनको खारिज करते हुए इनको रद करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन का मानना है नए कानून पुलिस अधिकारियों को अधिक शक्ति देने वाले होंगे। ट्रेड यूनियन का यह भी मानना है कि यह कानून उस समय पास किए गए जब विपक्ष के 146 निलंबित थे और इन पर विशेष चर्चा भी नहीं की गई। कानूनों में परिवर्तन तो सतत प्रक्रिया है। यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा का कि नए कानून आम आदमी के कितने हित में होंगे?

सार संक्षेप

स्कूल के सामने नाले में भरा गंदा पानी, बच्चे परेशान

स्कूल के सामने गंदे पानी व कीचड़ से गुजरते बच्चे। ● अमृत विचार

बाजपुर : ग्राम कनोरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सामने नाले में जलभराव व कीचड़ की समस्या बनी हुई है। इससे स्कूल के छात्र-छात्राओं व आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नाले में गंदा पानी जमा होने के कारण कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है। आए दिन नाले को पार करते हुए छोटे-छोटे बच्चे कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं। अभिभावकों व स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गांव के जनप्रतिनिधियों व शासन प्रशासन से नाले की सफाई कराने की मांग की है।

गठिया, घुटने का दर्द, कमर दर्द के लिए परामर्श दिया

शिविर में स्वास्थ्य की जांच करते व रोगों की जानकारी देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

जसपुर : राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सालय महुआडाबरा में वृद्धजन स्वास्थ्य निवारण शिविर का आयोजन किया गया। डीएयूओ ऊधमसिंह नगर डॉ. आलोक शुक्ला व आयुष मिशन के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मानवेंद्र पाल के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर महुआडाबरा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुधीर कुमार सोनी की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। डॉक्टर सोनी ने बताया कि शिविर में गठिया, घुटने का दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, पेट के रोग कब्ज आदि के निवारण हेतु परामर्श दिया गया। साथ ही नि:शुल्क औषधियां वितरित की गईं। शिविर में 50 से अधिक वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के आयोजन में योग प्रशिक्षक हिमांशु, डिम्पी, शिव कुमार, जितेंद्र कुमार, पंचकर्म सहायक हिमांशु धनाई, कंचन बजेठा का विशेष योगदान रहा।

पर्वतारोहण टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया

एनडीआरफ 15 बटालियन के मुख्यालय में जवानों का स्वागत करते कमांडेंट।

गदरपुर : हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में 21625 फीट ऊंचे माउंट मनीरंग को फतह कर लौटे एनडीआरएफ के जवानों का मुख्यालय में स्वागत किया गया। गुरुवार को 15वीं बटालियन के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने बताया कि 15 जून को हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में एनडीआरएफ की पर्वतारोही टीम ने विजय अभियान के अंतर्गत 21625 फीट ऊंचे माउंट मनीरंग को फतह किया था। उन्होंने बताया बटालियन के जवानों को 29 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में फ्लैग इन समारोह में सम्मानित किया था। इस मौके पर द्वितीय कमान अनिल कुमार, डॉ. शैलेश कुमार चौधरी, सुनील कुमार, अजय पंत मनोज जोशी आदि मौजूद थे।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश

गुरजीत सिंह गित्ते।

बाजपुर : बाजपुर में आई बाढ़ से नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत क्षतिग्रस्त हुई टाइल्स रोड़ों को तत्काल दुरुस्त करने के लिए नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने पालिका ठेकेदारों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि बाजपुर में आई बाढ़ से कई वार्डों में टाइल्स रोड क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आम जन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए टाइल्स रोडों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। साथ ही बाढ़ से टूटी नहरों की मरम्मत किए जाने हेतु सिंचाई विभाग को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

कौशल को मलेशिया में लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड

कौशल कुमार को सम्मानित करते आयोजक।

पंतनगर : अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं शैक्षिक पर्यटन में अतुलनीय योगदान के लिए उत्तराखंड के कौशल कुमार को मलेशिया में अनुकरणीय नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. महाथिर मोहम्मद को समर्थित यह अनुकरणीय नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार ब्रिक्स-आसियान चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले कौशल कुमार उत्तराखंड के पहले व्यक्ति हैं। कौशल कुमार की प्रारंभिक शिक्षा पंतनगर से हुई है और वह वर्तमान में रे फाउंडेशन के चेयरमैन और प्रोनेश एशिया ग्रुप मलेशिया के महासचिव हैं।

उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नतशील मत्स्य बीज जरूरी

मत्स्य बीज वितरित करते डीएसडब्ल्यू डॉ. बृजेश सिंह।

पंतनगर : डॉ. हीरालाल चौधरी द्वारा विकसित 'उत्प्रेरित मत्स्य उत्पादन की तकनीक' के लिए भारत सरकार की ओर से प्रतिवर्ष 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस घोषित किया गया है। इसकी इस वर्ष फोकल थीम 'समगतिशील मत्स्य पालन' निर्धारित की गई। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की ओर से बृहस्पतिवार को मत्स्य पालक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 25 मत्स्य पालकों और किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, डीएसडब्ल्यू डॉ. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान डॉ. अवधेश कुमार, संकाय सदस्य डॉ. आशुतोष मिश्रा, विपुल गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

केदारनाथ विधायक के निधन पर जताया शोक

काशीपुर : केदारनाथ भाजपा विधायक शैला रानी रावत के आकस्मिक निधन पर उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शैला रानी रावत ने विधानसभा में शिक्षकों की मांगों को पुरजोर तरीके से रखा। उनके निधन पर प्रदेश महामंत्री जगमोहन सिंह रावत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पुंडीर, डॉ. अनिल शर्मा, ईवी कुमार, प्रांतीय प्रवक्ता कौशलेश कुमार, सुरेंद्र सिंह रावत, अजय शंकर कौशिक, जिला मंत्री मनोज शर्मा, प्रदीप त्यागी, त्रिभुवन पांडेय समेत पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

रैली निकालकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

जम्मू में आतंकवादी हमले से आक्रोश, शिक्षा उत्थान समिति के छात्र-छात्राओं ने की नारेबाजी, पाक को कोसा

संवाददाता, दिनेशपुर

दिनेशपुर में शिक्षा उत्थान समिति के नेतृत्व में रैली निकालते शिक्षक, जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शिक्षा उत्थान समिति के तत्वावधान में सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व जनप्रतिनिधि पुलीन बाबू स्मृति स्थल पर एकत्र हुए। यहां से रैली निकालकर मुख्य बाजार होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर पहुंचे। इस दौरान नारे लगाकर पाकिस्तान को जमकर कोसा। तत्पश्चात शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुरुवार को शिक्षा उत्थान समिति के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर जम्मू के कठुआ में आतंकी हमले में शहीद हुए पांचों जवानों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर शिक्षा उत्थान समिति अध्यक्ष प्रकाश कोश्यारी, किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, नपं अध्यक्ष सीमा सरकार, महिला उत्थान समिति अध्यक्ष हीरा जंगपांगी रौतेला, प्रशांत विश्वास, वीरेश कुमार सिंह, विजय सिंह, राजेश शर्मा, राजेंद्र सिंह मेहरा, धनंजय मंडल, मनोज कुमार, असित मंडल, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, व्यापारी नेता भोला शर्मा, मान सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

जम्मू के कठुआ में भारतीय सेना के शहीद पांच जवानों को व्यापारियों ने भी श्रद्धांजलि दी।

गदरपुर में शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता।

शोकसभा में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष केके गावा, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, अनिल रौतेला, योगेश मिगलानी, राहुल बाठला, चेतन सुखीजा, रोहित मंडल आदि मौजूद रहे।

जैसे को तैसा की रणनीति बनायी जाए

गदरपुर : आतंकवादियों के हमले में शहीद उत्तराखंड के जवानों को एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार जैसे को तैसे की रणनीति के तहत काम करे। गुरुवार को दिनेशपुर रोड स्थित एकम सनातन भारत दल के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एकम सनातन भारत दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन व नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा के नेतृत्व में शहीद जवानों के चित्रों के सम्मुख कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डॉ आरके महाजन, अमित ढींगरा, अमित बत्रा, पवन सिंह, किशोर कुमार, हर चरण सिंह चन्ना, राजकुमार नैयर, ओमवीर सिंह, शरद वीर, रमेश कंबोज, कपिल सिंह, मोहन पासवान शामिल थे।

बिना बताए विवाहिता घर से लापता, शिकायत की

बाजपुर : विवाहिता बिना बताए घर से लापता हो गई। मायके वालों ने पति व अन्य ससुरालियों पर बेटी को दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। हरियावाला कुंडा काशीपुर निवासी वीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री पूजा की शादी करीब तीन वर्ष पहले सुल्तानपुर पट्टी निवासी योगेश कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के कुछ दिन बाद से ही योगेश व उसके पिता द्वारा दहेज के लिए बेटी को परेशान किया जा रहा था। इसको लेकर आए दिन बेटी को घर से निकाल देते थे। दस जुलाई को उन्होंने बेटी का हाल-चाल जानने के लिए फोन किया तो मोबाइल बंद होने के कारण बात नहीं हो गई। कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो गई। बेटी के पति को फोन किया तो उसने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर वह लोग बेटी की ससुराल सुल्तानपुर पट्टी पहुंच गए। यहां भी उन्हें बेटी के बारे में कुछ नहीं बताया जा रहा है। जोर डालने पर इतना बताया कि पूजा घर से बिना बताए कहीं चली गई है। वीर सिंह का यह भी आरोप है कि वह बेटी की गुमशुदगी रिपोर्ट लिखाने 10 जुलाई की रात में ही पुलिस चौकी गए, जहां उनकी शिकायत लेकर रख ली, परंतु आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने गुरुवार को कोतवाली में मौके पर मौजूद मिले एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी को आपबीती बताते हुए न्याय की गुहार लगाई। इस पर उन्होंने कार्रवाई करने का भरोसा पीड़ित पक्ष को दिलाया है।

आईएफएस मिश्रा ने लिया खटीमा रेंज का चार्ज

खटीमा : मुख्य वन संरक्षक उत्तराखंड तथा प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग के आदेशानुसार खटीमा रेंज का चार्ज आईएफएस राहुल मिश्रा को हस्तांतरित किया गया। मिश्रा 12 हफ्ते की रेंज ट्रेनिंग करेंगे। चार्ज ग्रहण करने के साथ उन्होंने नगरा और चकरपुर क्षेत्र में बाघ प्रभावित एरिया का निरीक्षण किया तथा वन कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर रेंजर महेश चंद्र जोशी, जागेश्वर वर्मा, धन सिंह अधिकारी, भैरव बिष्ट, महेश मटपाल, जीत प्रकाश, उपस्थित रहे।

एसएसबी ने शिविर में 102 पशुओं का किया उपचार

खटीमा : 57वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में एसएसबी कंपनी मेलाघाट ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा शिविर लगाया। सिसैया बंधा में आयोजित शिविर में कमांडेंट पशु चिकित्सा डॉ. गुरविंदर जीत सिंह के नेतृत्व में 38 पशुपालकों के 102 पशुओं का उपचार और नि:शुल्क दवाई दी गई। शिविर में बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियों, पशुओं में होने वाली खुरपका, मुंह पका और बीमारियों और उसके बचाव के उपाय बताए।

पेट्रोल में मिलावट से भड़के वाहन स्वामी

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: नगला के एकमात्र पेट्रोल पंप पर लोग पेट्रोल में मिलावट की शिकायत लेकर पहुंचे और कर्मियों से झगड़ा करने लगे। मामले की शिकायत कंपनी के उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद पंप पर सामान्य पेट्रोल की बिक्री बंद कर टैंक की सफाई शुरू कर दी गई है।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से नगला में सिंह आटो सेंटर को डीलरशिप दी गई है। जिसके तहत यहां डीजल, व पेट्रोल सहित पेट्रो उत्पादों की बिक्री की जाती है। बुधवार दोपहर बाद यहां से अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाकर गए लगभग 15-20 लोगों के वाहनों में दिक्कत शुरू हो गई। जब उन्होंने अपने वाहन मैकेनिक को दिखाए, तो उसमें पेट्रोल के साथ पानी जैसे किसी पदार्थ की मिलावट पाई। लोगों ने पंप पर आकर कर्मियों और प्रबंधक से शिकायत के साथ ही कंपनी के विक्रय अधिकारी से मामले की शिकायत कर दी। जिसके बाद पंप पर सामान्य पेट्रोल की बिक्री बंद कर बृहस्पतिवार को जांच के लिए बरेली से तकनीकी टीम को भेजा गया। बृहस्पतिवार दोपहर पहुंची टीम ने जांच में पेट्रोल में मिलावट पाई और टैंक को साफ करवाने के निर्देश दिए। नाम न छापने की शर्त पर एक पंप कर्मी ने बताया कि बुधवार दोपहर तक लगभग 800 लीटर की पेट्रोल बिक्री की, तब तक किसी की शिकायत नहीं आई। दोपहर बाद लगभग दो बजे आए टैंकर को टैंक में पलटने के बाद से पेट्रोल में मिलावट की शिकायत आनी शुरू हो गई थी।

> नगला पंप पर पेट्रोल में मिलावट की शिकायत के बाद सामान्य पेट्रोल की बिक्री बंद करवा दी गई है। साथ ही बरेली कार्यालय से टीम को जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच में मिलावट मिलने पर पूरे टैंक की सफाई के बाद ही पेट्रोल की बिक्री सुनिश्चित करवाई जाएगी।
> **-विनीत कुमार वर्मा**, क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम।

लायंस क्लब ने उदयराज कॉलेज में किया पौधरोपण

काशीपुर : उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज प्रेक्षागृह परिसर में लायन्स क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा फलदार, छायादार पौधों समेत औषधीय युक्त पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान तराई एरिया लीडर एमजेएफ लायन अभिषेक गोयल ने बताया कि पूर्व में क्लब द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह, रक्तदान शिविर, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता हेतु अनेक सराहनीय कार्य किए जा चुके हैं। इस दौरान पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संदीप सहगल, क्लब अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचिव मयंक वर्मा, कोषाध्यक्ष कुश अग्रवाल, हिमांशु गर्ग, मनोज अग्रवाल, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, मुनेश बिंदल, अमित गर्ग मौजूद थे।

स्थापना दिवस पर भाविप ने किया पौधरोपण

काशीपुर : भारत विकास परिषद 62वें स्थापना दिवस पर काशीपुर शाखा की ओर से बाजपुर रोड पर दोराहा से पहले ग्राम कनौरा स्थित शिव मंदिर में पौधरोपण किया गया। साथ ही इन पौधों की देखरेख के लिए माली भी नियुक्त किया। शाखा अध्यक्ष विनय जैन ने बताया कि शाखा का प्रयास है कि संस्था के सभी 90 सदस्यों के परिवार के नाम से कम से कम एक पेड़ लगाया जाए।

बेहड़ के धरने से पहले पीड़ित को मिला आवास

संवाददाता, पंतनगर

विधायक को आवंटन पत्र सौंपते अपर निदेशक।

अमृत विचार: आवास आवंटन के लिए एक साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहे ठेका कर्मी के पक्ष में विधायक तिलकराज बेहड़ ने बृहस्पतिवार को शोध निदेशालय पर सुबह 11 बजे से धरने का ऐलान किया था। जिससे विवि प्रशासन में सनसनी फैल गई और विधायक के मान मनौव्वल के बाद लैंबर्ट स्क्वायर में उनके सामने अपर निदेशक प्रशासन डॉ. विवेकानंद ने पीड़ित को आवास आवंटन पत्र सौंप दिया।

फसल अनुसंधान केंद्र में लंबे समय से कार्यरत ठेका श्रमिक अजय कुमार को लगभग एक साल पहले कार्य से हटा दिया था। साथ ही केंद्र की ओर से आवंटित श्रमिक आवास निरस्त कर आठ माह पूर्व उसका सामान आवास के बाहर फेंक कर उसमें ताला लगा दिया था। तब से वह खुले आसमान के नीचे अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर रहा था। इधर निदेशक शोध के माध्यम से अजय को मशरूम अनुसंधान केंद्र में कार्य पर तो रख लिया गया, परंतु उसे आवास नहीं दिया जा रहा था। इसकी सूचना जब विधायक बेहड़ को लगी तो उन्होंने तत्कालीन निदेशक प्रशासन मुहम्मद नासिर, अपर निदेशक डॉ. विवेकानंद, निदेशक शोध डॉ. एएस नैन और सुरक्षाधिकारी डॉ. जीएस बोहरा से वार्ता की, तो उन्होंने उसे वही आवास देने की बात कही।

तीन साल बढ़ी पंतनगर-दून हवाई सेवा

संवाददाता पंतनगर

फ्लाई बिग कंपनी का 19 सीटर एयरक्राफ्ट। ● अमृत विचार

अमृत विचार: प्रदेश की राजधानी (देहरादून) और सीमांत (पिथौरागढ़) के बीच लगभग 12-15 घंटे की दूरी मात्र एक-डेढ़ घंटे में समेटने वाली फ्लाई बिग की हवाई सेवा को तीन साल का विस्तार मिला है। बीती दो फरवरी से शुरू इस हवाई सेवा को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने सिर्फ एक साल के लिए संचालन की अनुमति दी थी।

एएआई ने फ्लाई बिग कंपनी को पहली जुलाई 2023 से एक वर्ष के लिए देहरादून-पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच हवाई सेवा संचालित करने की अनुमति दी थी। हालांकि कंपनी ने किन्हीं कारणों से यह व्यावसायिक हवाई सेवा दो फरवरी 2024 से शुरू कर पाई। कंपनी ने इस हवाई मार्ग पर अपने नए 19 सीटर एयरक्राफ्ट को लगाया और उड़ान योजना के तहत पंतनगर-पिथौरागढ़ के बीच किराया लगभग 36 सौ रुपये निर्धारित किया। जून 2024 में अवधि समाप्त होने पर यह सेवा कुछ दिनों के लिए बंद भी कर दी गई थी। कंपनी ने अब इस हवाई सेवा को पुनः संचालित करना शुरू कर दिया है। फ्लाई बिग के पंतनगर स्टेशन प्रभारी वरूण दुबे और पंतनगर एयरपोर्ट की डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि एक वर्ष कार्यावधि पूरी होने के बाद कंपनी को इस हवाई सेवा को फिर से अगले तीन साल के लिए संचालित करने की अनुमति मिल गई है और कंपनी ने अपनी नियमित हवाई सेवा शुरू कर दी है।

श्रीराम कॉलेज में फाउंडेशन कोर्स का आयोजन

कार्यक्रम

▸▸ नया प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को किया आमंत्रित

संवाददाता, काशीपुर

श्रीराम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, काशीपुर में बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर के नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए फाउंडेशन कोर्स का आयोजन किया गया। इसमें नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संस्थान के मैनेजमेंट, अध्यापकों, शैक्षिक व परीक्षा नीतियों, उपलब्धियों, संस्थान के शैक्षणिक कीर्तिमानों आदि से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फ्लेक्सीटफ इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष अतुल असावा ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन के 11 विभिन्न बिंदुओं पर व्याख्यान देते हुए उन पर अमल करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीराम कॉलेज छात्र हित के लिए सतत प्रयासरत है।

अवसर — एसबीएस महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम, प्राध्यापकों से मार्गदर्शन लेने की अपील

छात्रों को दी कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्यक्रम को संबोधित करते गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. पडियार। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. डीसी पंत के दिशा-निर्देशन में नव प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को संस्थान के इतिहास, उपलब्धियों के साथ अन्य नियमों से संबंधित जानकारी दी।

गुरुवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पत ने कहा कि किसी भी देश की उन्नति वहां के युवा करते हैं। इन युवाओं में तार्किक और गुणवत्ता पूर्ण विकास हो सके इसके लिए एजुकेशन सिस्टम एक स्तंभ है और उस स्तंभ को और अधिक मजबूती प्रदान करता है मार्गदर्शन। इसलिए सभी छात्र अपने विषयों के प्राध्यापकों से लगातार संपर्क में रहें और नियमित रूप से उनका मार्गदर्शन प्राप्त करें। गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विषयों के चयन, च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम से लेकर क्रेडिट स्कोर से सर्टिफिकेट, डिग्री और डिप्लोमा के संबंध में प्रकाश डाला।

महाविद्यालय शास्ता मंडल प्रमुख प्रो. सरबजीत ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों से परिचय करवाया। इस अवसर पर प्रो. संभू दत्त पांडेय, प्रो. पीएन तिवारी, डॉ. भारत पांडे, प्रो. मनोज पांडे, प्रो. पीपी त्रिपाठी, प्रो.आशा राणा, प्रो. हेमलता सैनी, डॉ. रवींद्र कुमार सैनी, प्रो.हरीश चंद्रा, प्रो. कमला बोरा, डॉ. ममगई, डॉ. रेनू रानी मिश्रा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. निर्मला जोशी आदि उपस्थित रहे।

किच्छा में शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

उत्तराखंड स्टेट ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू

किच्छा : किच्छा में आयोजित तीन दिवसीय 18वीं उत्तराखंड स्टेट ओपन शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने शतरंज की पहली चाल चलकर किया। चेस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी ने बताया कि देवभूमि चैस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 6 राउंड खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में तमाम क्षेत्रों से आए 36 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दो राउंड मैच प्रतियोगिता में भव्य अरोड़ा ने अमित ढौंढयाल को हराकर जीत दर्ज की। नमन सती ने सूर्य प्रकाश पोखरियाल, ललित सिंह ने अरमान सिंह बक्शी, जितेंद्र कुमार ने अरनव भाटिया को हरा दिया। राघव बद्रीनाथ एवं रविंद्र शाह, श्रेयांश साहू एवं दीपक आर्य, अस्मित भाटिया एवं धीरज पांडे, शुभ सिंह सैनी एवं प्रत्यूष फुलेरा, अमोध पांडे एवं देवांश मनी कौशिक का मैच ड्रॉ रहा।

सार-संक्षेप

खटीमा में बाढ़ प्रभावितों को खाना वितरित करते लियो क्लब के सदस्य।

लियो क्लब ने बाढ़ पीड़ितों को खिलाया खाना

खटीमा : लियो क्लब खटीमा सेवा ने बाढ़ प्रभावित गांव मुडेली, खेतलसंडा और गोटिया की झुग्गी- झोपड़ियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया। यह लोग खुले आकाश के नीचे किसी तरह अपना आशियाना बनाकर अपनी गुजर बसर कर रहे थे। संस्था द्वारा लगभग 280 लोगों को खाना वितरित किया। इस अवसर पर क्लब क्लब एडवाइजर जितेंद्र पारुथी, अध्यक्ष प्रीति राणा, सूरज अरोरा, दिव्यांशु प्रताप सिंह, अमन गर्ग, बिमलेश कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, राहुल गौतम आदि मौजूद थे।

48 घंटे बाद भी नहीं मिली गौला में बही किशोरी

शांतिपुरी : गौला में बही शांतिपुरी नंबर-3 निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट की 14 वर्षीय पुत्री अनुष्का बिष्ट का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है। अनुष्का मंगलवार की शाम छह बजे पड़ोसी बच्चों के साथ गौला नदी की ओर गई थी। जहां पैर फिसलने से वह गौला नदी में जा गिरी और पानी के तेज बहाव में बह गई। बृहस्पतिवार को भी सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम ने गौला नदी में सर्च अभियान चलाया। साथ ही ग्रामीणों ने भी नदी के किनारे काफी दूर तक तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। इस दौरान टीम ने इमली घाट गेट से बंडिया किच्छा बैराज तक दो बार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब टीम शुक्रवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ ही डॉग स्क्वाड की भी मदद लेगी। इधर किशोरी के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एनएचपीसी कर्मी घायल

खटीमा : एनएचपीसी बनबसा में कार्यरत एक कर्मचारी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरूवार को एनएचपीसी बनबसा में कार्यरत मदन सिंह रावत स्कूटी से खटीमा से बनबसा लौट रहे थे। वह अमाऊं मजार के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। एक युवक ने मौके पर पहुंचकर अपने वाहन से घायल को नागरिक अस्पताल लाया। घायल की जेब में मिले आधार कार्ड व एनएचपीसी का पहचान पत्र मिला। इस पर अस्पताल स्टाफ ने घटना की जानकारी एनएचपीसी के अधिकारियों को दी। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

फीस बढ़ाने की शिकायत पर बीईओ पहुंचे कॉलेज

काशीपुर : कुंडेश्वरी स्थित एक कॉलेज प्रशासन पर प्रवेश के नाम पर छात्रों से पांच हजार लेकर रसीद नहीं देने का मामला प्रकाश में आया था। इस पर अभिभावकों ने रोष जताया। गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी के हस्तक्षेप से उसका समाधान किया गया। फरवरी 2023 में कुंडेश्वरी के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कहा था कि यहां स्थित एक कॉलेज में गरीब परिवारों के करीब 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। 15 वर्षों में छात्रों से ली गई फीस की रसीद नहीं दिए जाने, नए छात्रों के पंजीकरण पर प्रवेश शुल्क के रूप में 5000 रुपये लेने, अभिभावकों और छात्रों के फीस रसीद मांगने पर अभद्रता करने, छात्रों को फेल करने व नाम काटने की धमकी देने, अन्य शुल्क भी वसूलने आदि की जांच कराने की मांग की थी। इस संबंध में एसडीएम और शिक्षा विभाग से भी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। अब गुरुवार को शिक्षा विभाग की गठित समिति ने पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के बाद खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि फीस व अन्य सभी मामलों में कॉलेज पारदर्शिता बनाए। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि एक पुराना विवाद था। जिस पर शिकायतकर्ता कॉलेज प्रशासन की बात पर संतुष्ट नहीं था। गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी के अध्यक्षता में हुई वार्ता के बाद शिकायतकर्ता संतुष्ट है।

बाजपुर में नवजात शिशुओं के साथ डॉ.पी कौर एवं चिकित्सीय टीम। ● अमृत विचार

महिला ने तीन शिशुओं को दिया जन्म

बाजपुर : एक अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला ने तीन स्वस्थ शिशुओं को जन्म दिया है। इससे स्वजनों में जहां हर्ष है, वहीं सफल सीजर के लिए चिकित्सीय टीम का भी आभार व्यक्त किया है। उत्तर-प्रदेश की जनपद रामपुर के ग्राम बरखेड़ा बादली टांडा निवासी विमलेश पत्नी राकेश को प्रसव पीड़ा के चलते गुरुवार की सुबह रामराज रोड स्थित परम-धरम नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। देर शाम वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.कौर नेतृत्व में महिला चिकित्सकों की टीम ने सफलता पूर्वक सर्जरी कर एक-दूसरे के बीच में फंसे तीन शिशुओं का जन्म कराया। सेवानिवृत्त पूर्व सीएमओ डॉ. पी.कौर ने बताया कि पूर्व में गर्भधात्री महिला का उपचार कहीं और चल रहा था। परेशानी के चलते स्वजन महिला को गुरुवार को लेकर उनके पास पहुंचे थे जिसमें कुछ जरूरी जांचें करवाने के उपरांत ज्ञात हुआ कि गर्भ में तीन शिशु पल रहे हैं और तीनों एक-दूसरे में उलझे हुए हैं। इसके चलते सीजर करना आसान काम नहीं था। उन्होंने बताया कि तीनों शिशुओं का वजन डेढ़ से दो किलो के बीच है और वह पूरी आक्सीजन ले रहे हैं तथा स्वस्थ हैं। स्वजनों ने बताया कि इससे पूर्व उनकी एक बेटी है और उन्हें तीन बेटे एक साथ प्राप्त हुए हैं।

जिले में जनसंख्या और डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू

सीडीओ ने फीता काटकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ, कहा-दो बच्चों के बाद स्थायी विधि अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण में करें सहयोग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला चिकित्सालय में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने 31 अगस्त तक चलने वाले सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़े एवं 11 से 24 जुलाई तक चलने वाले विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाडे.का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान जनसंख्या नियंत्रण के लिए किए जाने वाले और डायरिया से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लड़की का विवाह 18 वर्ष की उम्र के बाद ही होना चाहिए। साथ ही दो बच्चों में कम से कम 3 वर्ष का अंतर अवश्य होना चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने डायरिया से बचने के लिए हाथ धोने के तरीके, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, पूर्ण टीकाकरण, स्तन पान एवं शुद्ध भोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आशाओं के माध्यम से डायरिया नियंत्रण पखवाड़े के तहत घर-घर जाकर 0-5 वर्ष तक के बच्चों को ओआरएस एवं डायरिया से ग्रसित बच्चों को ओआरएस के साथ-साथ जिंक टेबलेट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल काशीपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजपुर, नागरिक अस्पताल खटीमा में प्रतिदिन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर और किच्छा में निर्धारित तिथियों को नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अतुल जोशी, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिन्हा, डॉ. हरेंद्र मलिक मौजूद रहे।

स्वास्थ्य कर्मियों से जानकारी लेते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

बाजपुर अस्पताल में कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं ब्लाक प्रमुख सरिता देवी।

किच्छा में बैनर पर हस्ताक्षर करती महिलाएं। ● अमृत विचार

किच्छा में महिलाओं को किया जागरूक

किच्छा : इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) संस्था के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ऊधम सिंह नगर एवं टाटा मोटर्स के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ सीएचसी किच्छा के अधीक्षक डॉ. एचसी त्रिपाठी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. मृदुला किशोर, टाटा मोटर्स के सीएसआर मैनेजर प्रीतम मोतीलाल एवं आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदु वासिनी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. मृदुला किशोर ने परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी विधियां, गर्भाशय के कैंसर एवं बचाव के लिए टीकाकरण तथा पुरुष नसबंदी एवं कॉपर टी को लेकर समाज में फैल रही भ्रांतियां दूर किया। सीएसआर मैनेजर प्रीतम मोतीलाल ने पर्यावरण सुरक्षा पर जोर दिया।

महिलाओं को दी परिवार नियोजन की जानकारी

बाजपुर : उपजिला चिकित्सालय में शुरू हुए जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सरिता देवी ने किया। इस दौरान कई महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी गई। गुरुवार को सरकारी अस्पताल में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपती की शान थीम के साथ आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान चिकित्सीय टीम ने आम लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण की जरूरत, सही उम्र में शादी का महत्व, दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर आदि के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा.विनय यादव, डा.तयैब, महिला चिकित्साधिकारी डा.राशिदा रहमान, परिवार नियोजन परामर्शदाता प्रकाश बचखेती, जानकी शर्मा, निर्मला, बृजवाला शर्मा, कुलविंदर कौर, संख्या सुबेदी आदि मौजूद रहे।

खटीमा में जनसंख्या दिवस पर पोस्टर के साथ नोजगे पब्लिक स्कूल के बच्चे।

नोजगे में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

खटीमा : नोजगे पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर चित्रकला, निबन्ध लेखन, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बच्चों को बताया कि 11 जुलाई 1989 को पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाना तय किया गया था। इस अवसर पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर (हैप्पी मैम), उप प्रधानाचार्य एचसी पन्त, आरपी पन्त, वीरेन्द्र सिंह, अंकिता, मोनिका चन्द, मधुमिता मुखर्जी, रश्मि पहवा, मंजू भट्ट, नीता कापड़ी, मीनल भट्ट, कुसुम शर्मा आदि मौजूद रहे।

चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

जसपुर : पुलिस ने महुवाडाबरा क्षेत्र में घर में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। नगर पंचायत महुआडाबरा हर्ष कुमार चौहान के घर के अन्दर से रात्रि के समय चोर एक कैमरा, 2 मोबाइल तथा एक सैमसंग की 22 इंच की एलईडी मॉनिटर चोरी करके ले गए थे। इस पर हर्ष कुमार ने 10 जुलाई को जसपुर कोतवाली में एक लिखित तहरीर दी थी। मुखबिर की सूचना पर महुवाडाबरा विद्युत सब स्टेशन के पीछे बने खंडहर से शादाब निवासी महुवाडाबरा को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

बाढ़ प्रभावितों के लिए 10 करोड़ स्वीकृत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। उनके स्पष्ट निर्देश हैं कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को शीघ्र अहेतुक सहायता राशि बांटी जाए। बताया कि बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए 1 करोड़ 70 लाख रुपये की धनराशि दी जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने खटीमा, सितारगंज और नानकमत्ता क्षेत्र में आई आपदा राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा के दौरान उपजिलाधिकारी खटीमा को सख्त निर्देश दिए हैं कि राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए लेखपालों को लगाते हुए आज से ही कम से कम 5 हजार परिवारों को अहेतुक सहायता प्रदान करें। उन्होंने बताया कि कार्यों के सफल सम्पादन के लिए पूर्व में तैनात लेखपालों को सम्मिलित करते हुए 10 टीमों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी खटीमा को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में आने वाली दुकानों में जलभराव के कारण होने वाली क्षति का तीन श्रेणी में आंकलन करते हुए रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि खटीमा क्षेत्र में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी खुद रहकर मवेशियों की क्षति का मूल्यांकन एवं सत्यापन की कार्यवाही करेंगे। उपजिलाधिकारी खटीमा ने बताया कि 1300 परिवारों को अहैतुक सहायता दी जा चुकी है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

बाइक चोरी में 2 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: पुलिस ने चोरी की 2 मोटसाइकिलों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मोबाइल और तमंचा भी बरामद किया।

गुरुवार को थाने में वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके एवं एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम रोशनपुर थाना गदरपुर निवासी गोविंद राम कांबोज को खालसा ढाबा महतोष के पास दो बाइक सवारों ने पीछा कर रोक लिया था। वे तमंचे के बल पर गोविंद की बाइक, मोबाइल और पैसे लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने एसओजी और थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया। 10 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गदरपुर आने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो व्यक्ति दो बाइकों पर अलग-अलग आते दिखाई दिए। पुलिस को देख दोनों पीछे भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम अमनदीप सिंह निवासी ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी काशीपुर और जसविंदर उर्फ जस्सी निवासी ग्राम सिरस खेड़ा थाना बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश बताया।

सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने खालसा ढाबे के पास लूट की घटना स्वीकार की। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि आरोपित नशे के आदी हैं। नशे की पूर्ति के लिए आए दिन सुनसान जगहों पर मौका देखकर लोगों को तमंचा दिखाकर व धमकी देकर लूटपाट करते हैं। आरोपी जसविंदर सिंह के अनुसार उसने अपने साथियों के साथ 15 जून को मीरगंज बरेली उत्तर प्रदेश से प्लाईवुड से लदी एक पिकअप चालक का मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने चालक से लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है।

आरोपी जसविंदर का है आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि जसविंदर सिंह के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उत्तर प्रदेश के बरेली, रामपुर जिलों में लूट के मामले में वह फरार चल रहा है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान, उपनिरीक्षक पवन जोशी, एसओजी काशीपुर प्रभारी प्रकाश चंद, मुकेश मिश्रा, बसंत प्रसाद, विनय कुमार, गोरखनाथ, इरशाउल्लाह, कैलाश मनराल, कुंदन सिंह, मोहन बोरा, कुलदीप सिंह, प्रदीप बाराकोटी आदि शामिल थे।

अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस करे कार्रवाई

खटीमा : सोशल मीडिया पर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने और खटीमा क्षेत्र के जलमग्न होने की अफवाह को उपजिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को बनबसा बैराज से छोड़े जाने और खटीमा क्षेत्र के जलमग्न होने की अफवाह से हड़कंप मचा है। पुलिस प्रशासन और मीडिया से जुड़े लोग इसका खंडन करते-करते तंग आ चुके हैं। उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि ऐसे लोगों के खिलाफ आपदा अधिनियम, आईटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मामला दर कर कारवाई करें। उन्होंने कारवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

वर्ग पहेली-128

बाएं से दाएं

2. 1. एक-दूसरे को देखने की क्रिया 2. आंखों से देखने की अवस्था 3. साक्षात्कार, दर्शन।

4. 1. उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी जिसे वाराणसी अथवा बनारस के नाम से भी जाना जाता है।

6. 1. मासिक वेतन, पगार, तनख़्वाह 2. वज़ीफ़ा, वृत्ति।

8. 1. एक प्रकार का लाल रंग।

9. स्पर्श, छुअन। -करना

ऊपर से नीचे

1. 1. विदेश का निवासी, परदेशी, (फ़ॉरेनर) 2. विदेश से आकर रहने वाला व्यक्ति।

3. 1. देवालय

5. 1. फल के अंदर का कोमल खाद्य अंश 2. मींगी, गिरी 3. खोपड़ी का सार भाग, भेजा।

7. 1. गृहिणी, गृहस्वामिनी 2. एक छंद।



वर्ग पहेली -127 का हल

■	■	■	■	1 बा	ट
■	2 बा	■	3 सु	■	■
4 पुं	ग	■	ड़	■	5 बे
■	वा	■	6 क	फ़	श
7 मु	न	ह	ना	■	ऊ
■	■	■	■	8 झ	री
9 ता	म	सि	क	■	■

सुडोकू -41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		8		6	3	9	
9			2					6
	2			7		5		
	8		6		9	4		
	3						1	
		7	1		4		2	
		4		6			7	
8					7			9
	7	1	5		2		6	

सुडोकू -40 का हल

4	5	8	9	1	7	6	3	2
9	2	3	5	6	8	7	1	4
7	6	1	4	2	3	8	9	5
5	3	4	1	8	6	2	7	9
2	7	9	3	4	5	1	8	6
1	8	6	7	9	2	5	4	3
3	9	7	2	5	1	4	6	8
8	1	2	6	3	4	9	5	7
6	4	5	8	7	9	3	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.32 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग

1	मं.
2	गु.
3	सू.
4	बु., शु.
5	
6	के., चं.
7	
8	
9	
10	
11	श.
12	रा.

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 16.09 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष: आज सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति रुचि बढ़ेगी। घर परिवार में मांगलिक व धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। युवा वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा।

वृष: आज आप अपनी क्रोध एवं वाणी पर संयम रखें। खेल जगत से जुड़े लोगों को कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करने पर स्थित में सुधार होगा। अपनी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने का प्रयास करें।

मिथुन: आज नौकरी में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। किसी आवश्यक कार्यवश यात्रा करनी पड़ सकती है। संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा।

कर्क: आज कार्यक्षेत्र में आपको नवीन जिम्मेदारी मिल सकती है,जिससे आपका प्रभाव पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति सक्रियता बढ़ेगी। सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

सिंह: आज कार्यक्षेत्र में अपने धैर्य को कम न होने दें। हाथ में ली हुई जिम्मेदारी को अच्छे से पूरा करें। आपके उचित कार्यों को आप पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा,जिससे भविष्य में लाभ होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

कन्या: आज किसी नए व्यक्ति से मित्रता होगी। नौकरी में पदोन्नति के संकेत मिल रहे हैं। बनते कार्यों में रुकावटें सकती है। अपने धैर्य को कम न होने दें। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की कोशिश करें।

तुला: आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। कार्यों में विघ्न बाधाएं आएंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी। गुप्त शत्रु हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक: आज पहले से सोचे समझे कार्यों में व्यर्थ की देरी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आ रही विघ्न बाधाएं कम होगी। विस्तार की योजना बनेगी। इस संबंध में सकारात्मक संकेत प्राप्त होंगे।

धनु: आज विरोधी पक्ष आपकी गतिविधियों पर ध्यान रखेंगे। वह गुप्त रूप से हानि पहुंचा सकते हैं। सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को अपने साहस एवं पराक्रम के बल पर कोई महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगेगी। पहले से चली आ रही समस्या कम होगी।

मकर: आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा सकता है। सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। नौकरी करने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए सामान्य रूप से लाभ एवं उन्नति दायक रहेगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को बनाए रखें। व्यापार में कोई भी बड़ा निर्णय सोच विचार कर लें। नौकरी में जिम्मेदारी मिलेगी,जिससे आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

मीन: आज आप अपने पराक्रम से उन्नति करने में सफल होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से प्रशंसा, सम्मान प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को कम न होने दे। नवीन व्यापार शुरू करेंगे। नौकरी ढूंढने का प्रयास करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंद्रा द टाइगर — सुबह : 09.51
पुकार — रात : 07.00

&pictures
उड़ता पंजाब — सुबह : 10.29
ऊंचाई — रात : 08.00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स — सुबह : 09.46
2012 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
स्पाइडर — सुबह : 09.28
डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
राजा हिंदुस्तानी — सुबह : 11.29
डियर जिंदगी — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा,क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"...

रानीधारा सीवर लाइन निर्माण कार्य की हो जांच

दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर डटे रहे क्षेत्र के लोग, शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के रानीधारा में बिछी सीवर लाइन निर्माण कार्य की एसआईटी जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग।

अमृत विचार: रानीधारा सड़क सुधारीकरण समेत दो सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से रानीधारा क्षेत्र के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नाराज लोगों ने गुरुवार को 21 वें दिन भी रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन किया। शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लोग पहले से ही बदहाल सड़क से परेशान थे। अब बीते दिनों हुई बारिश के बाद सड़क की दशा और अधिक खराब हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जो किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। कहा कि सड़क से कई स्कूली बच्चे भी निकलते हैं। लेकिन अब तक सड़क का सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे दिनों दिन परेशान बढ़ रही हैं। लोगों ने एक स्वर में शीघ्र सड़क सुधारीकरण समेत सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस अवसर पर विनय किरौला, दीप चंद्र पांडे, आशीष जोशी, सुजीत टम्टा, राहुल पंत, पवन पंत, सुमित नज्जौन, नरेंद्र सिंह नेगी, शम्भु दत्त बिष्ट, संगीता भंडारी, गुड़िया बिष्ट, पूनम जोशी, सुशीला बिष्ट, माया बिष्ट, कमला द्रमवाल, मुन्नी बिष्ट, बीना पंत, हिमांशु पंत, तनुजा पंत, मनीषा पंत, अर्चना पंत, मीनाक्षी पांडे, माया बिष्ट, ज्योति पांडे, गीता पांडे, नीमा पंत, मीनू, दीपा बिष्ट, दीपाली पांडे, गीता पंत आदि रहे।

क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण कार्य शुरू



क्षतिग्रस्त नाले का सुधारीकरण करते श्रमिक।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **लंबे समय से नाला क्षतिग्रस्त होने से लोग झेल रहे थे परेशानी**
- **आखिरकार क्षेत्र के लोगों के दबाव के बाद जागा विभाग**

अमृत विचार: नगर के जाखनदेवी में सेवा निधि के पास क्षतिग्रस्त नाले का सुधारीकरण कार्य शुरू हो गया है। नाले का सुधारीकरण शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

दरअसल, लंबे समय से सेवा निधि के समीप नाला क्षतिग्रस्त था। नाले का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था ने अधुरा छोड़ दिया था। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। वर्षा के समय लोगों को आपदा का भय सता रहा था। स्थानीय लोग लगातार नाले के सुधारीकरण की मांग उठा रहे थे। जिसके बाद अब कार्यदायी संस्था ने नाले का सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया है। भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने बताया कि क्षेत्रीय जनता ने आंदोलन की चेतावनी अधिकारियों को दी थी। जिसके बाद अब नाले का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जैनल-मानिला मोटर मार्ग के दुलगाड़ के पास बाइक खाई में गिरने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को रेस्क्यू कर सीएचसी भिकियासैंण पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। दोनों बाइक सवार श्रीकोट माझली गांव से इनलू सल्ट बारात में शामिल होने जा रहे थे।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को भिकियासैंण ब्लाक के श्रीकोट माझली गांव से बारात इनलू सल्ट जा रही थी। बारात में बाइक सवार 21 वर्षीय योगेश गिरी पुत्र दिनेश गिरी व 18 वर्षीय विकास तिवाड़ी पुत्र विष्णु दत्त भी जा रहे थे। इसी बीच लगभग साढ़े 12 बजे दुलगाड़ गधेरे पर बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रह है कि बाइक में सवार योगेश गिरी छिटककर गहरी खाई में जा गिर गया और सिर में गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक में सवार दूसरा युवक विकास झाड़ियों में अटक गया। जिसे पुलिस ने रेस्क्यू कर सीएचसी भिकियासैंण पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

सार-संक्षेप

उपराड़ी में प्रभावित ग्रामीणों का हाल जानते ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत व चिकित्सक।

ब्लॉक प्रमुख ने उपराड़ी में डायरिया पीड़ितों का हाल जाना

रानीखेत : ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ग्राम उपराड़ी का दौरा कर डायरिया पीड़ित ग्रामीणों का हाल जाना। उपराड़ी में डायरिया का प्रकोप बना हुआ है। जिससे बहुत लोग बीमार हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक विद्यालय उपराड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर विद्यालय स्टॉफ को बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उपराड़ी गांव में भी घर-घर जाकर ग्रामीणों का हाल जाना और दवाइयां वितरित कीं। ब्लॉक प्रमुख ने पेयजल स्रोतों की जांच कराने के लिए आदेश दिए। साथ ही ताड़ीखेत विकासखंड के सभी जल स्रोतों की सफाई के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व कनिष्ठ प्रमुख अम्बा दत्त पंत, लाखन सिंह फर्त्याल, डॉ. अंशुल सिरोही, डॉ. अदिति कटियार, योगेश पंत, तारा रावत, गीता जोशी रहे।

शहीद जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी

अल्मोड़ा : जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना वाहन पर हुए आतंकी हमले में जवानों के बलिदान पर आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। नगर के डुबकियां में बुधवार देर शाम पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व जिलाध्यक्ष दानिश कुरैशी ने कहा कि यह समाचार अत्यंत दु:खद है। वीरगति को प्राप्त करने वाले सभी जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि राष्ट्र सेवा हेतु अपना सर्वोच्च समर्पण करने वाले जवानों को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करे।

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 14 जुलाई को

टनकपुर : उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 14 जुलाई को दो सत्रों में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे के बीच किया जाएगा। उक्त परीक्षा का आयोजन जनपद के चार परीक्षा केंद्रों राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चम्पावत, राजकीय इंटर कॉलेज चम्पावत कनलगांव, यूनिवर्सल ग्रीन इंटर कॉलेज खर्ककार्की चम्पावत तथा विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जूप चम्पावत में होना है। उप जिलाधिकारी सदर सौरभ असवाल ने बताया कि परीक्षा केंद्र के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 की धारा 163 लगाई गई है।

काभड़ीभ्योल में चट्टान में चार स्थानों पर मिली दरार

बागेश्वर : बागेश्वर- कपकोट मोटर मार्ग में आरे के पास काभड़ीभ्योल में एनडीआरएफ के निरीक्षण के दौरान चार स्थानों पर 14 से 15 फीट लंबी व पांच इंच चौड़ी चार दरार दिखी हैं। जिनके खिसकने का भय बना हुआ है। गत दिनों जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट मार्ग में काभड़ीभ्योल के पास खतरे की आशंका को देखते हुए चट्टान का निरीक्षण किया था। डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या के नेतृत्व में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने निरीक्षक अमिलेश कुमार के पर्यवेक्षण में चट्टान का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि चार स्थानों में 14 से 15 फीट लंबी व 5 -6 इंच चौड़ी दरार बनी हैं। जिनके गिरने की संभावना है। उन्होंने रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। इधर लोनिवि ने इस स्थान पर वैकल्पिक मोटरमार्ग बनाने पर ग्रामीणों के साथ विचार किया। जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि वे मार्ग के लिए एक इंच भूमि भी देने को तैयार नहीं हैं।

एनडीआरएफ के जवानों ने किया पौधरोपण

बागेश्वर : जनपद में आपदा से निपटने के लिए पहुंची एनडीआरएफ की टीम सामाजिक कार्यों में भी प्रतिभाग कर रही है। एनडीआरएफ ने गुरुवार को कपकोट के हिचौड़ी में पौधरोपण किया। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंसपेक्टर अमिलेश कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ के जवानों ने हिचौड़ी में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए। इस दौरान निरीक्षक अमिलेश कुमार सहित अभिषेक, मनोज, रोशन पूर्ति, दीपक, अनिल, सूर्य प्रकाश, बलदेव, देवेंद्र, भगत लाल, अवेश समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

एआईसी में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

अल्मोड़ा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को अल्मोड़ा इंटर कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधिक सेवा सचिव शचि शर्मा ने छात्रों को अधिक जनसंख्या के दुष्प्रभाव, स्वच्छता एवं वृक्षों का महत्व, निशुल्क विधिक सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बच्चों के अधिकारों आदि की जानकारी दी। साथ ही 29 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में बताया।

रानीखेत के चिलियानौला क्षेत्र में पौधरोपण करते पालिका कर्मी।

पालिका क्षेत्र में रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

रानीखेत : अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चिलियानौला के नेतृत्व में हरेला पर्व के तहत विभिन स्थलों पर पौधरोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। गुरुवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार सक्सेना के नेतृत्व में घोड़ीखाल वन क्षेत्र में बुरांश, काफल, उतीस, देवदार, बाज आदि विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण में पर्यावरण सर्वेक्षक अजय प्रशात, पूर्व ग्राम प्रधान कविंद्र कुवार्बी, सुमित, मोहित, राजीव, पंकज, पूर्व सभासद अरुण रावत, आशीष आदि पालिका परिषद के कर्मी व क्षेत्रवासी शामिल रहे।

टुल्लू पंप में करंट आने से हुई श्रमिक की मौत

संवाददाता, टनकपुर

दुखद

- **नगर के एक स्टोन क्रशर में हुआ दर्दनाक हादसा**
- **पानी भरते समय लगा करंट गिरने से सिर में लगी गंभीर चोट**

अमृत विचार : नगर से लगे एक स्टोन क्रशर के टुल्लू पंप में अचानक करंट आने से एक श्रमिक सिर के बल गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी उसे तुरंत टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय ले गए। जहां गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक 25 वर्षीय श्रमिक पिंटू लाल पुत्र सूबेदार मूल निवासी पोस्ट माधवपुर जिला पीलीभीत यूपी हाल निवासी अंबेडकर नगर टनकपुर यहां एक स्टोन क्रशर में कार्य कर रहा था। बुधवार सुबह यहां लगे टुल्लू पंप में पानी भरने के दौरान अचानक उसमें करंट आने से वह नीचे सिर के बल गिर गया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। साथी श्रमिक उसे टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय ले गए। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि 2 वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। फिलहाल इस मामले में समाचार लिखे जाने तक किसी की ओर से टनकपुर कोतवाली में तहरीर नहीं दी गई थी।

ग्रामीणों ने की गुलदार से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, सल्ट

सल्ट के लुहेड़ा गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

अमृत विचार: जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। सल्ट ब्लॉक के लुहेड़ा समेत कई गांवों में इन दिनों गुलदार की चहल कदमी देखी जा रही है। गुरुवार को ग्रामीणों ने बैठक कर गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की। साथ ही सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 16 जुलाई को चक्का जाम की चेतावनी दी।

मौलेखाल में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि में एक माह में 6 लोगों पर गुलदार के हमले हो चुके हैं। कई बार विभाग के अधिकारियों को मामले को लेकर अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति दिनों दिन रोष बढ़ाता जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में गुलदार का आतंक इस कदर बढ़ गया है, कि लोग घरों से बाहर निकलने और मवेशियों के लिए जंगल में चारा पत्ती लेने जाने से भी कतरा रहे है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 15 जुलाई तक गुलदार को नहीं पकड़ा गया तो वह 16 जुलाई को रेंज कार्यालय मोहान और चिमटाखाल से चौड़ीघट्टी मोटर मार्ग पर चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।

> वन विभाग मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में कार्य कर रहा है, लुहेड़ा गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के साथ-साथ ट्रेप कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। लेकिन अभी तक गुलदार की किसी गतिविधि को नहीं देखा गया है। विभाग ग्रामीणों को सतर्कता बरतने को लेकर लगातार जागरूक कर रहा है।
> -गंगाशरण, वन क्षेत्राधिकारी मोहान।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मोहित नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष आनंद मौलेखी, कमला देवी, मनोहर सिंह रौतेला, प्रभा देवी, मंजू महेश बिष्ट, दयाल सिंह, राधा देवी, बसंती देवी, अनीता देवी, गंगाराम, राजे सिंह, जय किशन, किशोर उपाध्याय, तरुण, मंगल रावत, आदित्य, उत्तम सिंह, राधा देवी, दीपा मौलेखी, गंगाराम, कविता मौलेखी, सीमा मौलेखी आदि ग्रामीण, प्रधान, सरपंच और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

परीक्षाफलों में हुई गड़बड़ी पर एनएसयूआई ने उठाए सवाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

एसएसजे विवि परीक्षा कार्यालय में समस्याएं बताते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

अमृत विचार : एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विवि की ओर से जारी परीक्षाफल पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को परीक्षा कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जल्द परीक्षाफल की खामियां दूर करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर विवि के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि विवि की ओर से जारी छठे सेमेस्टर के रिजल्ट में कई खामियां हैं। बीए छठे सेमेस्टर के अंग्रेजी और इतिहास विषय में काफी कम अंक दिए गए हैं। काफी छात्रों को फेल भी किया गया है। इसके अलावा भी रिजल्टों में कई गड़बड़ियां हैं। कहा कि पहले भी कई बार इस तरह की खामियां आ चुकी हैं, लेकिन विवि की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत का फल नहीं मिल रहा है। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अंकतालिकाओं में सुधार करने और छात्रों को उनके मेहनत के अंक देने की मांग की। यहां अमित बिष्ट, लोकेश सुप्याल, लक्ष्य, नकुल, रोहित बिष्ट, अमन लटवाल, देव मिश्रा, बाल विक्रम सिंह, गौरव सतवाल आदि मौजूद रहे।

परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान

अल्मोड़ा, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत जनपद में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू हो गया है। गुरुवार को अल्मोड़ा महिला अस्पताल में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सीएमओ डॉ. आरसी पंत ने कहा कि संपूर्ण जनपद में आगामी 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित होंगे। बताया कि बिना चीरा बिना टांका पुरुष नसबंदी एनएसवी करने पर दो हजार रुपये तथा महिला नसबंदी कराने पर 14 सौ रुपए लाभार्थी को दिए जाएंगे। यहां पीएमएस डॉ. एचसी गड़कोटी, एनएचएम प्रभारी दीपक भट्ट, सोनाली, रवि मिश्रा, विजया लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

गोली मारने का आरोपी है फरार, पिता गिरफ्तार

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : कोतवाली से लगे नायकगोठ गांव में मामूली विवाद के बाद चाचा पर फायर झोंकने के वाले आरोपित भतीजे के पिता को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। घायल खनन कारोबारी की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित उसके माता पिता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मुख्य आरोपित सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तार के लिए लगातार दबिश दे रही है।

नायकगोठ निवासी प्रेमा पत्नी दीपक सिंह ने कोतवाली में अपने जेठ राजीव सिंह, जेठानी दीपा देवी और भतीजा कार्तिक ठाकुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि सोमवार रात उसका भतीजा कार्तिक तमंचा लेकर उनके कुत्ते को मारने का प्रयास कर रहा था। जिसका उनके पति दीपक ने विरोध किया। समझाने के बावजूद कार्तिक तमंचा लहरा रहा था। जिसके बाद कार्तिक ने उनके पति दीपक के सीने में गोली मार दी। तहरीर में कहा है कि कार्तिक को उसके पिता राजीव सिंह और माता दीपा देवी का समर्थन मिल रहा था। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को घायल दीपक उर्फ बिट्टल की पत्नी की तहरीर के आधार पर राजीव सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पत्नी दीपा देवी और फायर करने वाले कार्तिक की तलाश की जा रही है। आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 351 (2) 49 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वन कर्मियों ने लकड़ी से लदा ट्रक पकड़ा

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : वन विभाग शारदा रेंज की टीम ने खैर की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़कर सीज कर दिया है। जब्त लकड़ी की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। विभाग ने ट्रक को जब्त कर चालक को मुचलके पर छोड़ दिया है। लकड़ी कहां से आई और कहां जा रही थी अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिचई के पास घेराबंदी कर लकड़ी से लदा ट्रक पकडना चाहा, लेकिन चालक ने ट्रक को भगा दिया। वन कर्मियों ने नौ किलोमीटर दूर बनबसा पाटनी तिराहे के पास ट्रक संख्या-यूपी 26टी, 1972 को पकड़कर चालक को हिरासत में ले लिया। रेंजर पीसी जोशी ने बताया कि ट्रक में 40 क्विंटल अवैध खैर की लकड़ी जब्त की गई है। खैर की लकडियों के उपर 10 क्विटंल कुकाट की लकड़ी भरी हुई थी। ट्रक को वन विभाग कार्यालय पर सीज कर दिया गया है, जबकि चालक इशाक अहमद पुत्र मोहम्मद कादिर, निवासी लकड़ी मंडी पीलीभीत को मुचलके पर छोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि कैंटर आमिर खान वार्ड नंबर सात, पकडिया नोगवान, पीलीभीत का है। टीम में ककराली गेट इंचार्ज महेश सिंह अधिकारी, यशवंत संभल, पुष्पेंद्र राना आदि शामिल रहे।

हालात | जिले भर के अस्पतालों में मात्र तीन रेडियोलॉजिस्ट तैनात, अल्ट्रासाउंड कराने में दिक्कत

रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीज परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज खुलने के बाद भी मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं। स्थिति यह है कि जिले के अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट की कमी से मरीज अल्ट्रासाउंड को दर-दर भटकने को मजबूर हैं। वहीं मेडिकल कालेज में दो माह से अधिक समय से अल्ट्रासाउंड पूरी तरह ठप है। इससे मरीजों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

दरअसल, जिले भर के अस्पतालों में केवल तीन रेडियोलॉजिस्ट ही तैनात हैं। जिसमें दो जिला और महिला में जबकि एक रेडियोलॉजिस्ट रानीखेत अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं। आलम यह है कि पर्वतीय क्षेत्र के एक मात्र मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के पास अपना रेडियोलॉजिस्ट तक नहीं है। कुछ समय स्वास्थ्य विभाग से उधारी की व्यवस्था में मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड हुए। लेकिन इधर बीते दो माह से अधिक समय से मेडिकल कालेज में अल्ट्रासाउंड पूरी तरह ठप है। इससे मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

> जिले में चार रेडियोलॉजिस्ट तैनात है, जिसमें तीन जिला और महिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि एक रानीखेत में तैनात है। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में अटैच रेडियोलॉजिस्ट को जिला अस्पताल में सीटी स्कैन लगने के बाद वापस बुलाया गया है। मरीजों को परेशानी न हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। **-डॉ. आरसी पंत**, सीएमओ अल्मोड़ा।

स्वास्थ्य विभाग के पास भी रेडियोलॉजिस्ट का टोटा

मेडिकल कालेज के पास तो अपना रेडियोलॉजिस्ट है ही नहीं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास भी रेडियोलॉजिस्ट का टोटा है। जिले भर के सरकारी अस्पतालों में केवल तीन रेडियोलॉजिस्ट ही तैनात हैं। जिसमें दो जिला और महिला में जबकि एक रेडियोलॉजिस्ट रानीखेत अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

कार्रवाई

- **पुलिस ने लमगड़ा के दुर्गानगर यात्री स्टैंड से आरोपी को दबोचा**

अमृत विचार : लमगड़ा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को लमगड़ा क्षेत्र के दुर्गा नगर यात्री स्टैण्ड के पास से दबोचा। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

थाना लमगड़ा में थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म के मामले में थाना लमगड़ा में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुरेश चंद्र के खिलाफ पोक्सो समेत दुष्कर्म के मामले में एफआईआर पंजीकृत की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तार के निर्देश दिए। जिसके बाद थानाध्यक्ष राहुल राठी ने पुलिस टीम का गठन कर आरोपी की खोजबीन शुरू की गई। इधर बुधवार को पुलिस ने आरोपी 27 वर्षीय सुरेश चंद्र को दुर्गा नगर यात्री स्टेंड से गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में आवश्यक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार, महेंद्र सिंह, देवराज सिंह आदि शामिल रहे।

एक नजर

टीसीएस की आय 12040 करोड़ रुपये पहुंची

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही 12040 करोड़ रुपए की शुद्ध आय अर्जित की है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 11074 करोड़ रुपए की आय से 8.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की आज बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में यह जानकारी दी गई है। उसने कहा कि जून 2024 में समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 62613 करोड़ रुपए रहा है जो जून 2023 में समाप्त तिमाही के 59381 करोड़ रुपए की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपए का अंतरिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही में उसने 5452 नए कर्मचारी जोड़े हैं और कुल कर्मचारियों की संख्या 606998 हो गई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के. कृतिवासन ने कहा मुझे उद्योगों और बाजारों में चौतरफा वृद्धि के साथ नए वित्तीय वर्ष की मजबूत शुरुआत की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है। हम अपने ग्राहक संबंधों का विस्तार करना जारी रख रहे हैं, उभरती प्रौद्योगिकियों में नई क्षमताएँ बना रहे हैं।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5600 मसूरी– 5300 बासमती– 9500–10500 परमल– 3800–4000 **दाल दलहन :** काला चना– 7400 साबुत चना दाल– 8000–8600 मूंग साबुत– 11200 राजमा– 15000–16500 दाल उड़द– 11700 साबुत मसूर दाल– 7500– 7600 मसूर दाल– 8600 उड़द साबुत– 12300 काबुली चना– 12600–12800 अरहर दाल– 16300–17000 लोबिया/ करमानी– 8500 सोयाबीन– 4600 मूंगफली– 11000 मटर (सूखी)– 5200 मक्का– 2500

तिमाही नतीजों से पहले बाजार में मुनाफावसूली

सेंसेक्स 27.43 अंक और निफ्टी 8.50 अंक की मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी





स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दोनों मानक सूचकांक में कारोबार सीमित दायरे में रहा। कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से पहले बाजार शेयरों के उच्च मूल्यांकन को युक्तिसंगत ठहराने को संघर्ष करता दिख रहा है। कंपनियों के तिमाही परिणाम कुछ हल्का रहने का अनुमान है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर कंपनी के नतीजों से पहले 0.33 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने बाजार बंद होने के बाद परिणाम जारी किया। कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा है।

एनबीएफसी को प्राप्त ऋण का स्तर दो लाख करोड़ से ऊपर

मुंबई, एजेंसी

- वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी

केयरएज रेटिंग्स की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों की ओर से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिया गया कर्ज लगातार मई में दूसरे महीने में दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना रहा। गुरुवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों को एनबीएफसी को दिया गया कर्ज और उधार मई 2024 में 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल की तुलना में 0.5 प्रतिशत अधिक है। वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

रिपोर्ट के अनुसार इस निवेश में कमर्शियल पेपर (सीपी) में निवेश और कॉर्पोरेट ऋण के रूप में दिया गया कर्ज भी शामिल है। मई में म्युचुअल फंडों के ओर से दिए गए कुल कर्ज में एनबीएफसी को मिले कर्ज का हिस्सा बढ़ कर 13.3 प्रतिशत रहा। मई 2023 में यह 12.7 प्रतिशत था। हालांकि, इसमें अप्रैल 2024 के 13.4 प्रतिशत की तुलना में हल्की कमी रही। रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंड का एनबीएफसी के सीपी में निवेश लगातार छह महीने से एक लाख करोड़ के ऊपर चल रहा है। मई में यह 1.15 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था। इससे पहले मई 2019 में इन क्षेत्रों में सीपी के जरिए कर्ज के सौदों का यह स्तर देखा गया था। केयरएज रेटिंग्स की इस रिपोर्ट के अनुसार मई 2024 में एनबीएफसी में बैंकों का कर्ज के रूप में लगी राशि 15.6 लाख करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले से 16.0 प्रतिशत अधिक है।

पहली तिमाही में जीईएम से खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। सरकार के ई-खरीद पोर्टल जीईएम के जरिये 2024-25 की पहली तिमाही में वस्तुओं व सेवाओं की खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। खरीद की यही गति बने रहने से जीईएम चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन जाएगा। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह बात की। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त, 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार सिंह ने पत्रकारों से कहा, जीईएम ने पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में 1,24,761 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापारिक मूल्य दर्ज किया।

1200 शहरों में एयरटेल हाई स्पीड वाई फाई उपलब्धः विट्टल

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल का देश के 1200 से अधिक शहरों में हाई स्पीड वाई फाई उपलब्ध हो गया है। कंपनी के सीइओ गोपाल विट्टल ने आज अपने ग्राहकों को लिखे एक पत्र में कहा कि आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई कुछ ही जगहों पर मिल पाता था।

विझिंजम बंदरगाह पहुंचा चीन का जहाज

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

चीन का मालवाहक जहाज 'सैन फर्नांडो' गुरुवार को केरल के विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) बंदरगाह पहुंचा। भारत के सबसे बड़े ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह पर पहली बार इस तरह के जहाज की आमद हुई है। तीन सौ मीटर लंबा मालवाहक जहाज सैन फर्नांडो शुक्रवार को वीआईएसएल में 1,900 कंटेनर उतारेगा और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बंदरगाह के परिचालन के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। इस विशाल जहाज से बड़े कंटेनरों को अन्य जहाजों में लादा जाएगा और इसके बाद इन्हें देश के विभिन्न बंदरगाहों में पहुंचाया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्र और राज्य के मंत्री, अधिकारी और आम जनता सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। विजयन ने गुरुवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, सपना साकार होने वाला है। पहला जहाज केरल के विझिंजम बंदरगाह पर पहुंच रहा है। केरल की ओर से सैन फर्नांडो का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया जाएगा।

अब अमेजन पे के जरिये खरीदें दिल्ली मेट्रो का क्यूआर टिकट

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के यात्री अब ऑनलाइन भुगतान मंच अमेजन पे के जरिये अपने मोबाइल फोन पर क्यूआर टिकट ले सकते हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अमेजन पे के साथ साझेदारी की गुरुवार को घोषणा की। इसके लिए ग्राहक को अमेजन पे टैब के तहत दिल्ली मेट्रो क्यूआर टिकट का विकल्प चुनना होगा। फिर उन्हें कहां से और कहां तक जाने वाले स्टेशनों का चयन करना होगा। वे ऑनलाइन भुगतान कर अपने मोबाइल फोन पर फौरन ही क्यूआर टिकट हासिल कर सकते हैं।

लंबित मांगों को लेकर फिर शुरू करेंगे आंदोलन : एसकेएम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी तथा राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा मोर्चा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा। वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले एसकेएम ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की। इस बार शायद संगठन दिल्ली कूच नहीं करेगा।

संगठन के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और राज्यसभा तथा लोकसभा के सदस्यों से मुलाकात करने तथा मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए 16 से 18 जुलाई के बीच का समय मांगा जाएगा। फिर से दिल्ली कूच करने के बारे में पूछने पर एसकेएम नेताओं ने कहा कि इस बार वे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

फिरोजपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में भारत-पकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत से बृहस्पतिवार को हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया है। बीएसएफ एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास किल्चे गांव में तलाशी अभियान शुरू किया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान उन्हें एक पैकेट बरामद हुआ जिनमें 570 ग्राम हेरोइन थी। अधिकारी ने बताया कि पैकेट पीले रंग के टेप में लपेटा गया था और उसमें एक धातु की गोलाकार चीज भी लगी हुई थी।

हिमाचल में भूस्खलन के कारण 12 सड़कें बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में गुरुवार को भूस्खलन के कारण मणिमहेश डल झील का मार्ग बाधित हो गया। गोइ नाला और दोनाली के बीच हुए भूस्खलन का 19 सेकंड का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर डाला है। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलती है लेकिन श्रद्धालु और पर्यटक इस अवधि के अलावा भी यात्रा करते हैं। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग का उपयोग न करने को कहा है तथा इस मार्ग पर सूचना बोर्ड भी लगा दिए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद 12 सड़कों (शिमला में पांच, मंडी में चार और कांगड़ा में तीन) पर वाहनों का आवागमन बंद है।

बंदरगाह से प्रतिबंधित रसायनों की खेप जब्त की

चेन्नई। सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर चीन से पाकिस्तान जा रही एक खेप जब्त की है, जिसमें आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के लिए इस्तेमाल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित रसायन हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान कथित तौर पर चीन की मदद से आक्रामक रासायनिक और जैविक युद्ध कार्यक्रम पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी कंपनी चेंग्दू शिचेन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने रावलपिंडी स्थित रक्षा आपूर्तिकर्ता रोहेल एंटरप्राइजेज को ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल की एक खेप भेजी थी। अधिकारियों ने कहा कि 2560 किलोग्राम वजनी खेप को 25 किलोग्राम के 103 ड्रमों में रखा गया था और 18 अप्रैल, 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह पर मालवाहक जहाज ह्युडई शंघाई में लादा गया था।

हरियाणा विस चुनाव के लिए इनेलो-बसपा का गठबंधन

इनेलो नेता अभय चौटाला बनेंगे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

चंडीगढ़, एजेंसी

- बसपा 37 जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी

इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने पूर्व सहयोगी दल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से फिर से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों दलों के नेताओं ने गुरुवार को यह घोषणा की। गठबंधन के नेताओं ने इनेलो नेता अभय चौटाला को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने का भी फैसला किया है। दोनों दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे के तहत हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

चंडीगढ़ के बाहरी इलाके नयागांव में बसपा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन स्वार्थी हितों पर आधारित नहीं है बल्कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। चौटाला ने कहा, हरियाणा में हमने आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। आज, आम जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने का मन बना लिया है।

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि हाल में बसपा सुप्रीमो मायावती और अभय चौटाला ने गठबंधन के संबंध में एक लंबी बैठक की थी। उन्होंने कहा, उस बैठक में यह तय किया गया कि हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

महिलाएं चुनें परिवार नियोजन के विकल्पः नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि परिवार नियोजन में महिलाओं को विकल्प चुनने में सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्यों को सामूहिक रुप से काम करने की जरुरत है। नड्डा ने गुरुवार को यहां विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक ऑनलाइन सम्मेलन माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतराल की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र और राज्यों को सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं परिवार नियोजन के विकल्प चुनने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और अनचाहे गर्भधारण का बोझ न पड़े।

मेहनत

महाराष्ट्र के सतारा जिले में खेत में धान की रोपाई करतीं महिलाएं। • एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

जम्मू, एजेंसी

- जेकेएसएसबी एसआई प्रश्नपत्र लीक मामले में हुई कार्रवाई

जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में प्रश्नपत्र लीक के कथित मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के करीब तीन सप्ताह बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अन्य भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उसे पांच दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के लहरोदा निवासी अनिल कुमार (31) को ईडी की जम्मू शाखा ने बुधवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया और गुरुवार को जम्मू स्थित भ्रष्टाचार रोधी विशेष अदालत (सीबीआई के मामलों की) के समक्ष पेश किया।

चालक को 14 दिन के लिए भेजा जेल

हिट-एंड-रन मामला

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में आरोपी शिवसेना नेता राजेश शाह के परिवार के चालक को गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को दुर्घटना के समय चालक राजर्षि बिदावत, राजेश शाह के बेटे और मुख्य आरोपी मिहिर शाह के साथ कार में बैठा था। मुंबई के वर्ली इलाके में जब बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मारी तब मिहिर शाह (24) कथित तौर पर गाड़ी चला रहा था। इस दुर्घटना में स्कूटर पर पीछे बैठी एक महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद बिदावत राजेश शाह के निर्देश पर कथित तौर पर मिहिर शाह की जगह चालक की सीट पर बैठ गया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर चालक को मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवडी अदालत) एस पी भोसले के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उसकी हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच अब भी जारी है।

मिहिर ने दुर्घटना के समय शराब पी रखी थी : पुलिस

मुंबई। बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में मुख्य आरोपी मिहिर शाह जिस समय भीषण दुर्घटना हुई तब शराब के नशे में था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। मामले की जांच कर रही एक टीम ने घटनाक्रम के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाने के लिए आज तड़के घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। इसके अलावा टीम में शाह और उसके परिवार के वाहन चालक व सह-आरोपी राजश्री बिदावत से पूछताछ की, जो रविवार को हुई दुर्घटना के समय कार में सवार था।

खोज के लिए पुलिस में रिपोर्ट बेटा खाट के नीचे छिपा मिला

काकीनाडा, संवाददाता

- आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके का मामला

आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके में स्कूल जाने से बचने के लिए एक बच्चा गुरुवार सुबह नहाने के बाद तौलिया लेकर अचानक घर से गायब हो गया। बेटे की तलाश करने के बाद हारे माता-पिता ने इंद्रपालम पुलिस से शिकायत की। लापता लड़के की बड़े पैमाने पर तलाश के लिए पुलिस टीमों को तैनात कर दिया गया। बच्चे को हालांकि एक घंटे बाद कमरे में खाट के नीचे छिपा हुआ पाया गया।

कड़ी मशक्कत करने वाली पुलिस और चिंताजनक पल बिताने वाले माता-पिता ने आखिरकार लड़के को सलामत देखकर राहत की सांस ली। आठ वर्षीय साई शनमुखा ने पुलिस को बताया कि उसने स्कूल से दूर रहने के लिए यह शरारत की। पुलिस ने लड़के को इस शरारत के लिए डांट लगायी और उसे नियमित रूप से स्कूल जाने की सलाह दी।

सभी दलों को आत्मचिंतन की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

- कहा- देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को दुख जताते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्मचिंतन करने का आह्वान किया। राज्य विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह भी कहा कि लोकतंत्र बहस और संवाद से पनपता है, लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और सभी राजनीतिक दलों को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, संसदीय लोकतंत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। हम व्यवधान झेल रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि सदन में आसन के सामने हंगामा और नारेबाजी किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए पीड़ादायक स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभापति और अध्यक्ष को दोनों पक्षों द्वारा अपनी सुविधा से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन लोकतंत्र का हृदय हैं और पीठासीन अधिकारी का सम्मान किया जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, हम दूसरे दृष्टिकोण के प्रति भी उदार नहीं हैं।

मणिपुर जाकर शांति की अपील करें मोदी : राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि जब पूरा राज्य हिंसा की आग में जल रहा है तो आखिर मोदी मौन क्यों साधे हैं और वह मणिपुर में शांति बहाली के लिए लोगों से कोई अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मणिपुर लगातार जल रहा है और आंतरिक हालात गंभीर हैं।

शीना बोरा के कंकाल के अवशेष होने का दावा

मुम्बई, एजेंसी

- 24 वर्षीय शीना बोरा की 2012 में उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी और अन्य ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी

शीना बोरा हत्याकांड की सुनवाई कर रही मुंबई की एक अदालत में गुरुवार को उस समय कुछ नाटकीय दृश्य देखने को मिले, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पहली बार दावा किया कि उसके पास हत्या की शिकार महिला के कंकाल के अवशेष हैं। जांच एजेंसी ने एक विशेष न्यायाधीश से कहा कि यह दावा करना गलत होगा कि शीना बोरा के कंकाल के अवशेष गायब हैं, क्योंकि इनमें से कुछ दिल्ली में सुरक्षित रखे गए हैं। 24 वर्षीय शीना बोरा की 2012 में उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी और अन्य लोगों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

शीना के कंकाल के अवशेषों के कथित रूप से गायब होने और सीबीआई द्वारा अपने पास मौजूद सबूतों के बारे में खुलासा करने का मुद्दा अदालत में तब उठा, जब उसे एक पत्र मिला, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एनाटॉमी के एक प्रोफेसर ने महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची थी। सीबीआई की गवाह ज़ेबा खान, जो जेजे अस्पताल में एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर हैं, पर गलत कामों का आरोप लगाने वाला पत्र उनके भाई नवीद खान ने लिखा था, जिसका उनके साथ विवाद है। नवीद ने आरोप लगाया कि ज़ेबा ने कंकालों को नष्ट करके गलत किया और बदले में धन एकत्र किया, जिससे उसने गल्फ में संपत्ति खरीदी। उन्होंने दावा किया कि कंकालों के गायब होने की खबरों के बाद वह अदालत के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करना चाहते थे।

टेस्ट कप्तान बने रहेंगे मसूद, बाबर पर फैसला टला

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा।

पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। पीसीबी ने बुधवार को बैठक की जिसमें बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, गिलेस्पी, सफेद गेंद के कोच गैरी कर्स्टन सहायक कोच अजहर महमूद ने हिस्सा लिया और इस दौरान टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया बैठक लाल और सफेद गेंद के प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के लिए एक व्यापक खाका तैयार करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए हुई थी।

इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले मसूद को पूर्ण समर्थन मिला। बैठक में मसूद को अगस्त से जनवरी के बीच बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखलाओं के लिए टेस्ट कप्तान के रूप में बरकरार रखने के लिए समर्थन मिला। हालांकि बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी पर कोई फैसला नहीं किया गया, हालांकि कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उनके प्रदर्शन पर काफी चर्चा हुई।

बाबर को मिल चुके कई मौके : अफरीदी

कराची। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिए। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को टी-20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया। वर्ल्ड लीजैंड्स चैंपियनशिप में भाग लेने बर्मिंघम गए अफरीदी ने वहां मीडिया से कहा बाबर को पाकिस्तान की कप्तानी के पूरे मौके दिए गए। उसे बतौर कप्तान अपनी उपयोगिता साबित करने का काफी समय मिला। बाबर चार विश्व कप और दो एशिया कप में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। अफरीदी ने यह भी कहा कि पीसीबी अगर नया कप्तान नियुक्त करता है तो दो नए विदेशी कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी के साथ उसे समय दिया जाना चाहिए।

एमओसी ने उपकरण से जुड़े प्रस्तावों को दी स्वीकृति

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों के उपकरण खरीदने में सहायता से जुड़े कई प्रस्तावों को गुरुवार को स्वीकृति दी।

अपनी साप्ताहिक बैठक में एमओसी ने पैरालंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के अपने कोच और सहायक के साथ 16 से 20 जुलाई तक थाईलैंड में आईटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में हिस्सा लेने के लिए सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने पैरा निशानेबाजों मनीष नरवाल, रुद्रांक्ष खंडेलवाल, रूबीना फ्रांसिस और श्रीहर्ष आर देवरेड्डी के निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न उपकरणों के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। इनमें श्रीहर्ष के लिए एयर राइफल और रूबीना के लिए मोरिनी पिस्टल तथा पैरा एथलीट संदीप चौधरी के लिए दो भालों की खरीद के लिए सहायता शामिल है।

ओलंपिक से पहले मुंबई में सिंधू के स्मैश की रफ्तार, किशोर के थ्रो का मना जश्न

मुंबई, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया। ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की आधिकारिक फुटवेयर खेल का सामान बनाने वाली कंपनी प्यूमा ने चैम्पियंस ऑफ द गेम का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को एक आउटडोर अभियान लांच किया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी।

ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका सी द गेम लाइक वी डू अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। प्यूमा ने कहा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर स्मैश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिये पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि बड़ी इमारत के बराबर होगी। जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा।

खेल डायरी

गांगुली ने खरीदी कोलकाता रॉयल टाइगर्स की टीम

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रेसिंग प्रोमोशंस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अखिलेश रेड्डी ने गांगुली का स्वागत किया। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में अमेरिका गैम्बिट्स में हिस्सेदारी हासिल की जो वैश्विक शतरंज लीग के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी।

खिलाड़ियों को जू. फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरो जूनियर सीरिज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 16 से 25 अक्टूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा। तोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई वही खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान (पांच से नौ अगस्त) और चीन (11 से 17 अगस्त) में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी तोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा। यह टूर्नामेंट फ्रेंच टेनिस महासंघ और एशियाई टेनिस महासंघ के बीच हुए करार के तहत खेला जा रहा है। ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले एशियाई टेनिस खिलाड़ी और एटीपी के इतिहास में ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलने वाले (यूएस ओपन 2014) इकलौते एशियाई खिलाड़ी केइ निशिकोरि इसके ब्रांड दूत होंगे।

मैच से बाहर रखे जाने पर स्टार्क ने जताई नाराजगी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में सुपर आठ चरण के मैच में बाहर रखे जाने पर नाराजगी जताई है। टी20 विश्व कप 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को अफगानिस्तान के हाथों 21 रन से अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा और टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलिया ने स्टार्क की जगह एश्टोन एगर को उतारा था लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले सके। स्टार्क ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा टीम प्रबंधन ने मैच अप पर भरोसा किया क्योंकि पिछले मैच पर उस मैदान पर स्पिनर चल रहे थे। इसलिए एश्टोन को मौका दिया गया। उसने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा लेकिन अफगानिस्तान ने स्पिन को बखूबी खेला और शायद हालात का आकलन हमसे बेहतर किया था। हमें दो मैच दिन रात के मिले और तीसरा मैच दिन का था। हम सर्वश्रेष्ठ तैयारी नहीं कर सके। हमारी फ्लाइट में विलंब हो गया और होटल हवाई अड्डे से डेढ घंटा दूर था। अगले दिन सुबह मैच खेलना था।

श्रीलंका-भारत के बीच 26 को होगा पहला टी-20

कोलंबो। श्रीलंका और भारत के बीच 26 जुलाई को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टी-20 मैच खेलेगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इस महीने के आखिर भारत के साथ होने वाली टी-20 और एकदिवसीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस दौरान श्रीलंका और भारत के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी-20 श्रृंखला के साथ होगी। इसके बाद एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत होगी। 26, 27 और 29 जुलाई को टी-20 मैच होंगे। वहीं एकदिवसीय श्रृंखला के मैच एक, चार और सात अगस्त को खेले जाएंगे। टी-20 श्रृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले तथा एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

टेनिस में बेहतर कर सकती थी: साइना

राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी-माई स्टोरी' पर बातचीत के दौरान नेहवाल ने साझा किए अनुभव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाए टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर भी साइना ने काफी प्रभावित किया है जिसमें वह दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ● एजेंसी

राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरी-माई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। उन्होंने कहा इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी। साइना ने कईयों को बैडमिंटन में आने के लिए प्रेरित किया है लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। साइना ने कहा जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था। लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते।

कार्यक्रम के दौरान साइना नेहवाल के साथ सेल्फी लेतीं प्रशंसक। ● एजेंसी

उन्होंने कहा मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते। साइना ने कहा मैं विशेषकर लड़कियों से आगे आने के लिए कहूंगी कि वे फिट होना शुरू करें और खेलों में आयें। अब हम बच्चों के लिए मौजूद हैं, उनके लिए प्रेरणा के लिए दुनिया की नंबर एक, ओलंपिक चैंपियन और इतनी सारी पदक विजेता हैं।

उन्होंने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने प्रतिभा की कमी की भरपाई की। साइना ने कहा मुझे कड़ी मेहनत करना पसंद है, मैं इतनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं थी। मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती थी। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोई चीज 100 बार करता था तो मुझे इसे 1000 दफा करना पड़ता था। मेरे कोचों को मेरा कभी हार नहीं मानने वाला जज्बा पसंद है।

बिश्नोई के कैच को देखकर रह गया था दंग : आवेश

हरारे। रवि बिश्नोई हमेशा से मुस्तैद फील्डर रहे हैं लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में आवेश खान की गेंद पर ब्रायन बेनेट का जो अद्भुत कैच लपका , उससे उनके साथी खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गए। भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढत बना ली। ड्रेसिंग रूम में चर्चा बिश्नोई के कैच की हो रही थी।

आवेश ने कहा उसने जब वह कैच पकड़ा तो मुझे नहीं लगता है कि उसे रिएक्शन टाइम मिला होगा। मैं भी समझ नहीं पाया कि पलक झपकते क्या हो गया। मैं हैरान था कि उसने वह कैच कैसे लपका। उन्होंने कहा वह अपनी फील्डिंग पर काफी मेहनत करता है। यह विकेट भले ही मेरे नाम है लेकिन इसका श्रेय बिश्नोई को जाना चाहिए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा मुझे खुशी है कि हमने श्रृंखला में बढ़त बना ली। बिशी का वह कैच शानदार था। क्रिकेट टीम का खेल है और फील्डिंग करते समय तो बिल्कुल टीम खेल रहता है। फील्डिंग करते समय लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण होता है। ऐसा करने पर आप खेल में पूरी तरह से रहते हैं । बिश्नोई ने कहा कैच लपककर अच्छा लग रहा है। हम पिछले दो तीन दिन से फील्डिंग पर बात कर रहे हैं। जब तक हम इस तरह के कैच नहीं लपकेंगे, हमें पता नहीं चलेगा कि कितने पास हैं या दूर। रिंकू सिंह ने कहा यह दर्शनीय कैच था। उसने पहली बार ऐसा कैच नहीं लिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल में कई ऐसे कैच ले चुके हैं।

मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में

लंदन, एजेंसी

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में करियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।

जीत दर्ज करने के बाद लोरेंजो मुसेत्ती ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी

वानिंदु हसरंगा ने छोड़ी श्रीलंका की कप्तानी

कोलंबा। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने टी-20 टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। हसरंगा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को लिखा एक खिलाड़ी के रूप में वह हमेशा श्रीलंका की टीम सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे तथा अपनी टीम और नेतृत्व का समर्थन करेंगे।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की ओर जारी एक बयान में हसरंगा के टीम में बने रहने की पुष्टि की गई। बयान के अनुसार हसरंगा ने अपने त्यागपत्र में कहा कि यह टीम के हित में है कि उन्होंने कप्तानी कर्तव्यों से मुक्त होकर एक खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंकाई स्पिनर हसरंगा को पिछले वर्ष ही टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने 10 मैचों में टीम का नेतृत्व किया।

भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने को तैयार टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनप्रीत बोले- मैं भारत के लिए ओलंपिक में सब कुछ देने को हूं उत्साहित

अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि हमारी टीम दुनिया को भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने के लिए तैयार है।

मनप्रीत ने कहा मेरा चौथे ओलंपिक में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा मील का पत्थर है जो कि मुझे बहुत गौरवान्वित करता है। यह मेरे परिवार, कोच और साथियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रमाण है। धनराज पिल्लै जैसे दिग्गज के नक्शेकदम पर चलना, जो मेरे सहित अनगिनत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं, शब्दों से परे सम्मान है। उन्होंने कहा मैं पेरिस में भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्साहित हूं। मैं केवल टीम नहीं बल्कि लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों और सपनों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। हमने कड़ी तैयारी की है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने, अपने देश को सम्मान दिलाने और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ हैं।

बॉलीवुड हलचल

टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं। आमिर खान की फिल्म लगान क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। वहीं, उनकी फिल्म दंगल में कुश्ती से जुड़ी कहानी दिखाई गई। अब वह फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं, यह भी एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। आमिर ने टेनिस की पृष्ठभूमि से जुड़ी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। आमिर खान ने कहा, यदि कोई अच्छी कहानी आती है, तो मैं टेनिस पर भी फिल्म बनाना पसंद करूंगा। हालांकि, मेरे लिए किसी फिल्म को उसकी कहानी और किरदार दिलचस्प बनाते हैं। जब मैं लगान कर रहा था, तब मेरी पहली प्राथमिकता क्रिकेट नहीं था, दंगल के दौरान मेरी प्राथमिकता कुश्ती नहीं थी। मैंने उन कहानियों को एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में देखा। हां, खेल उन कहानियों का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जो उन्हें बेहतर बनाता है। मैं खेलों का बहुत बड़ा समर्थक हूं। खेल हमें कड़ी मेहनत करना, जुनून, टीम भावना और हार को स्वीकार करना सिखाता है।

फिल्म अल्फा के लिए आलिया भट्ट ने ली चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म अल्फा के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया भट्ट जल्द ही वाईआरएफ की स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया ने स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग 05 जुलाई से शुरू कर दी है। आलिया ने अल्फा में पहले से भी कहीं ज्यादा फिट और हॉट लगने के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है, जिससे वह इस फिल्म में सबसे अलग और पहले से भी कहीं ज्यादा फिट दिख सकें। शिव रवैल द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फिल्म अल्फा की शूटिंग लगातार चल रही है। स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में आलिया एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अल्फा में आलिया को पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश किया जाएगा। इस फिल्म में आलिया के पास पांच से छह धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस हैं।

नीदरलैंड को हराकर इंग्लैंड ने फाइनल में किया प्रवेश

डॉर्टमंड, एजेंसी

यूरो कप 2024

स्थानापन्न ओली वाटकिंस के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड बुधवार को नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरोकप 2024 चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार प्रवेश किया है।

इससे पहले नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने इंग्लैंड की रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन वह इसे अधिक देर तक कायम नहीं रख सके। इंग्लैंड के हैरी केन ने 18वें मिनट में पेनल्टी के जरिए गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। ओली वाटकिंस ने अंतिम समय में निर्णायक गोलकर इंग्लैंड को विजय दिलाई। इस जीत के साथ ही रविवार को फाइनल में इंग्लैंड और स्पेन खिताब के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और 91वें मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया।

<< नीदरलैंड को 2-1 से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑली वाटकिंस। ● एजेंसी

कोपा कप 2024

जीत के बाद जश्न मनाते कोलंबिया के खिलाड़ी।

उरूग्वे को हराकर कोलंबिया फाइनल में पहुंचा, अर्जेंटीना से होगा मुकाबला

चार्लोट। कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवर को गत चैंपियन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरूग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाए गए।

मैच के बाद भिड़े दर्शक खिलाड़ियों से हाथापाई

चार्लोट। कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरूग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरूग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरूग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70,644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरूग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

दीदार...

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और थाईलैंड के विदेश मामलों के मंत्री मैरिस ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में बौद्धिज्म नामक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। ● एजेंसी

पाकिस्तान की कोर्ट बोली- इमरान की हरकत आतंकवादी के समान

लाहौर। पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने गुरुवार को कहा कि 9 मई की हिंसा से जुड़े मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हरकतें एक आतंकवादी के समान थीं। उन्होंने अपनी रिहाई के लिए दबाव बनाने के वास्ते पार्टी नेताओं को सैन्य प्रतिष्ठानों, सरकारी संपत्तियों और पुलिस अधिकारियों पर हमला करने का काम सौंपा। पीटीआई के 71 वर्षीय संस्थापक और उनकी पार्टी के सैकड़ों सहयोगियों पर कई मामलों के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है। भ्रष्टाचार के मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान पूरे पाकिस्तान में प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे।

बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का किया आह्वान

भारत ने बिम्सटेक समूह में भरी ऊर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को सात देशों के बिम्सटेक समूह से बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए नई ऊर्जा, संसाधन और नई प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह अपील विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय सम्मेलन में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी करते हुए की।

बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के सात देशों को बहुआयामी सहयोग के लिए एक साथ लाता है। भारत के अलावा बिम्सटेक में श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक को उच्च आकांक्षाएं रखनी चाहिए। जयशंकर ने सम्मेलन के पहले दिन अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा भारत के लिए बिम्सटेक उसके पड़ोस प्रथम दृष्टिकोण पूर्व की ओर देखो नीति और सागर दृष्टिकोण के अहम पड़ाव का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा इनमें से प्रत्येक प्रयास बंगाल की खाड़ी पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रस्तावित किया जा रहा है, जहां सहयोगात्मक क्षमता का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमारी चुनौती इसे बेहतर बनाने की है, और ऐसा तेजी से करना है।

विदेश मंत्री जयशंकर नेपाल की विदेश सचिव सेवा लमसल का स्वागत करते हुए।

थाईलैंड है बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष

बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक जीवंत मंच बनाने के लिए भारत ठोस प्रयास कर रहा है, क्योंकि दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत पहल विभिन्न कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। भारत सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक का उद्देश्य खुले तौर पर, स्पष्ट और फलदायी ढंग से विचारों का आदान-प्रदान करना है। थाईलैंड बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष है और इस वर्ष के अंत में वह समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

एक नजर

अमेरिका को 6.7 अरब डॉलर का भुगतान करने का आदेश

तेहरान। ईरान की अदालत ने अमेरिकी सरकार को आदेश दिया कि वह तेहरान पर वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दुर्लभ त्वचा विकार से पीड़ित लोगों के लिए स्वीडन की एक कंपनी से विशेष पट्टियों की आपूर्ति रुकने की वजह से 6.7 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा प्रदान करे। अंतर्राष्ट्रीय संबंध कानून न्यायालय के इस आदेश से पहले ईरान ने पिछले साल पश्चिम के साथ तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प के लिए कुवैती कच्चे तेल से संबंधित पांच करोड़ डॉलर का सामान जब्त कर लिया था।

ब्रिटिश भारतीय सांसदों ने ग्रहण की शपथ

लंदन। ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए नवनिर्वाचित भारतीय मूल के सांसदों ने देश के प्रति वफादारी के प्रतीक के रूप में महाराजा के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। इसके लिए उन्होंने धार्मिक ग्रंथों पर हाथ रखकर शपथ ली। शैलेश वारा द्वारा स्पीकर लिंडसे होयल को भगवद् गीता की एक नई प्रति भेंट की गई। शैलेश कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व सांसद हैं, जो पिछले सप्ताह के आम चुनाव में कैम्ब्रिजशर सीट से हार गए थे। मंगलवार को शपथ लेने वाले पहले ब्रिटिश भारतीय सांसदों में ऋषि सुनक भी शामिल थे।

लाहौर हाईकार्ट में पहली बार महिला बनी मुख्य न्यायाधीश

लाहौर। न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। वह पाकिस्तान की पहली महिला हैं जो किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के पद पर आसीन हुई हैं। पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। पंजाब सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। न्यायमूर्ति नीलम (57) लाहौर उच्च न्यायालय में न्यायधीशों के वरिष्ठता क्रम में तीसरे स्थान पर थीं लेकिन पाकिस्तान के प्रधान न्यायधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाले न्यायिक आयोग ने उन्हें इस पद के लिए नामित करने का फैसला किया।

नागरिकता प्रमाण आवश्यकता वाला विधेयक पारित

वाशिंगटन। अमेरिका के निचले सदन ने एक विधेयक पारित किया गया है, जिसके तहत देश में संघीय चुनावों के मतदान के लिये पंजीकरण करवाने वाले व्यक्तियों को अमेरिकी नागरिकता का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। सांसदों ने 221-198 बहुमत से विधेयक पारित किया, जिसके बाद सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट निरस्त हो गया।

रूस-चीन की गहरी दोस्ती से नाटो चिंतित

कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की महत्वाकांक्षाएं हमारे हितों व सुरक्षा के लिए चुनौती

वाशिंगटन, एजेंसी

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने रूस और चीन के बीच गहराते संबंधों तथा बीजिंग की बढ़ती आक्रामकता पर बुधवार को चिंता जाहिर की। नाटो ने अपने वाशिंगटन शिखर सम्मेलन घोषणापत्र में कहा, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की महत्वाकांक्षाएं और आक्रामक नीतियां लगातार हमारे हितों, सुरक्षा और मूल्यों को चुनौती दे रही हैं। रूस और पीआरसी के बीच गहराती रणनीतिक साझेदारी तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने व नया आकार देने के दोनों देशों के प्रयास गंभीर चिंता का विषय हैं।

शिखर सम्मेलन में शामिल राष्ट्राध्यक्षों और शासन प्रमुखों की ओर से जारी घोषणापत्र में कहा गया है हम सरकार में शामिल और उनसे इतर तत्वों से हाइब्रिड, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य खतरों तथा दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का सामना कर रहे हैं। इस सम्मेलन में स्वीडन को नाटो के 32वें सदस्य देश के रूप में शामिल किया गया। घोषणापत्र में कहा गया है कि फिनलैंड और स्वीडन का नाटो में शामिल होना उन्हें सुरक्षित और संगठन को मजबूत बनाता है खासकर हाई नॉर्थ और बाल्टिक सागर क्षेत्रों में भी। इसमें कहा गया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता भंग कर दी है तथा वैश्विक सुरक्षा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि रूस संगठन के सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष खतरा बना हुआ है।

इसमें कहा गया है कि आतंकवाद अपने सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में, हमारे नागरिकों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं समृद्धि के लिए सबसे प्रत्यक्ष खतरा है। हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे वैश्विक और परस्पर जुड़े हुए हैं। सम्मेलन में नाटो ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा तंत्र को मजबूत करने, रूस से लड़ाई में यूक्रेन को दीर्घकालिक समर्थन बढ़ाने और नाटो के सदस्य देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए कदम उठाए। घोषणापत्र में कहा गया है हम यूक्रेन के राष्ट्रपति (वोलोदिमीर) जेलेंस्की और ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य तथा यूरोपीय संघ के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।

वाशिंगटन में आयोजित नाटो के शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य। एजेंसी

बाइडेन प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच खाई पाटने को प्रयासरत

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को कम करने की कोशिश कर रहा है। ब्लिंकन ने यहां नाटो शिखर सम्मेलन से इतर यह बात कही। सम्मेलन में अमेरिका के हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझेदारों- ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह लगातार तीसरी बार है जब अमेरिका ने अपने हिंद प्रशांत भागीदारों को आमंत्रित किया है। ब्लिंकन ने कहा जब रूस ने आक्रामकता दिखाई और यूक्रेन पर आक्रमण किया तक जापान खड़ा हुआ, दक्षिण कोरिया खड़ा हुआ, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड भी आगे आए। यह एक प्रकार से इस बात की स्वीकार्यता है कि ये चुनौतियां जुड़ी हुई हैं और जब लोकतंत्र एकजुट होते हैं तो हम और मजबूत होते हैं, प्रभावशाली होते हैं फिर चाहे हम यूरोप में हों, एशिया में हों या फिर कहीं और। इसलिए जब हम अपने हिंद-प्रशांत भागीदारों के साथ वाशिंगटन में एकत्र हो रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हम यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को पाट रहे हैं।

नाटो देश औद्योगिक आधार मजबूत करें : बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के तेजी से रक्षा उत्पादन बढ़ाने के मद्देनजर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से बुधवार को अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करने का आह्वान किया। बाइडन ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा कि नाटो देशों ने दो साल पहले अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने का फैसला किया था। उन्होंने कहा आज हमें खुद से यह सवाल करना होगा कि आगे क्या? हम अपनी ढाल को कैसे मजबूत बना सकते हैं? इसका एक जवाब यह है कि हमें अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा इस समय रूस तेजी से अपने रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी कर रहा है। वह हथियारों, वाहनों और युद्ध सामग्री का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है।

ओली व देउबा ने प्रचंड के खिलाफ जारी किया व्हिप

काठमांडू, एजेंसी

● प्रधानमंत्री प्रचंड आज संसद में करेंगे विश्वास प्रस्ताव का सामना

संकटग्रस्त नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को उनकी मुश्किलों को और बढ़ाते हुए नेपाली कांग्रेस (नेकां) और सीपीएन-यूएमएल ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर उनके खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत सीपीएन-यूएमएल ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।

निचले सदन में 138 सीटों के बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माउइस्ट सेंटर) के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है और ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि उनकी सरकार शुक्रवार को विश्वासमत हार जाएगी। माइ रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक नेपाली कांग्रेस ने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित होने और प्रचंड के विश्वासमत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

आगामी रणनीति को लेकर की चर्चा

ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से बुधवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक का उद्देश्य नेकां और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत माओवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) गठबंधन के बाद आगे की रणनीति और नयी गठबंधन सरकार बनाने को लेकर चर्चा करना था। देउबा के आवास पर हुई दो घंटे की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने नए गठबंधन के विस्तार की चर्चा की।

नाटो एशियाई देशों के बीच अराजकता न फैलाए : चीन

बीजिंग, एजेंसी

● विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जियान ने जताया एतराज, यूक्रेन मुद्दे पर जिम्मेदारी बढ़ाचढ़ा कर दिखाई थी

चीन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर दूसरों की कीमत पर सुरक्षा का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए उससे कहा कि वह एशियाई देशों के बीच ऐसी अराजकता न फैलाए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह बयान नाटो द्वारा चीन पर यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने संवाददाताओं से कहा, नाटो द्वारा यूक्रेन के मुद्दे पर चीन की जिम्मेदारी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना अनुचित है और इसके पीछे गलत इरादे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर चीन का रुख निष्पक्ष है। यूक्रेन में जारी युद्ध के चलते चीन ने अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों से अपने संबंध तोड़ लिए हैं और उसने कीव में रूस के बढ़ते हमलों की निंदा करने से भी इनकार कर दिया है। इसी के साथ चीन ने युद्ध के बाद से रूस के साथ अपने व्यापार को बढ़ाया है, जिससे उसे पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव का कम सामना करना पड़ रहा है। वाशिंगटन में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में उसने कहा कि चीन ने रूस के साथ अपनी बिना सीमा वाली साझेदारी और उसके रक्षा औद्योगिक आधार का बड़े पैमाने पर समर्थन करने के माध्यम से युद्ध को बढ़ावा दिया है।

पेशावर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान सऊदी विमान में लगी आग

इस्लामाबाद। पेशावर के बाचा खान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को उतरते समय रियाद से आ रहे सऊदी एयरलाइंस के एक विमान में आग गई। राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सीएए के प्रवक्ता सैफुल्ला के अनुसार हवाई यातायात नियंत्रकों ने लैंडिंग के दौरान विमान के बाएं लैंडिंग गियर से धुआं और आग की लपटें निकलते देखीं। इसके बाद उन्होंने पायलटों को सतर्क कर दिया गया और उसी समय हवाई अड्डे पर आग और बचाव सेवाओं को सूचित किया। बयान में कहा गया है कि जैसे ही सीएए फायर ट्रक घटनास्थल पर पहुंचे और लैंडिंग गियर को निगलने वाली आग की लपटों को बुझा दिया गया। सैफुल्लाह ने कहा दमकल ने समय रहते कार्रवाई की और आग पर तुरंत काबू पा लिया।

ब्रिक्स के एजेंडे सक्रियता से निभा रहा भारत : बिरला

सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी

● रूस में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडे को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है। बिरला ने यहां 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच के पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

इस सत्र का विषय ब्रिक्स संसदीय आयाम अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं था। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत में संपन्न लोक सभा चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और इसके बाद श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। यह उनका सौभाग्य है कि देश के निर्वाचित सदस्यों ने उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया। ब्रिक्स संसदीय मंच में चार नए सदस्यों, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला ब्रिक्स वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक लोकतान्त्रिक बनाने तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहा है। भारत का मानना है कि नई दिल्ली में आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन में पीठासीन अधिकारियों द्वारा साझा किए गए विचारों और प्रस्तावों से समावेशी और सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन को संबोधित करते ओम बिरला।

वैश्विक चुनौतियों से निपटने में आपसी सहयोग की जरूरी

बिरला ने जलवायु परिवर्तन, सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी को दूर करने जैसी चुनौतियों से निपटने में संसदों के आपसी सहयोग के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत परस्पर सहयोग और एकजुटता बढ़ाने, वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षीय संगठनों में सुधार करने, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ब्रिक्स संसदों के बीच सहयोग का पक्षधर है। अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से ब्रिक्स देशों के बीच साझेदारी और अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक होगी।

शोध

एरीज के वैज्ञानिक इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी की बड़ी खोज

ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिकों ने ब्लैकहोल से निकलने वाले जेट प्लाज़्मा की संरचना का पहली बार पता लगाया है। इस खोज में एरीज के विज्ञानी इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी द्वारा की गई है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल (एपीजे) नामक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका में यह खोज प्रकाशित हुई है।

एरीज के आउटरीच प्रभारी डा विरेन्द्र यादव ने बताया कि खगोलीय शोध की दिशा में एरीज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। जेट ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारों व पल्सार जैसे सघन खगोलीय पिंडों से विस्तारित किरणों के रूप में उत्सर्जित होते हैं। इसके संरचना के बारे में वर्षों के शोध के बावजूद अधिक जानकारी ज्ञात नहीं थी। साथ ही इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन से बने होने का भी सही पता नही था। इसके अलावा पॉज़िट्रॉन नामक सकारात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन इनमें शामिल होने की जानकारी भी नही थी। जिस कारण इसकी जानकारी विज्ञानियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। वैज्ञानिक डॉ. इंद्रनील चट्टोपाध्याय व राज किशोर जोशी के अनुसार यह खोज ब्लैक होल व न्यूट्रॉन तारों के करीब चलने वाली भौतिक प्रक्रिया की बारीकी को समझने में मदद करेगी।

सैद्धांतिक रूप से जेट की उष्मा गति की मात्रा, द्रव्यमान घनत्व, ऊर्जा घनत्व और दबाव के बीच संबंध का पता नही था। डॉ. चट्टोपाध्याय ने शोध में सर्वप्रथम विकसित किए गए एक संख्यात्मक सिमुलेशन में सुधार किया और इलेक्ट्रॉन, पॉज़िट्रॉन (धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन) व प्रोटॉन के मिश्रण से बने एस्ट्रोफिजिकल जेट की गतिशीलता का अध्ययन किया। तब जेट की संरचना की जानकारी सामने आई।

डा इन्द्रनील चट्टोपाध्याय

राज किशोर जोशी

बड़ी उपलब्धि है एरीज के लिए

नैनीताल : एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी ने कहा कि एरीज के वैज्ञानिक निरंतर खगोलीय पिंडों के अध्ययन में जुटे रहते हैं। यह खोज एरीज के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस खोज से जेट के बारे में जानकारी मिलने के बाद ब्लैकहोल व उनसे निकलने वाले के जेट के अन्य रहस्य को सुलझाना आसान होगा। वर्तमान में एरीज में 4 मीटर लिक्विड मिरर टेलिस्कोप व 3.6 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन की सुविधा मौजूद है।

भारतीय जहाज के कैप्टन व चालक दल होंगे सम्मानित

लंदन। तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत व उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस व समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान दृढ़ संकल्प और धीरज का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज मार्लिन लुआंडा पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया है।

बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीयों की संख्या में गिरावट

वाशिंगटन, एजेंसी

● द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण ने दी जानकारी

अमेरिका में साल 2020 में हुए चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव अंतराल के दौरान मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण दो साल में एक बार किया जाता है और यह एशियाई-अमेरिकी समुदाय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वेक्षण है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला कि अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल के 46 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक जो बाइडेन को वोट दे सकते हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट, सभी एशियाई-अमेरिकी जातीय समुदायों में सर्वाधिक है। बाइडेन व उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के बीच 27 जून को चुनाव की प्रक्रिया के तहत बहस से पहले यह सर्वेक्षण किया गया था।

पाकिस्तान जा रही प्रतिबंधित रसायनों की चीनी खेप जब्त

चेन्नई। सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रतिबंधित रसायनों की चीन से आई एक खेप जब्त की है जो माना जा रहा है कि पाकिस्तान के जैविक और रासायनिक युद्ध कार्यक्रम के लिए थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह खेप ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल या सीएस की थी जिसका इस्तेमाल आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के रूप में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों ने तमिलनाडु के कट्टूपल्ली बंदरगाह पर इस खेप को रोका था।

सीएस अंतरराष्ट्रीय समझौतों और भारत की निर्यात नियंत्रण सूची के तहत दोहरे उपयोग वाला रसायन है। दंगा नियंत्रण एजेंटों के रूप में इसका असैन्य उपयोग होता है।